# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

बुधवार, 02 अप्रैल, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 88, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 1390 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में नये वित्त वर्ष के पहले दिन बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1390 अंक का गोता लगा गया। } 14

## विकसित भारत 2047 के लिए लचीले वित्तीय परिवेश तंत्र की आवश्यकता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आरबीआई की पिछले 90 वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा की मंगलवार को सराहना की और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है। } 14



### चतुर्थ-कूष्माण्डा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥

दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद हल्की हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्मद्वाण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है।

## आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाकर विनियामक ढांचे को लचीला बनायेगा

एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का मंगलवार को उल्लेख किया।

भारतीय रिजर्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि इसे एक उपलब्धि समझते हुए हम मानते हैं कि आरबीआई की भूमिका प्रारंभिक लक्ष्यों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित हुई है। उन्होंने कहा कि आज हम परंपरा व परिवर्तन के संगम पर खड़े हैं...जहां मूल्य स्थिरता, वित्तीय स्थिरता तथा आर्थिक वृद्धि की अनिवार्यताएं तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी, वैश्विक अनिश्चितताओं, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों और बढ़ती सार्वजनिक अपेक्षाओं के साथ जुड़ती हैं। गवर्नर ने कहा कि अगला दशक भारतीय अर्थव्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत और चिली व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू करने पर सहमत

### पीएम मोदी ने कहा कि आगामी दशक में समग्र सहयोग बढ़ाने के लिए कई नयी पहल की पहचान की गयी

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और चिली ने मंगलवार को व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर वार्ता शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक फॉन्ट ने व्यापार, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्यापक चर्चा की। लातिन अमेरिका में चिली को भारत का एक महत्वपूर्ण मित्र और साझेदार बताते हुए मोदी ने कहा कि आगामी दशक में समग्र सहयोग बढ़ाने के लिए कई नयी पहल की पहचान की गई है।

बोरिक, मंत्रियों, सांसदों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं। मोदी ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि भारत और चिली विश्व मानचित्र के अलग-अलग छोर पर स्थित हो सकते हैं, हमारे बीच विशाल महासागर हो सकते हैं, लेकिन प्रकृति ने हमें अद्वितीय समानताओं से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर की लहरें भारत में उसी ऊर्जा के साथ उत्पन्न होती हैं, जैसे प्रशांत महासागर की लहरें चिली के तटों को छूती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना,



नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में चिली के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम आपसी व्यापार और निवेश में वृद्धि का स्वागत करते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि इसमें आगे भी सहयोग की असीम संभावनाएं हैं। मोदी ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में भारत-चिली साझेदारी को मजबूत किया जाएगा तथा लचीली आपूर्ति और मूल्य श्रृंखलाएं स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में एक-दूसरे की क्षमताओं को मिलाकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहयोग किया जाएगा। मोदी ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हम एक-दूसरे की जरूरतों के मुताबिक इस क्षेत्र में रक्षा औद्योगिक विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि हम संगठित अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी, आतंकवाद जैसी आम चुनौतियों का सामना करने के लिए दोनों देशों की एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत और चिली इस बात पर सहमत हैं कि सभी तनावों और विवादों को बातचीत के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत और चिली इस बात पर एकमत हैं कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हमने दोनों देशों के बीच वीजा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर के दाम घटे

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों ने विमान ईंधन और वाणिज्यिक सिलेंडर के दाम में मंगलवार को कटौती की। एटीएफ के दाम में 6.1 प्रतिशत की बड़ी कटौती की गयी जबकि होटल और रेस्तरां में उपयोग किये जाने वाले 19 किलोग्राम के वाणिज्यिक सिलेंडर कीमत 41 रुपये घटाई गई है। सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा ईंधन कंपनियों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 5,870.54 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 6.15 प्रतिशत घटकर 89,441.18 रुपये प्रति किलोलीटर... शेष पृष्ठ 14 पर

## इजराइल ने दक्षिणी बेरूत पर किया हमला

बेरूत। इजराइली सेना ने सोमवार देर रात बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय क्षेत्र में एक इमारत पर हमला किया और कहा कि उसने इस हमले में हिज्बुल्ला के एक सदस्य को निशाना बनाया। यह हवाई हमला बिना किसी पूर्व चेतावनी के किया गया। इससे पहले, इजराइल ने शुक्रवार को भी लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमला किया था। शुक्रवार को किया गया हमला पिछले साल 27 नवंबर 2024 को इजराइल और हिजबुल्ला उग्रवादी समूह के बीच युद्ध विराम होने के बाद बेरूत पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा यूपी

### आठ वर्ष के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश बना दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश तेजी से आर्थिक प्रगति कर रहा है और यह 2030 तक राष्ट्रीय औसत के बराबर प्रति व्यक्ति आय के साथ देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आदित्यनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनके आठ साल के कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने पिछले कुछ दशक में राज्य के विकास की उपेक्षा करने के लिए पिछली सरकारों की आलोचना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भारत स्वतंत्र हुआ था, तब उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत के बराबर थी। वित्त वर्ष 2016-17 में यह घटकर राष्ट्रीय औसत की एक-तिहाई रह गई। हम इसे 2016-17 के स्तर से दोगुना करने में सफल हुए हैं। मेरा आकलन है कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। आदित्यनाथ ने कहा कि हमने एक



समयसीमा तय की है और जिस तरह से हम अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे हैं, हमें भरोसा है कि 2029-30 तक अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य है और यहां सबसे अधिक चुनौतियां भी हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियां की प्रकृति कृत्रिम अधिक थी। यह उन लोगों की गतिविधियों का परिणाम था जिन्होंने लंबे समय तक उत्तर प्रदेश पर शासन किया। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर यह राज्य हर क्षेत्र में पिछड़ा रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे शासन-प्रशासन का क्षेत्र हो, जरूरतमंदों के लिए कल्याणकारी योजनाएं हों, बुनियादी ढांचे का विकास हो, रोजगार सृजन हो, 2016 में स्थिति ऐसी थी कि राज्य की पहचान ही धूमिल हो गई थी। आदित्यनाथ ने कहा कि साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद आशा और उम्मीद की एक नई लहर आई थी। हालांकि, उन्होंने जो योजनाएं और पहल... शेष पृष्ठ 14 पर

## राजनीति मेरे लिए फुल टाइम जॉब नहीं, मैं असल में योगी हूं: मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य में उनके प्रधानमंत्री बन सकने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा है कि राजनीति उनके लिए फुल टाइम जॉब नहीं है और वह दिल से योगी हैं।

आदित्यनाथ ने कहा कि उनका प्राथमिक काम उत्तर प्रदेश के लोगों की सेवा करना है जो उनकी पार्टी ने उन्हें सौंपा है। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं और पार्टी ने मुझे राज्य के लोगों की सेवा करने के लिए यहां रखा है। आदित्यनाथ ने संभावित प्रधानमंत्री के रूप में उनके प्रति बढ़ते समर्थन के बारे में पूछे जाने पर कहा कि राजनीति मेरे लिए एक फुल टाइम जॉब नहीं है। इस समय मैं यहां काम कर रहा हूं लेकिन वास्तविकता में मैं हूं तो एक योगी ही। यह पूछे जाने पर कि उनकी राजनीति में कब तक बने रहने की योजना है, मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी भी एक समयसीमा होगी। यह पूछे जाने पर कि क्या उनके जवाब का मतलब यह है कि राजनीति उनके लिए फुल टाइम जॉब नहीं है, आदित्यनाथ ने दोहराया, हां मैं वही कह रहा हूं। धर्म और राजनीति के संबंध में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट... शेष पृष्ठ 14 पर

## पटाखा गोदाम में लगी आग 18 लोगों की मौत, पांच घायल



एजेंसी

पालनपुर (गुजरात)। गुजरात के बनासकांठा जिले में मंगलवार को एक पटाखा गोदाम में आग लगने और इमारत के कुछ हिस्से ढहने से 18 लोगों की जान चली गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सुबह करीब नौ बजकर 45 मिनट पर डीसा कस्बे के पास स्थित गोदाम में हुई।

पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि इस घटना में 18 लोगों की मौत हो गई तथा भीषण विस्फोट के बाद इमारत का स्लैब ढह जाने से पांच अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मृतक मध्य प्रदेश के मजदूर और उनके परिवार के सदस्य थे तथा उनमें से अधिकतर की मौत स्लैब गिरने से हुई। मकवाना ने बताया कि यह इकाई पटाखों के भंडारण के लिए थी और अभी तक इस बात का कोई सुराग नहीं मिला है कि वहां पटाखे बनाए जा रहे थे। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि यह एक फैक्टरी है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना पर दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों को चार लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। पटेल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "डीसा में एक पटाखा गोदाम में आग लगने और स्लैब गिरने से श्रमिकों की मौत की घटना दिल दहला देने वाली है। दुख की इस घड़ी में मृतकों के परिजनों... शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** सेवा और संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती, जगह–जगह लगाये गये भण्डारे

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 64वीं जयन्ती पर स्टार नाइट में झूमे बीबीडियन्स















विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के संस्थापक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं लखनऊ के मेयर रहे डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 64 वीं जयन्ती सोमवार को सेवा और संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती के अवसर पर देश की राजधानी नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के साथ-साथ पूरे प्रदेश के विभिन्न जिलों में राजनीतिज्ञों, शिक्षाविदों व खेल जगत से जुड़ी तमाम हस्तियों, बीबीडी परिवार के सभी सदस्यों ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर बीबीडी यूनिवर्सिटी के डॉ अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में स्टार नाइट का आयोजन किया गया, जिसमे युवा दिलों की धड़कन सचिन, जिगर एवं दिव्य कुमार, श्रद्धा मिश्रा की जोड़ी ने अपने मधुर आवाज से बीबीडियंस को झूमने पर मजबूर कर दिया।

जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि हमारा प्रयास है कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी के नाम को और अपने बाबा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबू बनारसी दास जी के नाम को लेकर आगे जाऊं। लखनऊ को शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में भारत ही नहीं विश्व में आगे ले जायें। इसके लिए बीबीडी ग्रुप के जरिए काम कर रहे हैं, जिसके लिए आप सबका हमें प्यार चाहिए। आप लोग हमसे जुड़े हैं, इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं। हमारे पिताजी का एक ही लक्ष्य था कि कैसे लखनऊ की जनता की सेवा करें, शिक्षा के क्षेत्र में, खेल के क्षेत्र में कैसे आगे ले जायें। उन्होंने बैडमिंटन अकादमी बनायी, हम उनकी प्रेरणा से डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन के माध्यम से काम कर रहे हैं और आप लोगों के प्यार से हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।

सोमवार की शाम को 55 पुराना किला में डॉ. अखिलेश दास फाउण्डेशन ने एक संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें प्रमुख रूप से बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, वाइस प्रेसीडेंट देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास, मुख्य अधिशासी निदेशक बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप आरके अग्रवाल सहित बीबीडी परिवार के तमाम सदस्य मौजूद रहे। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयन्ती के मौके पर दोपहर को मेडिकल कालेज चैराहे पर अनूप कनौजिया द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इसी प्रकार परिवर्तन चौक चौराहे पर कमल बाल्मीकि द्वारा भण्डारा, मुंशी पुलिया चौराहे पर स्पर्श दरबारी द्वारा विशाल भण्डारा, नीरा अस्पताल अलीगंज में महेश राठौर द्वारा मरीजों एवं तीमारदारों को भोजन एवं फल वितरण, संत मदर टेरेसा आश्रम सप्रू मार्ग हजरतगंज में जयश्री प्रिया गुप्ता द्वारा फल वितरण किया गया। लखनऊ के सिख समुदाय द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विराज सागर द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की गयी। उन्होंने कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता द्वारा शिक्षा और खेल के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किये गये हैं। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप को विश्वस्तरीय बनाने, निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा, समाज सेवा के क्षेत्र में उनका जो सपना था वह आज साकार हो रहा है। उनकी प्रेरणा से बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा लोगों के लिए चलाये जा रही ...शेष पृष्ठ 14 पर

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की जयंती







# बरेली में बनेगा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल : योगी

## एकदिवसीय दौरे पर बरेली पहुंचे सीएम योगी ने विकास भवन सभागार में अफसरों व जनप्रतिनिधियों के साथ की समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 300 बेड और मानसिक अस्पताल की खाली जमीन को मिलाकर एक सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें। इससे बरेली में एक मार्डन चिकित्सा सुविधा के लिए हॉस्पिटल का निर्माण कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह एक-एक टीबी मरीज को गोद लें। इससे जनजागरुकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पुराने मुकदमे-वाद समस्या का कारण बनते हैं।

- **मंडल-जिले के सभी कार्यालय एक छत के नीचे होंगे, टीबी रोगियों को गोद लें जनप्रतिनिधि**
- **पुराने वाद कानून व्यवस्था के लिये संकट, लंबित मामलों का शीघ्र करायें निस्तारण**

इनकी वजह से नये अपराध जन्म लेते हैं। इसलिये पुराने मुकदमों का शीघ्र निस्तारण कराया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरेली स्मार्ट सिटी है। अब मंडल और जिला स्तर के सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे हों। इसका प्रस्ताव तैयार कर व्यवस्था करायें। अपराध और ट्रैफिक नियंत्रण के लिये मुख्यमंत्री ने इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को प्रभावी बनाने और ई.रिक्शाध्टैक्सी का सत्यापन कराने के निर्देश दिये हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को विकास भवन सभागार में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल मण्डल की प्रगति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पीलीभीत में टाइगर रिजर्व में 25 किमी की फेंसिंग का कार्य पूरा हो गया है। 2022-24 तक मण्डल में 12 आकांक्षात्मक विकास खण्डों को भारत व राज्य सरकार द्वारा किसी न किसी मानक में पुरस्कृत किया गया है। बरेली में 18 खगोलीय विज्ञानशाला बनायी गयी हैं। शाहजहांपुर में 'गर्ल्स कैन डू' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संचारी रोग नियंत्रण में बरेली व पीलीभीत ने अच्छा कार्य किया है। कानून व्यवस्था को लेकर आईजी डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि परिवार परामर्श केन्द्र, ऑपरेशन कन्विक्शन, गैंगस्टर, एनडीपीएस, कबूतर बाजी (विदेश भेजे जाने के नाम पर ठगी), गोवध निवारण अधिनियम, ट्रैफिक मैनेजमेंट में रेंज पुलिस बेहतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि एक वर्ष के पुराने वाद कानून व्यवस्था के लिए संकट के कारण बनते हैं। अनावश्यक विवादों को जन्म देते हैं इसलिए लम्बित वादों का यथाशीघ्र निस्तारण करते हुए आम आदमी को न्याय प्रदान किया जाए। टीबी रोग उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने बरेली के जनप्रतिनिधियों से टीबी रोगियों को गोद लेने की जानकारी ली। उन्होंने समस्त जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे टीबी रोगियों को गोद लें और उनसे सम्पर्क कर नियमित जांच, पोषण पोटली प्राप्त हुई या नहीं आदि जानकारियों को लेने के साथ ही उनका मनोबल बढ़ाने का भी कार्य करें। इससे समाज में अच्छा संदेश जायेगा और रोगियों की मनोदशा भी बेहतर होगी।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बरेली कमिश्नरी हेडक्वार्टर है, यहां उपलब्ध सभी सरकारी भूमि का अभिलेख तैयार कराकर विकास प्राधिकरण को दिया जाये। मण्डल व जिले के सारे कार्यालय एक ही छत के नीचे बनाए जाएं। वकीलों के लिए चैम्बर व कैंटीन आदि साफ-सुथरे बनाए जाएं व एक अच्छा वातावरण लोगों को उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री को नाथ नगरी की प्रगति के बारे में बताया गया कि नाथ नगरी के चार द्वार पूर्ण करा लिए गए हैं। जिस पर मुख्यमंत्री ने मंदिरों के अंदर कराये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए कि ऋण स्वीकृति में देरी लगा रही हैं। बैंकों के स्थान पर अन्य बैंकों से पात्रों को ऋण मुहैया कराया जाए। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से यह योजना चल रही है। वह उद्देश्य पूरा हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। प्रत्येक आम जन को पीने का स्वच्छ जल मुहैया हो सके। जिससे वह बीमारियों से बच सके। कार्य के दौरान होने वाली रोड कटिंग को समय से ठीक कराया जाये। यदि ऐसा नहीं होता है तो कार्रवाई करने से चूके नहीं बल्कि कांट्रेक्टर को नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्ट किया जाए। उन्होंने अधिकारीगणों को निर्देश दिए कि हर घर जल पहुंच रहा है या नहीं, इसे चेक कराया जाए और जनप्रतिनिधियों को भी ले जाकर कार्य की वास्तविक स्थिति दिखायी जाए। मुख्यमंत्री ने गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गेहूं क्रय करने के लिए विकास खण्ड स्तरों पर कृषकों से समन्वय स्थापित करें। मण्डी में किसानों के बैठने, पीने के पानी, सस्ती कैंटीन की सुविधाएं मुहैया करायें। विकास परियोजनाओं को समयबद्ध रखे। इसके लिए नोडल अधिकारी बनायें, जो सप्ताह में एक से दो बार परियोजनाओं का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि कार्य गुणवत्तापरक व निर्धारित समय सीमा में हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राम सचिवालयों को मॉडल बनाया जाए, जहां से आम लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र (आयए जाति, मूल निवास) आदि की सुविधा मिल सके। जिन ग्राम सचिवालयों में अच्छा कार्य होगा वहां ग्राम उत्सव भवन भी बनेगा, जिसमें स्थानीय लोग अपने शादी-विवाह के कार्यक्रम सम्पन्न करा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने सेफ सिटी की समीक्षा करते हुए जानकारी ली कि आपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत कितने कैमरे लगाए गए हैं। जिस पर एडीजी रमित शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि डेढ़ लाख से अधिक कैमरे पूरे जोन में लगे हैं। इसके अतिरिक्त इंटीग्रेटेड कमाण्ड सेंटर से समन्वय कर भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीसीटीवी की अपराध अनावरण में महती भूमिका है। इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। अपराध रोकने की दृष्टि से ई-रिक्शा/टैक्सी आदि का वेरिफिकेशन कराया जाए। इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से अपराध कम करने और ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अपराध रोकने की दृष्टि से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फुट पैट्रोलिंग बढ़ाये जाने, बार्डर क्षेत्रों में पैट्रोलिंग किये जाने, तीनों नये कानूनों को प्रभावी ढ़ग से लागू किये जाने, धमार्तरण को रोकने की कार्यवाही किये जाने, सोशल मीडिया की निगरानी और उसका सकारात्मक उपयोग करने, थाना व तहसील स्तर पर शिकायत पेटिका लगवाने और उसके माध्यम से प्राप्त शिकायतों का तय समय सीमा में निस्तारण करने, शासन स्तर से जुड़े मामलों में पत्राचार करने में संकोच ना करने, इंटीग्रेटेड मुख्यालय की ओर बढ़ने और इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के सामने विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव भी रखे।

**सीएम ने किया गौशाला का निरीक्षण, गोवंशों को खिलाया चारा :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के नवाबगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अधकटा नजराना स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण किया। सीएम योगी ने यहां रह रहे गोवंशों के रख-रखाव और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। गौशाला पहुंचकर मुख्यमंत्री ने गोवंशों को चारा खिलाया और गोवंशों के लिए दी जा रही सुविधाओं के विस्तार एवं व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

**आईएमए पदधिकारियों ने की सीएम योगी से मुलाकात :** आईएमए के पदधिकारियों ने सीएम योगी से मुलाकात की। इस दौरान डॉक्टरों ने आयुष्मान योजना के बकाया भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया, जिससे निजी अस्पतालों को वित्तीय राहत मिलने लगी है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान डॉ. आरके सिंह ने संगमरमर की एक शिव प्रतिमा भेंट की। मुलाकात में आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल, डॉ. रविश अग्रवाल, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी और डॉ. प्रमेन्द्र महेश्वरी शामिल रहे।

# समाधान भी होगा, सुविधाएं भी मिलेंगी : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने कैम्प कार्यालय पर सोमवार को आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास

- **जन समस्याओं के समाधान के लिए तय की जाये जवाबदेही**
- **उप मुख्यमंत्री ने लगाया जनता दर्शन कार्यक्रम**

दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाये और समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। उन्होंने निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाये और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाये।



उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि परेशान न हो, समस्याओं का समाधान भी होगा, सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाएं भी मिलेंगी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाये कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक-एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना। जनता दर्शन मे 2 दर्जन से अधिक जिलों से लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

# नया टैरिफ लागू होने पर विभाग को फायदा, उपभोक्ता को होगा नुकसान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से जब जारी हो गयी अधिसूचना और प्रस्तावित विनियमावली में निजीकरण हुआ खारिज तो ऐसे में अधिसूचना जारी होने के बाद निजीकरण पर उत्तर प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन क्यों नहीं लगा रही रोक क्या कानून के बाहर जाकर मनमाने तरीके से करना है निजीकरण। बहुवर्षीय वितरण टैरिफ विनियमावली 2025 जो अगले 5 वर्षों तक वर्ष 2029 तक लागू रहेगी मगंलवार से पूरे उत्तर प्रदेश में लागू हो गई है।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से विद्युत नियामक आयोग के अनुशंसा पर अधिसूचना भी जारी कर दी गई इस बार की विनियमावली में जिस प्रकार से केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए रूल के तहत बदलाव किया गया है उससे प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बड़ा नुकसान होगा यह भी कहना उचित होगा कि आने वाले निजी घरानो के लिए नया रास्ता खोला गया है की हर हाल में उन्हें फायदा हो लेकिन उपभोक्ता परिषद कामयाब नहीं होने देगा यह कितने दुर्भाग्य की बात है कि उपभोक्ता परिषद लगातार लड़ाई लड़के बिजली दरों में बढ़ोतरी 5 सालों तक नहीं होने दिया तो अब उपभोक्ता परिषद से घबराकर बिजली कंपनियों ने विद्युत नियामक आयोग से पूरी विनियमावली के मानक ही बदलवा दिए यह कोई पूछने वाला नहीं है कि पहले भी विद्युत नियामक आयोग ने जो मानक बनाए थे उसमें बदलाव क्यों किए गए वह भी एक आयोग था लेकिन निजी घराने के दबाव में सब चुप है यह एक तरह से निजी गानों के लिए रेड कॉर्पोरेट बिछाने जैसा है। उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से जब सूचना जारी हो गई और प्रस्तावित विनियमावली में निजीकरण बाहर कर दिया गया ऐसे में वर्तमान में निजीकरण क्यों किया जा रहा है इस पर ना तो सरकार पूछने वाली है और ना ही ऊर्जा मंत्री कुछ बोलने वाले हैं क्योंकि या निजी घरानो का मामला है।



उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वर्तमान में जो 2025-26 का वार्षिक राजस्व आवश्यकता बिजली कंपनियों के तरफ से विद्युत नियामक आयोग में दाखिल किया गया है वह लगभग 1 लाख 1000 करोड़ का है और 70हजार करोड़ की बिजली खरीद प्रस्तावित है वितरण हानियां आरडीएसएस अनुमान के तहत 13.82 प्रतिशत प्रस्तावित है वहीं परिचालन एवं अनुरक्षण खर्च मरम्मत एवं रखरखाव खर्च सहित प्रशासनिक एवं सामान्य व्यय के मद में बिजली कंपनियों की तरफ से लगभग 11800 करोड़ प्रस्तावित किया गया है। वर्ष 2025-26 में केवल अनुरक्षण एवं परिचालक सहित मरम्मत और रखरखाव व प्रशासनिक और सामान्य व्यय में जो लगभग 11800 करोड़ प्रस्तावित किया गया है उसमें पूर्व की विनियमावली के तहत लगभग 4500 की कटौती हो जाती लेकिन अब जो मानक बना है उससे 2000 करोड़ से ज्यादा कटौती नहीं हो पाएगी वर्ष 2024 -25 में विद्युत नियामक आयोग ने बिजली कंपनियों द्वारा जो इस मद में लगभग 10789 करोड़ प्रस्तावित किया गया था उसमें केवल 6478 करोड़ ही पास किया था लगभग 4300 करोड़ की कटौती हुई थी इसी प्रकार से वर्ष 2023 -24 की टैरिफ आदेश पर ध्यान दें तो विद्युत नियामक आयोग ने 10.67प्रतिशत वितरण हानियां पर बिजली दर जारी किया था लेकिन विद्युत नियामक आयत ने वर्ष 2024- 25 में आरडीएसएस की वितरण हानियों को अनुमोदित करते हुए 13.09 प्रतिसत वितरण हानियां पर बिजली दर जारी किया था और इस बार पावर कारपोरेशन ने वितरण हानियां 13.82 प्रस्तावित किया है।

# सभी मिलकर हरायेंगे डेंगू और मलेरिया को : ब्रजेश पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डेंगू-मलेरिया व मच्छर जनित अन्य बीमारियों को हम मिलकर हराएंगे। संयुक्त प्रयास से इन बीमारियों पर काबू पाएंगे। वर्ष 2017 से पहले स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति थी,

- **डिप्टी सीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया**
- **2554 नई एंबुलेंस आमजन को कीं समर्पित**
- **बोले, संयुक्त प्रयास से बीमारियों पर काबू पायेंगे**
- **2107 के बाद बदला स्वास्थ्य विभाग का स्वरूप, मिल रहा बेहतर इलाज**

यह किसी से छिपी नहीं है। आज हम आमजन को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। यह कहना है प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। उन्होंने मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ किया।

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (इंदिरा नगर) में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ एवं नई एंबुलेंसों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। डेंगू, मलेरिया, जैपनीज इंसेफेलाइटिस, दिमागी बुखार जैसे रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार द्वारा यह विशेष अभियान आयोजित किया जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि स्वास्थ्य विभाग सहित 13 विभागों द्वारा संयुक्त रूप से यह अभियान संचालित होता है। इस अभियान के चलते पूर्वांचल में दिमागी बुखार के अभिशाप से मुक्ति मिली एवं प्रदेश में अन्य संचारी रोगों पर भी रोकथाम हुई। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड के माध्यम से जो



2554 नई एंबुलेंस खरीदी गई हैं, यह विश्व में सबसे बड़ा एंबुलेंस क्रय है। सरकार की एंबुलेंस सेवा के माध्यम से प्रदेश में औसतन रोजाना 16,703 मरीजों को सहायता प्रदान की जा रही है। गर्भवती महिलाओं, शिशुओं और पांच साल तक के बच्चों को मुफ्त में एंबुलेंस सेवा प्रदान की जाती है।

**30 अप्रैल तक चलेगा विशेष अभियान :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि आज से (एक अप्रैल से 30 अप्रैल) एक माह तक विशेष संचारी रोग अभियान का प्रथम चरण एवं दस अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलने वाले दस्तक अभियान की शुरूआत हुई है। वर्ष 2017 की तुलना में एईएस (एक्यूट एन्सेफलाइटिस सिंड्रोम) रोगियों की मृत्यु दर में 98 प्रतिशत एवं जेई यानि जापानी इंसेफेलाइटिस के रोगियों की मृत्यु दर में 97 प्रतिशत की कमी आई है। 2017 के बाद से स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार के चलते डेंगू रोग से मृत्यु दर 0.91 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 0.06 हुई है। डेंगू रोग की मृत्यु दर में भी 93 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं, मलेरिया रोग के कुल केसेज में 58 फीसदी की कमी आई है। मलेरिया जांचों में 6.12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

**एंबुलेंस का औसतन रिस्पांस टाइम घटा :** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि वर्ष 2017 से पूर्व 108 एंबुलेंस का औसतन रिस्पांस टाइम 16.40 मिनट था, जो अब घटकर वर्तमान में 7.7 मिनट हो गया है। वहीं, वर्ष 2017 में 102 एंबुलेंस का औसतन रिस्पांस टाइम 9.5 मिनट था, जो अब घटकर वर्तमान में 6.25 मिनट हो गया। एंबुलेंस के सबसे कम रिस्पांस टाइम में यूपी देश में पहले नंबर पर है। इससे लाखों मरीजों की जान बचाई गई है।

**इनकी रही उपस्थिति :** कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा एवं सदस्य विधान परिषद संतोष सिंह, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, सदस्य विधान परिषद रामचंद्र प्रधान, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, विधायक लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र नीरज बोरा, विधायक लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र ओपी श्रीवास्तव, सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण रितु महेश्वरी, मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. पिंकी जोएल, डीजी हेल्थ डॉ. रतन पाल सिंह सुमन, महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. पवन कुमार अरुण, अपर निदेशक लखनऊ डॉ. जीपी गुप्ता, सीएमओ लखनऊ डॉ. एनबी सिंह व अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# चित्रकूट में इको टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए चित्रकूट के रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने के लिए 13.68 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाना और चित्रकूट को एक विश्वस्तरीय इको टूरिज्म गंतव्य के रूप में विकसित करना है।

- **रानीपुर टाइगर रिजर्व के पास 13.68 करोड़ की परियोजना : जयवीर सिंह**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि चित्रकूट केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता से भरपूर एक अनूठा स्थान है। यहां आने वाले पर्यटक अध्यात्म और प्रकृति दोनों का भरपूर आनंद ले सकते हैं। रानीपुर टाइगर रिजर्व इस क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण है, जहां सरकार अत्याधुनिक सुविधाओं का विकास कर रही है। इसके तहत पर्यटकों के लिए आरामदायक और आधुनिक सुविधाओं से लैस काटजेज और अन्य संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के तहत कई महत्वपूर्ण ढांचागत विकास कार्य किए जाएंगे, जिनमें ओपन पब्लिक एरिया, योग एवं ध्यान केंद्र, दो सेंटर रूम, विभिन्न प्रकार के कोटेजेज, प्रशासनिक भवन, कार्यालय, क्लॉक रूम, पुरुष एवं महिला शौचालय ब्लॉक, बहुउद्देश्यीय हॉल, पार्टी लॉन, रसोई और रेस्तरां शामिल हैं। इसके अलावा, सेवा कक्ष, कवर्ड रूम, बाउंड्री वॉल, प्रवेश द्वार, हरित मार्ग सहित अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। सरकार का उद्देश्य चित्रकूट को इको टूरिज्म का प्रमुख केंद्र बनाना है, जिससे पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके।

संक्षेप

## 13 के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा

प्रतापगढ़। एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत जिले भर में पुलिस ने तेरह आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। इनमें से लालगंज पुलिस ने सात तथा लीलापुर पुलिस ने चार व उदयपुर पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों के विरूद्ध अलग अलग गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे जोधा निवासी रमाकांत यादव पुत्र रामअधार ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस मार्च को शाम साढे सात बजे विपक्षी उसके दरवाजे पर आ धमके। विपक्षियों हरिशंकर उर्फ तूफान पुत्र गौरीशंकर, सुधा तथा सुमन व हरिशंकर की मां गालीगलौज करने लगी। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपियों ने उसकी दीवार गिरा दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सोमवार की रात हरिशंकर समेत चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## जबरिया दीवार ढ़हाने का आरोप, सीओ को दी गई तहरीर

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा निर्माण कार्य मे तोडफोड तथा गालीगलौज को लेकर पीड़ित ने सीओ को शिकायती पत्र दिया है। लालगंज कोतवाली के मधुकरपुर निवासी राजनाथ शर्मा पुत्र रघुनंदन प्रसाद ने सीओ को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि पहली अप्रैल को दिन में एक बजे विपक्षियों ने उसकी चहरदीवारी व पिलर में तोडफोड की। मना करने पर आरोपियो ने गाली देते हुए मारपीट का प्रयास किया। शोरगुल सुनकर गांव के लोग दौड़े तब विपक्षी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने कार्रवाई नही की तो पीड़ित ने सीओ रामसूरत सोनकर को शिकायती पत्र दिया है।

## स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाये कर्मी : एडीओ

बांसी सिद्धार्थनगर । बीडीओ मिठवल सौरभ पाण्डेय के दिए गए निर्देश के अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील एडीओ पंचायत ओम प्रकाश चौधरी ने मिठवल ब्लाक के सम्बंधित सफाई कर्मियों को ग्राम पंचायतों के साफ सफाई स्वच्छता हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए, एडीओ पंचायत ने शासन की मंशा अनुरूप जनहित में ग्रामो के नालियों सड़कों आदि स्थानों पर गन्दगी को साफ सफाई कर ग्रामीण जनता को गन्दगी मुक्त कर ग्रामों को स्वच्छ भारत मिशन की सार्थकता को धरातल पर सफल बनायें जाने के निर्देश दिए गए । प्राप्त खबर के अनुसार इस दौरान एडीओ पंचायत ओम प्रकाश चौधरी ने कई ग्राम पंचायतों के साफ सफाई स्वच्छता की जमीन हकीकत जानने के लिए ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर हाल जाना गया, एडीओ पं0 के दौरान निरीक्षण ग्राम पंचायतों में साफ सफाई संतोष जनक पाया गया।

## सकुशल मनाई गई ईद

प्रतापगढ़। लालगंज क्षेत्र में ईद का त्यौहार हंसी-खुशी मनाया गया। बाजार में ईद के त्यौहार पर चांदतारा मस्जिद के पास हुए कार्यक्रम में हिन्दुओं की ओर से भी मुबारकबाद कौमी एकता की रंगत लिये दिखा। वहीं घर घर देर शाम तक सेंवई की मिठास में मुबारकबाद का जोश भी देखा गया। सुबह अकीदतमंद इलाके के विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में जमा हुए। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद सौंपी। लालगंज टाउन एरिया क्षेत्र में नगर पंचायत की ओर से ईदगाहों व मस्जिदों पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी के संयोजन में लगे पाण्डालों में मिठाई व पीने के पानी का सराहनीय बंदोबस्त भी दिखा। इधर ईद को लेकर प्रशासनिक अमला भी मस्जिदों व ईदगाहों के साथ चौक तिराहे पर मुस्तैद नजर आया। वहीं एसडीएम नैंनसी सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने भ्रमण कर प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर मशक्कत करते दिखे। कस्बे तथा ग्रामीण इलाके में ईद का जश्न देर शाम तक जारी देखा गया।

# प्रशासनिक उपेक्षा की भेंट चढ़ी अलखी की गौशाला

बी. एस. परिहार



- सीएम से इमदाद का पुकार लगा रहा अलखी
- बेमिसाल है गोवंशों के प्रति अलखी का त्याग और समर्पण

**बलरामपुर।** जिन गोवंशों के संरक्षण के लिए भाजपा खासकर योगी आदित्यनाथ नें गो संरक्षण को लेकर सांसद से सड़क तक आवाज बुलंद कर जन मानस को जगा दिया।संसद में गो बध अधिनियम पारित कराया। आज वहीं विपक्ष छुट्टा जानवरों को लेकर भाजपा और योगी सरकार पर हमलावर है। प्रदेश में भाजपा की योगी सरकार सत्ता सीन होते ही किसानों के मुसीबत बने छुट्टा गोवंशों के लिए कमोवेश हर ग्राम सभा स्तर पर अस्थाई अस्थाई गोवंशों के लिए आश्रय गो शालाऐं बनाए गए। गोवंशों के लिए सरकारी खजाने का मुंह खोल दियागया। लेकिन इन बहुधा गोवंश केन्द्रो की बदहाली किसी से छुपी नहीं। गोवंशों के हिस्से का सरकारी इमदाद जिम्मेदार निर्भय होकर गटक रहे हैं। भूखे पेट गो वंश रम्बा रहीं है। वहीं इससे इतर जिले के सरकारी हुक्मरानों के नाइंसाफी के जद में जूझ रहे सरकारी इमदाद विहीन अलखी का गो संरक्षण मिशालों में बेमिसाल है।जो प्रदेश के यसश्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ के सपनों को परवान चढ़ा रही है अलखी का गो संरक्षण शाला।

अलखी जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड गैसड़ीअंतर्गत सदवा पुर के निवासी हैं। बात तीस- चालीस साल पहले की है, जब हरि राम को बाल्या अवस्था में गो संरक्षण का जज्बा सवार हुआ। उन दिनों का दौर ही दूसरे हिसाब का था। पूरे क्षेत्र में गो शालाओं का कोई नामों निसान नहीं। दुधारू पशु लोग शौक के लिए सीमित संख्या में पालते थे। दूध व्यवसाय के लिए नहीं। वह भी भैस पहली प्रसंद। गाय जिस घर में बछड़े का जन्म देती थी। उस घर में पुत्र रत्न प्राप्ति सारीखा कौतुहल होता था। कारण किसानों का कृषि कार्य बैलों पर निर्भर रहता था। महगें दामों पर बैलों की जोड़ी तैयार होती थी। हरि राम ने एक देसी गाय पालन किया। महज एक गाय से उसका कुनबा सैकड़ो संख्या पार कर गई। गो सेवारत में लोगों नें हरि राम को अलखी नाम का सम्बोधन दिया। अब हरि राम कि पहचान अलखी के रूप बन गई है। गो वंशो के सेवा में अलखी का बचपना खपा, जवानी बीत गई, बुढ़ापे का तिहाई वक्त गुजर गया।

### घोर संकटों से अलखी संग जूझते गोवंश

कई दशकों सेअलखी भोज पुर पम्प कैनाल के पटरी के नीचे अव्यवस्थित भूमि पर गो बंशो का पालन एवं संरक्षण करता है। जो किसी जुगत से बांस बल्ली के सहारे गो बंश आशियाना बना रखा है। छत की जगह पोलोथिन का छाजन कर रखा है। आर्थिक विपन्नता के कारण कई वर्षो तक मरम्मत के आभाव में जर्जर के अवस्था में रहता है। खुले हार में कड़ाके की ठंढ़, छक्का छुड़ाने वाली जेठ की तपती दोपहरी, वर्षा काल के झमा झम वारिश, पानी के झोंके अलखी और उनके गो बंशो पर मुसीबत का कहर बनकर टूटते हैं। हमारे सरकारी हुक्मरान वर्षा काल में अल्खी और उनके द्वारा संरक्षित गोवंशों के खाली पेट रँभाने से अनजान हैं ।जनपद में हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका से समूचा जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। किसानों की खेती तबाह होती है। गरीबों के सामने नाना प्रकार के संकट पैदा होते है ।चारों तरफ जल तांडव होता है ।लोग घरों से निकलने के लिए नाव के आश्रित होते हैं ।इसी जल प्लावन की चपेट में आते है अलखी के वंश। गोवंशों की जान तो बच जाते लेकिन घास भूसे के अभाव में वह रँभाती रहती है ।अल्खी इन बेजुबान गोवंशों के खाली पेट के आगे बेबस और लाचार हो जाते हैं ।सरकार गौशालाओं पर दिल खोल कर प्रतिमाह भारी भरकम धनराशि खर्च कर रही है । वही अल्खी के गोवंशों के लिए एक मुट्ठी भूसा भी मयस्सर नहीं हो पाती है । बेजुबान जानवरों के सामने चारे की भीषण समस्या पैदा हो जाती है ।

### अलखी तीन वर्षों की सीए रिपोर्ट बनवाये : सीवीओ

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी श्याम नगीना कहते है कि अलखी से कहो कि वह अपने गो शाला का तीन महीने का ऑडिट सी. ए. रिपोर्ट हमको दे दे फिर उसका गो शाला रजिस्टर्ड करा देंगे। उन्होंने राम दीन के गो शाला का रजिस्टेशन कराये है। यह सीवीओ. के लिए सरकारी लक्षमण रेखा है। लेकिन बात तो फिर वही ढाक के तीन पात। अलखी मुफलिसी के आगे इतना लाचार बेजार है कि वह गो बंशो के लिए एक कुंतल भूसा खरीदने के लिए असहाय है तो तीन साल का किस खर्चे का ऑडिट रिपोर्ट तैयार कराये।और कोई अधिकारी इस मामले में जुबान खोलने को तैयार नहीं।

### 70 वर्षीय अल्खी 35 वर्षों से कर रहा अनवरत गोवंशों की सेवा



70 वर्षीय अल्खी तकरीबन 35 वर्षों से अनवरत गोवंशों की निस्वार्थ भाव से सेवा करता आ रहा है। भोजपुर पंप कैनाल पर सदवापुर गांव से कुछ दूर निर्जन स्थान पर अपना एक अस्थाई गौशाला बना रखा है। जो बाँस बल्ली पॉलिथीन से निर्मित और जर्जर है। अल्खी की गौशाला की खास बात यह है कि ना तो उसने आज तक किसी गोवंश को बेचा और ना ही उपयोग हीन हुए गोवंशीय पशुओं का परित्याग ही किया। सभी गोवंशीय पशुओं की ठीक प्रकार से देखभाल करता रहा है ।जिस प्रकार लोग दुधारू पशुओं की देखभाल करते हैं ।यही नहीं वछड़ों को भी पूरा प्रशय अल्खी की गौशाला में मिल रहा है ।गांव वाले कभी-कभी 10, 5 गो वंशों को अल्खी के चोरी छुपे दूर छोड़ आए ।साल में दस पाँच भूख और कुपोषण बीमारी में अलबत्ता मर जाते हैं। अल्खी के गोवंशों को कभी एक मुट्ठी भूसे की इमदाद भी सरकार तथा जिला प्रशासन से नहीं मिल पाई ।इन सभी गोवंशों की जिंदगी चरने पर ही निर्भर है। बाढ़ तथा वैशाख जेठ में घास नहीं होती है तो उनका जीवन खतरे में पड़ जाता हैं। गर्मी में तपन उमस की पराकाष्ठा होती है तो भी अल्खी इन्हीं गोवंशों के समूह में रात बिताता है ।अल्खी गर्मी में एक धोती चादर में आधे भाग को बिस्तर बनाता है तो आधा ओढ़ता है इस प्रकार वर्षा ऋतु में खुले आसमान में झमाझम बारिश में पॉलिथीन के टुकड़ों को जोड़कर चादर के रूप में इस्तेमाल करता है ।जहरीले कीड़ों से जीवन की रक्षा सिर्फ ऊपर वाले के जिम्में होता है ।विडंबना देखिए जबकि सरकार। स्वयं द्वारा संचालित गौशालाओं के संचालन पर अत्यधिक धन खर्च करती है ।वहीं दूसरी तरफ छुट्टा गोवंशों को संरक्षण दे रहे अल्खी का त्याग और समर्पण पूरी तरह से सरकारी तंत्रों की नजरों से ओझल है ।अल्खी एक विलक्षण पशु प्रेमी है ।उसका त्याग और समर्पण एक अद्वितीय मिशाल है ।अल्खी बताते हैं की बारिश हवा में उसका अस्थाई गौशाला ध्वस्त हो जाता है ।

## अयोध्या समस्त तीर्थस्थलों का मस्तिष्क है : स्वामी सम्पूणार्नंद जी



प्रतापगढ़। गौखाड़ी डगरारा में प्रभु प्रेम आश्रम महादेव धाम में हो रही श्रीराम कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को स्वामी सम्पूणार्नंद जी महराज ने कहा कि अयोध्या समस्त तीर्थस्थलियों की मस्तक है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम को अयोध्या का हर वासी इसलिए सदैव प्रिय रहा क्योंकि अयोध्या राज्य नीति और धर्म की मयार्दा का प्रतीक है। स्वामी सम्पूणार्नंद जी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने मां कौशिल्या की प्रथम वंदना भी इसलिए किया क्योंकि मां कौशिल्या सूर्य का प्रतिनिधित्व किया करती हैं। उन्होने बताया कि लक्ष्मण जी तथा भरत व शत्रुघ्न ने प्रभु श्रीराम की इच्छाओं का सदैव आदर करते हुए रामराज्य की परिकल्पना को साकार बनाया। उन्होनें कहा कि ज्ञान का कभी जीवन में अभिमान नहीं होना चाहिए। इस मौके पर आचार्य धीरेन्द्रपाल त्रिपाठी, पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विपिन पाण्डेय, रवीन्द्र गुप्ता, रामजी जायसवाल, बृजेश सिंह, पप्पू तिवारी, आचार्य हरिशंकर मिश्र, उमेशपाल मिश्र, कमलाकांत पाण्डेय, लालजी गुप्ता, कलेश्वर सिंह, चंद्रधर ओझा, पप्पू सिंह, हरेन्द्र सिंह, आलोक सिंह, हरिशरण सिंह आदि रहे।

## अन्तःकरण की शुद्धता के लिए प्रभु की आराधना जरूरीः शांडिल्य जी



प्रतापगढ़। सांगीपुर के जूही शुकुलपुर गांव में हो रही श्रीमदभागवत कथा में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य सुभाष शांडिल्य जी ने कहा कि श्रीमदभागवत मानव जीवन में अन्तःकरण की शुद्धता प्रदान किया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी समस्त लीलाओं में संसार को मानवता के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा दी है। उन्होनें भक्त प्रहलाद, ध्रुव व अजामिल तथा भगवान नरसिंह से जुड़े प्रसंगों की मार्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि निष्ठा से ईश्वर के प्रति समर्पण ही भक्ति है। उन्होनें कहा कि जब जब धरती पर अधर्मियों का अत्याचार बढ़ा तब तब श्रीहरि ने धरा पर अवतार लेकर भक्ति और धर्म की रक्षा की। उन्होनें कहा कि सदाचारी मनुष्य को ईश्वर की कृपा अनवरत प्राप्त हुआ करती है। कथा के दौरान भजन व संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को आस्था के गोते लगाते देखा गया। कथा के संयोजक सतीशचंद्र शुक्ल व मनीष कुमार शुक्ल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर फूलचंद्र पाण्डेय, स्वामीनाथ पाण्डेय, अवधेश शुक्ल, सुरेश मिश्र, राजू पयासी, गौतम मिश्र, रामचंद्र पाण्डेय आदि रहे।

## भगवान की कृपा के लिए सत्कर्म सबसे बड़ी साधनाः संजय कृष्ण जी

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर क्षेत्र के रामपुर भेड़ियानी में हो रही नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा में कथाव्यास पं. संजय कृष्ण जी महराज ने कहा कि श्रीराम नाम ही संसार में अयोध्या का दर्पण है। उन्होनें कहा कि अयोध्या प्रभु श्रीराम के नाम मात्र के अलंकरण से लोक मयार्दा का आज भी प्रतिबिम्ब है। उन्होनें कहा कि श्रीराम के बिना अयोध्या प्राणहीन है। वन गमन के समय उन्होने भगवान श्रीराम के चित्रकूट में ठहरने का भी कथाव्यास ने मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथाव्यास संजय कृष्ण जी ने कहा कि भगवान की कृपा का आधार मात्र जीवन का सत्कर्म हुआ करता है। उन्होनें कहा कि भगवान का स्मरण करते समय भक्त को अपना ध्यान सदगुणों की तरफ लगाए रखना चाहिए। कथाव्यास ने बताया कि श्रीराम सर्वत्र हैं, जहां नीति है, चरित्र है, नैतिकता है, वहीं स्थल तथा जीव भगवान को प्रिय है। भजन गायक पं. सतीशचंद्र पाण्डेय के भजन को सुनकर वातावरण राममय हो उठा दिखा। कथा के संयोजक श्यामशंकर पाण्डेय ने मानव कल्याण सेवा संस्थान की ओर से कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव नारायण पाण्डेय ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर भाजपा नेता शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, अशोक मिश्र, प्रमोद सिंह, जय भगवान पाण्डेय, हौसिला प्रसाद ओझा, अशोक ओझा, रामलखन मिश्र, शिव त्रिपुरारि पाण्डेय, मुरलीधर उपाध्याय, अशोक तिवारी आदि रहे।

# नेपाल और म्यांमार के राजनयिकों ने की श्रावस्ती में विश्व शांति की प्रार्थना

जिला संवाददाता (vol)



श्रावस्ती। नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा और म्यांमार की दूतावास मंत्री थिन प्यंत थिडा क्याव अपने दो दिवसीय दौरे पर श्रावस्ती पहुंचे। यहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने बौद्ध धर्म के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया और त्रिपिटक जप एवं धम्म यात्रा में भाग लिया। विदेशी राजनयिक बलरामपुर में आयोजित तीसरे अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक जप और धम्म यात्रा में शामिल हुए। इसके तहत वे महेठ पहुंचे, जहां बौद्ध भिक्षुओं के साथ अंगुलिमाल स्तूप पर पूजा-अर्चना कर विश्व शांति की कामना की। इस दौरान श्रद्धा लोक महाथेरो ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि बौद्ध संस्कृति का संपूर्ण विश्व में विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती एक पवित्र भूमि है, जहां आने से श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आयोजन समिति के प्रमुख पटेल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार, धम्म यात्रा को बढ़ावा देने और विभिन्न देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि इस यात्रा में बड़ी संख्या में बौद्ध अनुयायियों ने भाग लिया, जिससे भारत में बौद्ध पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ के निदेशक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बौद्ध संस्कृति का महत्व केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में है। यही कारण है कि विभिन्न देशों से बौद्ध अनुयायी भारत आते हैं और बौद्ध इतिहास की जानकारी प्राप्त करते हैं।

इस दौरान नेपाल और म्यांमार के राजनयिकों ने श्रावस्ती के ऐतिहासिक स्थलों का भी भ्रमण किया। उन्होंने वर्मा मंदिर, लंका मंदिर, कच्ची कुटी और पक्की कुटी का दौरा कर वहां के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी इकौना ओमप्रकाश, क्षेत्राधिकारी सतीश कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी, एसओ योगेश कुमार सिंह, प्रवीण बौद्ध सहित कई अधिकारी, बौद्ध भिक्षु और श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रावस्ती में इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय आयोजन से बौद्ध धर्म के अनुयायियों को एक नई दिशा मिलेगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## डायल 112 ने कटरा श्रावस्ती में चलाया जागरूकता अभियान



श्रावस्ती। जिले के कटरा बाईपास चौराहे पर डायल 112 पुलिस कर्मियों ने सेवा, सुरक्षा और सुशासन के तहत जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को आपातकालीन स्थितियों में डायल 112 की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने बताया कि आग लगने, गैस रिसाव, रासायनिक हादसे या इमारत में फंसे लोगों की मदद के लिए डायल 112 कैसे सहायता कर सकता है। इसके अलावा, घायलों की मदद और चिकित्सा आपातकाल के दौरान एंबुलेंस सेवा की उपलब्धता के बारे में भी बताया गया। प्राकृतिक आपदाओं के समय सहायता प्राप्त करने के लिए भी डायल 112 की उपयोगिता पर जोर दिया गया। साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को 1930 साइबर हेल्पलाइन और 112 पर कॉल करने की सलाह दी गई। ऑनलाइन ठगी, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया से जुड़ी साइबर क्राइम और अज्ञात ईमेल से होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। यह पूरी जानकारी टेलीविजन स्क्रीन के माध्यम से भी लोगों को दिखाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## डीएम- एसपी ने किया हेलीपैड कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। मुख्यमंत्री के जनपद में गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली स्कूल भारतभारी में संभावित भ्रमण कार्यक्रम की दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक महाजन ने विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, व पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल, पार्किंग स्थल , इंट्री प्वाइंट आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बांसी को हेलीपैड का समय से निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। वीआईपी वाहनों/ अन्य वाहनों के लिए पार्किंग स्थल को देखा गया। पार्किंग स्थल का बैरिकेटिंग कराने का भी निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी डुमरियागंज, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज व अन्य संबंधित को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा कर अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया।

## ईद मोहब्बत का बेमिसाल पैगाम : प्रमोद तिवारी



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ईद उल फितर के त्यौहार पर ईदगाहों तथा जलसों में पहुंचकर लोगों को स्वयं तथा इलाकाई विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मुबारकबाद सौंपी। सुबह से देर शाम तक रामपुरखास के विभिन्न गांवों व कस्बों में पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईद के त्यौहार में हम सभी एक साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर मुल्क की हिफाजत तथा तरक्की व खूबसूरती के लिए एकजुटता का शानदार नजारा पेश किया करते हैं। उन्होनें कहा कि ईद के दिन हिन्दुस्तानी तहजीब में सामूहिकता का जो रंग खिला करता है, उससे पूरी दुनिया में हमारी कौमी एकता को नई चमक मिला करती है। उन्होनें कहा कि खुशी और दुआ साझा करते हुए इस त्यौहार पर इंसानियत को मजबूती मिला करती है।

उन्होनें कहा कि रामपुरखास में आपसी भाईचारा की मजबूती क्षेत्र को तरक्की के साथ खुशहाली की ओर लगातार आगे बढ़ाए हुए है। उन्होनें कहा कि ईद का सच्चा पैगाम यह है कि हम सभी मिलकर जरूरतमंद की मदद करते हुए उनके हक और इंसाफ के लिए संघर्ष को भी मजबूत बनायें। उन्होनें कहा कि ईद उल फितर सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकता के लिए देश के त्यौहारों में एक खास चमकीला रंग गाढ़ा किया करता है। खानापटटी में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने हर साल की तरह इस बार भी ईद की खुशी में बच्चों को अपनी तरफ से आइसक्रीम भी खिलवाई। जश्न ए ईद पर ईदगाहों के समीप बने पाण्डालों व जलसों में मौलानाओं ने भी प्रमोद तिवारी को गुलाब के फूल तथा इत्र व खजूर भेंट किया। वहीं इलाकाई गुलशन को सजा संवार कर बनाए रखने के लिए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी को शाल भेंटकर सम्मानित भी किया गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने लालगंज टाउन एरिया के अझारा तथा खालसा सादात में भी लोगों को ईद पर गले लगाकर मुबारकबाद दी। वहीं सांगीपुर क्षेत्र के दीवानगंज, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, करीमनपुर, नसीरपुर, रेहुआ लालगंज, राहाटीकर व रामपुर इलाके में जलेशरगंज तथा रामपुर बावली में भी लोगों को खुशनुमा त्यौहार पर गले लगाा।

## स्कूल चलो अभियान और विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ



सिद्धार्थनगर ।मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद बरेली से स्कूल चलों अभियान एवं विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। जिसका लाइव प्रसारण कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, व जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, व मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कला भवन में देखा गया। इस अवसर पर विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जनप्रतिनिधियो एवं अतिथियो को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सरस्वती बन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बाद उसके विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने 02 अप्रैल को स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया था। हम सभी लोग उनके आभारी है आज जनपद बरेली से स्कूल अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया गया है। यह जनपद आकांक्षी जनपद है। उन्होंने कहा जबसे उ0प्र0 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री बने है जनपद में काफी विकास हुआ है। गांव के छोटे गरीब बालक/बालिका स्कूल जा रहे है।

# नौनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए सरकार संकल्पबद्ध

## स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ



श्रावस्ती। श्रावस्ती में स्कूल चलो अभियान-2025-26" का भव्य शुभारंभ जूनियर हाईस्कूल भिनगा में हुआ। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हरी झंडी दिखाकर अभियान रैली को रवाना किया। यह रैली जूनियर हाईस्कूल भिनगा से ईदगाह तिराहा तक निकाली गई, जिसमें अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि भी पैदल चलकर शामिल हुए। इसी क्रम में बरेली में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

इस अवसर पर विधायक, विधान परिषद सदस्य, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार नौनिहालों के उज्जवल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि "स्कूल चलो अभियान" के अंतर्गत छात्र-छात्राओं का नामांकन विद्यालयों में कराया जा रहा है। सरकार के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। पूर्व में 2022 में भी इसी तरह का अभियान जनपद के एक अन्य स्थान से शुरू किया गया था। वर्तमान में विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही, छात्रों को ड्रेस, जूते-मोजे हेतु धनराशि डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में भेजी जा रही है, जिससे उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 6 वर्ष या उससे अधिक उम्र के सभी बच्चों का नामांकन विद्यालयों में कराना है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम का समापन मुख्य विकास अधिकारी ने किया।

## पुरस्कृत हुए मेधावी, खिले चेहरे



प्रतापगढ़। रामपुर बावली क्षेत्र के सराय निर्भय स्थित भारत इण्टरनेशनल स्कूल में मेधावियों को प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने कहा कि शिक्षा जागरूक समाज की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होनें मेधावी छात्रा निधि पटेल, श्रेया यादव, फातिमा, जान्हवी पटेल, सृष्टि पाण्डेय व आर्यन शुक्ला, अनय सरोज, तनिष्का को मेडल व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार इन्दु सुल्तानपुरी ने किया। विद्यालय के निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने शैक्षिक प्रगति आख्या तथा प्रबंधक मिथलेश सिंह ने स्वागत भाषण तथा प्रधानाचार्य धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार डॉ. अंजनी अमोघ ने किया। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. अशोक अग्रहरि, अनूप त्रिपाठी की रचनाएं भी सराही गयी। इस मौके पर अधिवक्ता अजय पाण्डेय, शिक्षक राजेश पाण्डेय, सुरेन्द्र नाथ शुक्ल, डॉ. देवेश त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी व रत्नेश सिंह आदि रहे।

# गोरखनाथ मंदिर की बढ़ेगी सुरक्षा

## बनेगी पीएसी बैरक-लगेंगे थर्मल कैमरे, बजट जारी



गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और चाक-चौबंद होगी। इसके लिए मंदिर परिसर के बाहर दक्षिण की तरफ दशहरी बाग के पास उत्तर प्रदेश प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) की बैरक का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए जमीन भी चिह्नित कर ली गई है। जल्द निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके अलावा पूरे मंदिर परिसर में एयरपोर्ट की तर्ज पर थर्मल कैमरे लगेंगे। प्रदेश के गृह विभाग ने मंदिर की सुरक्षा प्रबंधों के लिए बजट जारी कर दिया है। पीएसी बैरक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए आवास के साथ ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। बच्चों के लिए खेलने का मैदान और कैंटिन का निर्माण भी कराया जाएगा। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री की सुरक्षा को देखते हुए गृह विभाग ने एडिशनल एसपी और डिप्टी एसपी का कार्यालय बनाने, कंट्रोल रूम की स्थापना करने और सीसीटीवी कैमरा सिस्टम को अपग्रेड करने की स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। इसके अलावा मंदिर परिसर में एयरपोर्ट की तर्ज पर छह थर्मल कैमरे भी स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए गृह विभाग ने करीब 80 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी है। यही नहीं, गोरखनाथ मंदिर में प्रवेश द्वार पर फेस रिकग्निशन कैमरे लगाने की भी तैयारी चल रही है। इससे यहां आने-जाने वाले लोगों के चेहरे स्कैन हो जाएंगे। इधर, गोरखनाथ थाने के ठीक सामने से रसूलपुर दशहरी बाग की तरफ जाने वाली सड़क के पास मंदिर से सटे पुलिस अधिकारियों के लिए कार्यालय और कंट्रोल रूम का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। बजट मिलने से इसके निर्माण में और तेजी आ जाएगी।

### एसटीएफ को मिलेगी सब लाइट मशीन गन

लखनऊ मुख्यालय से एसटीएफ को 300 सब लाइट मशीन गन खरीदने की मंजूरी भी दे दी गई है। एक मशीन गन की कीमत करीब 74 हजार रुपये है। इसके अलावा बड़ी संख्या में कारतूसों की खरीद के लिए भी धनराशि जारी की गई है।

चार अप्रैल 2022 को मंदिर के एक नंबर गेट पर सिविल लाइंस निवासी अहमद मुर्तजा अब्बासी बांके के साथ पहुंच गया था। रोकने पर पीएसी के सिपाही को घायल कर उसका सरकारी असलहा छीनने का प्रयास किया। घायल सिपाही की तहरीर पर केस दर्ज करके जांच एटीएस को सौंपी गई थी। लखनऊ में ट्रायल के बाद एटीएस कोर्ट ने आरोपी को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। अक्तूबर 2023 को गोरखनाथ मंदिर गेट पर तीन कारतूस के साथ दो युवक पकड़े गए थे। पूछताछ में पता चला कि दोनों झारखंड के रहने वाले हैं। वे गोरखनाथ मंदिर घूमने आए थे, लेकिन उनके पास कारतूस कहां से आए, इसके बारे में वे कुछ नहीं बता सके। आर्म्स एक्ट में उनका चालान किया गया था। 24 जुलाई 2023 को श्रावस्ती के भाजपा नेता की गाड़ी के डैशबोर्ड में 315 बोर का कारतूस मिला था। भाजपा नेता के भाई और चाचा अन्य रिश्तेदारों के साथ गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में सीएम से मिलने आ रहे थे। चेकिंग में कारतूस पकड़ा गया। भाजपा नेता के भाई के खिलाफ आर्म्स एक्ट में कार्रवाई हुई।

15 जुलाई 2023 को गोरखनाथ मंदिर में चेकिंग के दौरान बिहार के व्यापारी के बैग से तमंचा मिला था। उसे आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम चंपारण (बिहार) का रहने वाला व्यापारी अपने बेटे के साथ मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। बेटे ने रेलवे स्टेशन से एक बैग को उठा लिया था। बैग में ही तमंचा था, जिसे वे देख नहीं पाए। चेकिंग के दौरान पकड़े गए थे।

मंदिर परिसर से सटे दक्षिण छोर पर पीएसी बैरक का निर्माण जल्द शुरू होगा। परिसर में थर्मल कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। मंदिर के मुख्य द्वार के पास ही एसपी कार्यालय व कंट्रोल रूम का निर्माण चल रहा है, बहुत जल्द तैयार हो जाएगा। -अनुराग सिंह, एडिशनल एसपी, मंदिर सुरक्षा

---

संक्षेप

### 12 अप्रैल को भरथना में निःशुल्क नेत्र शिविर

इटावा। चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान एवं चौधरी शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान की एक संयुक्त बैठक चै. शंकर दयाल दीक्षित स्मारक संस्थान के मंत्री राजेंद्र दीक्षित के आवास पर संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विद्याकांत तिवारी की अध्यक्षता में हुई जिसमें 12 अप्रैल को भरथना नगर के आर्य श्यामा इंटर कॉलेज में पूर्व सांसद चै. रघुराज सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर को आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित कार्यक्रम की संयोजक एवं चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे ने बताया कि शिविर में आने वाले सभी लोगों का निशुल्क परीक्षण करने के अलावा उन्हें दवाएं और चश्मे भी निःशुल्क वितरित किए जाएंगे तथा चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन भी निःशुल्क होंगे। शिविर की तैयारियों के संबंध में हुई इस संयुक्त बैठक में महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, केके त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी, आचार्य महेश तिवारी, हरिदत्त दीक्षित, सुधीर मिश्र मौजूद रहे।

### नवदुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन

भरथना, इटावा। चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर कस्बा के मुहल्ला होमगंज में तृतीय नवदुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चलते कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हो गया और प्रतिदिन सांय संगीतमयी ध्वनियों के बीच पूजन अर्चन, आरती व भजन संध्या का आयोजन अनवरत चल रहा है। नवदुर्गा पूजा महोत्सव के प्रथम दिवस गाजे बाजों के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाओं-युवतियों ने सिर पर कलश रखकर विभिन्न देव स्थानों का भ्रमण किया और भव्य पाण्डाल में आकर्षक साज-सज्जा के बीच विराजमान माँ भगवती के दरबार में कलशों की स्थापना करवायी। तदुपरान्त प्रतिदिन सांय संगीतमयी ध्वनियों के बीच माँ जगतजननी की आरती व भजन आदि से माँ दुर्गा का आवाहन किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 अप्रैल को भव्य देवी जागरण का आयोजन होगा। इस दौरान संरक्षक सुमित चैहान, अध्यक्ष गौरव जैन, मंत्री पिण्टु कुशवाह, कोषाध्यक्ष रोशन चैहान, सन्नी तोमर, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम आधार कार्ड में प्रतीप पटेल एवं अविभावक राम चन्द्र वर्मा अंकित है, जबकि पुत्र का सही नाम अभिराज सिंह पटेल पुत्र घनेंद्र कुमार वर्मा है। भविष्य में मेरे पुत्र का नाम अभिराज सिंह पटेल पुत्र घनेंद्र कुमार वर्मा के नाम से ही जाना व पहचाना जाय। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उसके सम्बन्ध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। घनेंद्र कुमार वर्मा पुत्र रामचन्द्र वर्मा निवासी मो. पश्चिमी दीक्षिताना कस्बा गोला परगना हैदराबाद तहसील व थाना गोला गोकर्णनाथ, जिला-लखीमपुर-खीरी

---

## प्रेस क्लब की कार्यकारिणी ने सांसद ने किया सम्मानित

### गोरखपुर के अभूतपूर्व विकास में मीडिया की सकारात्मकता महत्वपूर्ण : रविकिशन



गोरखपुर। सुप्रसिद्ध सिने स्टार और गोरखपुर के सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गोरखपुर का जो अभूतपूर्व और अकल्पनीय विकास हुआ है उसमें मीडिया की सकारात्मकता का भी महत्वपूर्ण योगदान है। मीडिया से मिलने वाले सुझाव से ही विकास की गति उत्तरोत्तर तीव्र होती गई।

सांसद रविकिशन सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में प्रेस क्लब की कार्यकारिणी को सम्मानित करने के बाद मीडियाकर्मियों के बीच अपने विचार और भाव व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोरखपुर की मीडिया की सकारात्मक धारणा ने उन्हें निरंतर कार्य करते रहने को प्रेरित किया है। श्री शुक्ल ने कहा कि यहां की मीडिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संघर्षों की साक्षी रही है तो पिछले आठ साल में उनके नेतृत्व में हुए कायाकल्प को भी देख रही है। सीएम योगी के नेतृत्व में गोरखपुर में पचास हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं, चालीस हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अभी मूर्त होना है। रविकिशन ने कहा कि गोरखपुर में उनके निवेदन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक फिल्म सिटी बनाने जा रहे हैं। इससे बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इस अवसर पर सांसद रविकिशन का स्वागत करते हुए गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र ने आइफा अवार्ड मिलने पर रविकिशन को बधाई दी और कहा कि रविकिशन संसद और फिल्मों, दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोरखपुर का मान बढ़ा रहे हैं। संचालन महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव ने किया।

प्रेस क्लब की कार्यकारिणी और अनेक पत्रकारों ने रविकिशन का स्वागत किया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार राय, सहायक निदेशक सूचना प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, प्रेस क्लब पदिधिकारी भूपेंद्र द्विवेदी, अंगद प्रजापति, प्रिंस पांडेय, विनय सिंह, परमात्मा त्रिपाठी, राजीव पांडेय, विवेक कुमार, वरिष्ठ पत्रकार राकेश राय, सतीश पांडेय, रामगोपाल द्विवेदी, गजेंद्र त्रिपाठी, घनश्याम कसौधन, अजित यादव, उमेश पाठक, ओंकार धर द्विवेदी, सुशील कुमार, हरेंद्र द्विवेदी, गौरव त्रिपाठी, आयुष द्विवेदी, केके श्रीवास्तव, आनंद चौधरी, राजू सैनी, संदीप त्रिपाठी, दीपक चक्रवर्ती, पुनीत, नीतीश आदि उपस्थित रहे।

### दीवान से दरोगा बने शेषराम को सी ओ ने लगाया स्टार

गगहा, गोरखपुर। गगहा थाना में तैनात शेषराम चौधरी हेड मुहर्रिर से उप निरीक्षक पद पर पदोन्नति हुई है। सर्किल के क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार व थाना प्रभारी गौरव वर्मा ने कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया है।

श्री चौधरी के विभागीय प्रमोशन पर एसएसआई नीरज कुमार सिंह, एस आई आन्द कुमार, सत्यप्रकाश चौबे, रवि सिंह, रवि राय, राजन शाह, विकास भदौरिया, अशोक पाण्डेय, रामअवध, दीनबन्धु प्रसाद, रविन्द्र यादव, अनीश सिंह, संतोष सिंह के अलावा गगहा के ब्लाक प्रमुख शिवाजी चन्द, प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, प्रधान राकेन्द्र द्विवेदी, अंकित चन्द, सरितेश मिश्र, सुधाकर तिवारी, राहुल हरेंद्र सिंह, दीपक तिवारी, संतकुमार सिंह, कृपाशंकर सिंह, डीपी राय, नन्हे राय, प्रहलाद मौर्य, सुभाष सिंह, बालेंदु प्रसाद ओझा, अवनीश शुक्ला, हरिशचंद्र तिवारी एडवोकेट आदि ने बधाई देते हुए प्रसन्नता ब्यक्त किया है।

---

### चोरी के ट्रैक्टर समेत चार आरोपी गिरफ्तार



इकदिल, इटावा। थाना पुलिस ने चोरी के ट्रैक्टर ट्रॉली समेत चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गांव मानिकपुर बिसु निवासी जय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर ट्रैक्टर ट्रॉली चोरी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुटी थी उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों को कांकरपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा नाम-पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो ट्रैक्टर-ट्रॉली, 1 तमन्चा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 छुरा बरामद किया गया। आरोपियों ने अपने नाम ऋषि पुत्र रामबरन राजपूत निवासी मानिकपुर मोहन, अंकित यादव पुत्र छोटे सिंह यादव निवासी मानिकपुर विशु, संदीप कुमार पुत्र दौजीराम राजपूत निवासी मानिकपुर विशु, दीपक सिंह पुत्र रतन सिंह भदौरिया निवासी चाचर थाना फूप जनपद भिंड बताए। आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में विक्रम सिंह चैहान प्रभारी निरीक्षक थाना इकदिल, उ.नि. अजय कुमार, उ.नि. लोकेश कुमार आदि रहे।

### ओपन माइक शो का हुआ आयोजन



इटावा। काव्य चेतना के तत्वावधान में ओपन माइक शो का आयोजन जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल में किया गया। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व अश्विनी कुमार मिश्रा प्रोफेसर जनता कॉलेज बकेवर ने किया। दोनों ही अतिथियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से युवाओं में जोश भरा। अश्वनी मिश्रा ने कहा कि काव्य चेतना जैसे मंचों की समाज को जरुरत है। सामाजिक चेतना में साहित्य और कविता की एक अपनी अलग भूमिका रहती है स डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में बच्चों और युवाओं में रुचि पैदा करने का काम काव्य चेतना द्वारा किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति में नेताजी लपेटे के फेम कवि अवनीश त्रिपाठी रहे। अवनीश त्रिपाठी ने कहा कि काव्य चेतना एक ऐसा मंच है जो नवांकुर कवियों और वक्ताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में प्रशांत तिवारी, विकास चैहान, प्रतीक्षा चैधरी, निहारिका भदौरिया, अंशिका पाल, योगेन्द्र पाल नंदन, हर्ष शर्मा और प्रिन्स यादव ने कार्यक्रम में कविताओं के साथ श्रोताओं की वाहवाही बटोरी। संचालन प्रशांत तिवारी ने किया। यह काव्यचेतना की ओपन माइक श्रृंखला का पांचवां कार्यक्रम था जिसमें अनिका, अविका, शानवी, आरुष और आरव जैसे प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी कविताओं और प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में बच्चों को उपहार देकर कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर ओपन माइक शो श्रृंखला के संयोजक प्रशांत तिवारी एवं हर्ष शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से जीसी जीनियस पब्लिक स्कूल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### जन्मे शावक पूर्णता स्वस्थ्य है : निदेशक

इटावा। इटावा सफारी पार्क की शेरनी नीरजा ने बीते 16 मार्च को शावकों को जन्म दिया गया था। तीनों शावक अपनी मां का दूध पी रहे है। शेरनी भी लगातार सभी शावकों की देखरेख कर रही है। जिसके परिणामस्वरूप तीनों शावक पूर्णतया स्वस्थ है, तीनों शावकों की आंखे पूर्णतया खुल गयी है तथा तीनों शावक मादा है। 15 दिनों के बाद उनके वजन की माप 2.97 किग्रा, 2.70 किग्रा एवं 2.10 किग्रा है। बीते वर्ष 31 मई एवं 1 जून को नीरजा के शावक जिनको माँ द्वारा शावकों को दूध नहीं पिलाया गया था, सफारी पार्क कीपर अजय सिंह एवं आसिफ द्वारा दोनों मादा शावकों को दूध पिलाकर पाला गया है। दोनों मादा शावक अब पूर्णतया मांस खा रहे और 10 माह के हो चुके है। शीघ्र ही दोनों शावकों को नियोनेटल हाउस से स्थानान्तरित कर ब्रीडिंग सेंटर में शेरनी नीरजा के बाड़े के बगल वाले बाड़े में स्थानांतरित किया जाएगा ताकि पांचों शावक भविष्य में एक साथ रहकर सफारी के लिए तैयार हो सके। बीते 22 फरवरी को जनपद इटावा के चकरनगर क्षेत्र के एक स्कूल से एक मादा गुलदार शावक को रेस्क्यू किया गया था जिसे सफारी पार्क में रखा गया है। वह पूर्णतया स्वस्थ है और पर्याप्त मात्रा में अपना आहार ग्रहण कर रहा है।

---

## शिद्दत से पढ़ी गई ईद की नमाज



पिपरौली, गोरखपुर। पिपरौली बाजार स्थित ईदगाह में मुस्लिम धर्म के लोगों ने धर्म गुरूओं के साथ शिद्दत से नमाज पढी और देश मे अमनोचैन की दुआ मांगी। तथ एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी। इस दौरान ईदगाह पर पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद रही। ईदगाह के बाहर लगे मेले का बच्चों ने खूब आनंद लिया। बताते चलें कि एक माह के रमजान पर्व के बाद ईद का पर्व आता है। इसका मुस्लिम धर्म में विशेष स्थान है। रमजान के एक महीने पूरे होने के बाद चांद दिखने पर दूसरे दिन ईद मनाई जाती है। इस अवसर पर एहतियातन सहजनवा एसडीएम दीपक गुप्ता, गीडा सी ओ रत्नेश्वर सिंह, गीडा इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, लेखपाल कपिलदेव, व चौकी इंचार्ज पिपरौली कमलेंद्र सिंह मय फोर्स उपस्थित रहे। इस अवसर पर हाफिज सकलेन, हाफिज माबूद, हाफिज इरशाद, हाफिज गिजाली, ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, इकरार खान, शाहनवाज खान, अजीज अहमद, सेराज आलम, सैफ अली, हसीन अशरफ, जावेद बख्शी, फखरुद्दीन अंसारी, अलाउद्दीन, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे। वहीं उरुवा ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रौजादरगाह स्थित ईदगाह पर क्षेत्र के मरवटिया, भवनियापुर, देवराजपार, बिर ?ई बुजुर्ग, रौजादरगाह, हमीदपुर, मुबारकपुर, पहाड़पुर, धुरियापार सहित दर्जनों गांवों के नमाजियों का सुबह से ईदगाह पर आने का सिलसिला शुरू हो गया। और तय वक्त पर ईंद की नमाज अदा की गई। इसके बाद लोगों ने देश में अमन और सलामती की दुआएं मांगी। नमाज खत्म होने के बाद बाहर एक दुसरे से गले मिलकर ईंद की मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरू हो गया। बच्चों ने ईदगाह के बाहर लगी मिले की खरीदारी करने लगे और एक दूसरे से मिलने लगे। उरुवा पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ मोहसिन खान, मिर्जा कदीर वेग, मोट्टू रशीक खान, सदर इमाम मुफ्ती सरीफुन हसन, नूर असद खान, महताब आलम खान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आमजनों को कराया अवगत



इटावा। उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन के 8 साल पूर्ण होने पर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे मे शक्ति केन्द्र सिरसा के बूथ केला मऊ 43, बमन पूर 44, संतोषपूर, सिरसा मे भाजपा के वरिष्ठ नेता इंजी. हरिकिशोर तिवारी ने जनता को पिछले 8 वर्ष के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल की उपलब्धियां से अवगत कराया। साथ में सिरसा शक्ति केन्द्र संयोजक रघुवीर राजपूत, बूथ अध्यक्ष केला मऊ सुरेंद्र सिंह, बूथ अध्यक्ष बमन पूर अजीत सिंह, बूथ अध्यक्ष संतोषपूर, नीरज मिश्रा जिला उपाध्यक्ष सहकार भारती, बूथ अध्यक्ष सिरसा राजु उपाध्याय, शिवकुमार तिवारी, प्रदीप तिवारी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के अंतिम दिन सिरसा में घर-घर जाकर सभी पदाधिकारी के साथ उपलब्धियां के पत्रक बांटे गए और कई जगह चैपाल चर्चा की गई।

### एडीओ पंचायत ने 17 सफाई कर्मचारियों का वेतन रोका

उरुवा, गोरखपुर। एक अप्रैल से चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण एवं दिमागी बुखार से बचाव के लिए ब्लॉक क्षेत्र सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता कार्यक्रम को प्रभावी करने के लिए रोस्टर लगाकर नालियों, सार्वजनिक स्थान तथा झाड़ियां के साफ-सफाई का कार्य सफाई कर्मियों द्वारा कराया जा रहा है।

### पर्ची डलवा कर होगा राशन दुकान का मतदान

ऊसराहार, इटावा। भरतपुर खुर्द में राशन डीलर का चुनाव अब तीन अप्रैल बृहस्पतिवार को होगा इस बार चुनाव प्रत्याशियों के नाम से अलग अलग डब्बे बनाकर पर्चियों से मतदान किया जाएगा। ताखा तहसील क्षेत्र के भरतपुर खुर्द ग्राम पंचायत में राशन डीलर की मौत होने के बाद से काफी दिनों से यह सीट रिक्त चल रही है प्रशासन ने पहले 25 मार्च को चुनाव कराने की तारीख नियत की थी लेकिन मानक अनुसार मतदाता न पहुंचने पर चुनाव रद्द कर आगे बढा दिया गया था अब तीन अप्रैल प्रशासन ने तारीख घोषित की है।

---


**कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा, वि.ख. कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक- 01.04.2025

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा, विकासखंड कूरेभार, जनपद सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/दुकानदार/भठ्ठा मालिक दिनांक- 02.04.2025 से दिनांक- 11.04.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 11.04.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पप्पू के घर से बब्लू के घर होते हुए ईदगाह तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7.46 लाख रुपये | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | पक्की सड़क से गुप्ता मास्टर की बाग तक इंटरलाकिंग कार्य। | 9.36 लाख रुपये | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 3. | सुरेश पाण्डेय के घर से राम बहादुर सिंह के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 7.41 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 4. | निजाम के घर से हरिजन बस्ती तक इंटरलाकिंग कार्य। | 5.51 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 5. | मल्लू के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य। | 3.99 लाख रुपये | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, गिट्टी व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 6. | जग नारायण के घर से मनोहर मौर्या के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 9.51 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 7. | संतराम के घर से मिठ्ठू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य। | 8.76 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 8. | पक्की सड़क से तिवारी का पुरवा तक इंटरलाकिंग कार्य। | 9.65 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 9. | राधेश्याम तिवारी के घर से लक्ष्मीकांत के चक तक इंटरलाकिंग कार्य। | 8.80 लाख रुपये | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री |

**नोट- समस्त नियम व शर्ते मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होगी।**

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- सेउर चमुरखा, वि.ख.- कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर


## ईद की नमाज अदाकर मांगी मुल्क के अमन चैन की दुआ

### ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में हजारों लोगों ने अदा की की नमाज



**इटावा**। ईद-उल-फितर का पर्व जनपद में हर्षोल्लास और खुशनुमा माहौल में मनाया गया। हजारो मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों मे ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को ईद की जहां बधाई दी वहीं मुल्क में आपसी भाईचारे और अमन-चैन की दुआये माँगी। ईदगाह में ईद की नमाज दो शिफ्टों में अदा की गई। ईदगाह कमेटी के सेक्रेट्री डा. मोहम्मद अफजाल ने बताया कि ईदगाह परिसर में ईद की नमाज दो शिफ्टों में हुई, पहली शिफ्ट की नमाज मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट की नमाज मौलाना फरहान बरकाती ने अदा कराई। शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप ईदगाह के बाहर सड़क पर नमाज अदा नही हुई। ईदगाह नमाजियों से खचाखच भरगई जहां हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज पढ़ी। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था में सेक्रेटी डॉ.मोहम्मद अफजाल, कोषाध्यक्ष हाजी अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी सहित समस्त कमेटी का सराहनीय योगदान रहा। नमाज के बाद हजारों लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। प्रशासन और पुलिस ने नमाज को शांति पूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। अधिकारियों और राजनेताओं ने मुसलमानों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। शाही मस्जिद नौरंगबाद में हाफिज एजाज अहमद, सिंग्नल वाली मस्जिद मुफ्ती अनस नूर, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में मौलाना जाहिद हुसैन, मस्जिद काली कबरें में हाफिज नसीर अहमद, मस्जिद जिन्नातों वाली में हाफिज तौसीक, शाही जामा मस्जिद पुरोहितन टोला में अब्दुल्लाह असरी, मस्जिद पक्का तालाब में हाफिज फैजान, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग में हाफिज शकील अहमद, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल में मौलाना तौफीक, मस्जिद अली कालोनी में मौलाना जमाल अहमद, मस्जिद चांद अड्डा तुलसी में हाफिज अब्दुर्रहमान ने ईद की नमाज पढ़ाई। बताया जाता है कि इसके अलावा मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाकी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद रामगंज, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद लालपुरा, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद पंजाबी कब्रिस्तान काल्पी सर्कुलर रोड, मस्जिद मोहल्ला अड़ार स्टेशन रोड आदि मस्जिदो में नमाज हुई। डीएम अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शहर के कई प्वाइंटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात किया, मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतिजाम किये गये।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है।

**ई निविदा संख्या: NER-GKP-GS-2025-01**
**कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल- ऐशबाग, बादशाहनगर, डालीगंज, लखनऊ सिटी, आनन्दनगर, गोलागोकरननाथ, रामघाटहाल्ट, मैलानी, सीतापुर, बस्ती, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, स्वामीनरायनछपिया, खलीलाबाद एवं लखीमपुर स्टेशनों के प्लेटफार्म पर दिव्यांगजनों के लिए स्पर्शनीय टाइल्स का प्रावधान। अनुमानित लागत- ₹ 19242471.84, अग्रिम धन- ₹ 246200.00, समापन अवधि-06 माह।

1.उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-GKP-GS-2025-01 के लिये ई-निविदा दिनांक 16.04.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिष्चित करें।

उप मुख्य इंजीनियर/गति शक्ति
मुजफि/डब्लू-03 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ई-निविदा सूचना : अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं कार्य में दक्ष ठेकेदारों से ई-निविदायें दो भागों में निम्न विवरण अनुसार उ.प्र. सरकार के पोर्टल etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विवरण www.mvvnl.in पर भी अव लोकित किया जा सकता है। बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने अथवा एक से अधिक निविदा दाताओं में विभक्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। निविदा के अवधि विस्तारण, पुनर्प्रकाशन, शुद्धिपत्र, संशोधन एवं निरस्तीकरण की सूचना ई-टेण्डर पोर्टल www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड की जायेगी। 1. अल्पकालीन ई-निविदा सं. 01/विकाशामं /ल./2025.26 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला-गौरीगंज में गोल बॉडी सिंगल फेस 10, 16 एवं 25 केवीए तथा 10 से 630 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 3540.00। धरोहर धनराशि रू. 55000.00। निविदा को अपलोड करने की अंतिम तिथि 21.04.2025 समय 17.00 बजे तक तथा प्रथम-भाग खुलने की तिथि 22.04.2025 समय 14.00 बजे। 2. अल्पकालीन ई-निविदा सं. 02/ विकाशामं/ल./2025-26 विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला -अकबरपुर में गोल बॉडी सिंगल फेस 10, 16 एवं 25 केवीए तथा 10 से 100 केवीए क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तकों के मरम्मत का कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रू.5900.00। धरोहर धनराशि रू. 113000.00। निविदा को अपलोड करने की अंतिम तिथि 21.04.2025 समय 17.00 बजे तक तथा प्रथम.भाग खुलने की तिथि 22.04.2025 समय 14.00 बजे। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्यशाला मण्डल मविविनिलि., लखनऊ "राष्ट्रहित में बिजली बचाएँ, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगाएँ"** (पत्रांक : 602 दिनांक 01.04.2025)

संक्षेप

## कथा ब्यास ने पुष्प वाटिका का किया मनोहारी वर्णन

मोहम्मदी खीरी। नगर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम जानकी मंदिर में चल रही नौ दिवशीय श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अवधेश मिश्रा ने पुष्प वाटिका का मनोहारी वर्णन करते हुए कहा इसलिए सीताराम जी का मिलन भक्त और भगवान का मिलन है।साधक परमात्मा का मिलन है।जीव ब्रह्म का मिलन है। और इस मिलन के लिए कुछ सोपान दिए गए हैं।भगवान का मिलन वाटिका में होता है।संत सभा 34 अमराई श्रद्धा ऋतु बसंत समगई सत्संग ही वाटिका है।सीता जी वाटिका में गई सरोवर में स्नान करके गौरी पूजन किया इसका आशय है।कि संत के हृदय रूपी सरोवर में स्थान बनाकर के स्नान करके भवानी शंकर वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणी यही गौरी और शिव पूजन है तो कोई न कोई सद्गुरु सखी आकर के कहेगी कि चलो राम का दर्शन कर दें और फिर सद्गुरु के संग साधना पथ पर चलते हुए सीता जी को राम का दर्शन होता है पुष्प वाटिका के साथ-साथ शिव धनुष तोड़ने की कथा सीता स्वयंवर की कथा को कथा व्यास ने वर्णन किया।श्री राम कथा 30 मार्च 2025 से 06 अप्रैल 2025 तक संपन्न होगी कथा का समय रात्रि 7.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजक पुनीत बाजपेई पुजारी श्री अरविंद बाजपेई, सुशील बाजपेई ,मोहित बाजपेई , रोहित बाजपेई, सुशील डी जे एड रामआसरे बाजपेई, एड राकेश मिश्रा, शशिकांत बाजपेई, उज्जवल बाजपेई, निखिल तिवारी समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

## नगर निगम में निवास सत्यापन में दिक्कतें, अटकी आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया

शाहजहांपुर/जनपद उत्तर प्रदेश सरकार के दिशा निदेर्शों के अनुसार आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में बहुत आगे दिखा और सभी बडो को पार करते हुए जनपद के सभी ब्लॉकों में रिक्त आंगनवाड़ी भर्ती प्रक्रिया को निपटाने में फास्ट रहा लेकिन नगर निगम क्षेत्र में निवास प्रमाण पत्र सत्यापन में आ रही दिक्कतों के चलते नगर निगम क्षेत्र की रिक्त आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया बाधित हो गई जहां निवास प्रमाण पत्र में वार्ड संख्या और वार्ड का नाम स्पष्ट न होने के कारण दिक्कतें सामने आई जिला प्रशासन ने समाचार पत्रों में सूचना प्रकाशित कर 2 अप्रैल तक आवेदकों को अपने क्षेत्र के लेखपाल से निवास प्रमाण पत्र सत्यापित कराकर कार्यालय में जमा करने का समय दिया था जो आज पूर्ण हो गया है ।जिला प्रशासन ने नगर निगम क्षेत्र के आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने वालों को 4 अप्रैल का लास्ट समय दिया है किसी के साथ अहित न हो इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विकास भवन जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय पर नगर निगम क्षेत्र के संबंधित लेखपालों को विकास भवन में बैठने के निर्देश जारी किए गए हैं जो 4 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5:00 तक विकास भवन में बैठेंगे जहां नगर निगम क्षेत्र के आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया में आवेदन करने वाले मौके पर अपना डिवाइस प्रमाण पत्र सत्यापित कराकर तुरंत जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया इसके उपरांत किसी भी ऐसे आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा जिसका निवास प्रमाण पत्र सत्यापित होकर जमा नहीं होगा।

# परिषदीय विद्यालय की बेटी ने किया कमाल, प्रवेश परीक्षा में किया मंडल टॉप



## अंशिका दीक्षित की सफलता बनी प्रेरणा, आईएएस बनने का सपना

अंशिका दीक्षित की इस सफलता ने अन्य छात्रों के लिए भी एक मिसाल कायम की है।

अब परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भी आत्मविश्वास के साथ बड़ी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। अब अंशिका दीक्षित का सपना है कि वह आगे भी इसी तरह कड़ी मेहनत करके अपनी शिक्षा को ऊंचाइयों तक ले जाए और अपने परिवार, स्कूल और समाज का नाम रोशन करे। उनकी यह उपलब्धि दिखाती है कि यदि सही मार्गदर्शन और परिश्रम मिले तो किसी भी परिस्थिति में सफलता हासिल की जा सकती है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से प्रेरित होकर अंशिका दीक्षित आईएएस अधिकारी बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती हैं।

जिला संवाददाता(vol)

- अंशिका की कामयाबी से परिषदीय स्कूलों के छात्रों में बढ़ा आत्मविश्वास
- परिषदीय विद्यालयों के छात्र भी हासिल कर सकते हैं बड़ा मुकाम, अंशिका बनी उदाहरण

लखीमपुर खीरी। परिषदीय विद्यालयों की प्रतिभा अब किसी से कम नहीं। इस बात को सिद्ध कर दिखाया है लखीमपुर खीरी जिले की परिषदीय विद्यालय रुकनापुर की कक्षा 8 की छात्रा अंशिका दीक्षित ने, जिसने अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में न केवल शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि पूरे मंडल में टॉप कर अपने विद्यालय, परिवार और जिले का नाम रोशन किया। उसकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि को सम्मान देते हुए चैत्र नवरात्र के चतुर्थ दिवस पर मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने महिला सशक्तिकरण की अनूठी पहल के तहत अंशिका को सोशल मीडिया हैंडल्स समर्पित किए। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि परिषदीय स्कूलों के बच्चे भी सही मार्गदर्शन और मेहनत से बड़ी कामयाबी हासिल कर सकते हैं।

विकासखंड लखीमपुर के ग्राम रुकनापुर की अंशिका दीक्षित एक साधारण परिवार से आती हैं, लेकिन उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया। सीमित संसाधनों के बावजूद, उन्होंने कठिन परिश्रम किया और अपने शिक्षकों के सहयोग से इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की। वही अंशिका ने नवोदय विद्यालय की कक्षा 9 में प्रवेश हेतु एक सीट पर चयन प्राप्त किया। साथ ही, उन्होंने राष्ट्रीय आय परीक्षा में जिले स्तर पर बालिका वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल स्कूल बल्कि पूरा समुदाय गर्व महसूस कर रहा है।

अंशिका के पिता अनिल कुमार और माता रिंकी ने बताया कि उनकी बेटी बचपन से ही पढ़ाई में होशियार रही है। शिक्षकों ने भी उसकी प्रतिभा को पहचाना और उसे आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। स्कूल के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अंजनी कुमार ने कहा, यह उपलब्धि हमारे पूरे विद्यालय के लिए गौरव की बात है। इससे यह साबित होता है कि परिषदीय विद्यालयों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है।

## शांति पूर्ण संपन्न हुई ईद उल फितर की नमाज



पिपरिया धनी, खीरी। रेहरिया क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया गया। छेड़ीपुर के ईदगाह में नमाज अदा कर देश की खुशहाली व अमन चैन की दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद सभी एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाइयां दी। एक माह तक चले पवित्र माह रमजान के बाद सोमवार को ईद उल फितर का पर्व मनाया गया। ईद को लेकर मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पर्व को लेकर खासी चहल-पहल रही। नमाज अदा करने के लिए ईदगाह में लोगों की भारी भीड़ रहीं। इस अवसर पर नमाजियों ने देश में खुशहाली, बरकत, अमन और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। लोगों ने कहा ईद का असल उद्देश्य लोगों में खुशियां बांटना है. और अपने रब की रजा की खातिर इबादत करनी चाहिए. ईद-उल-फितर का दिन हमें यह भी सिखाता है कि सेवईयां खिलाकर लोगों के दिलों में से कड़वाहट को दूर किया जाये और अमन-चैन का संदेश फैलाया जाये। रेहरिया पुलिस चौकी इंचार्ज हिमांशु आनंद सिंह पुलिस बल के साथ पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहें।

## डीएम ने हरी झंडी दिखाकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारंभ



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि संचारी रोगों (डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया, दिमागी बुखार आदि) को हराना है, ऐसे में मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु घरों के आस-पास साफ-सफाई रखे, मच्छर से बचाव के लिए पूरी बाह वाली कमीज और फुल पैन्ट पहने, स्वच्छ पेयजल ही पि, आस-पास जलजमाव न होने दें। उन्होंने कहा गमलों, क्यारियों की नियमित सफाई करें, पुराने टायर, कवाड़ में पानी का जमाव न होने दे, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी को ढक कर रखें, नालियों की सफाई रखें, हैंडपंप के पास पानी जमने ना दे, कूलर फ्रिज की ट्रे की साप्ताहिक सफाई करें। उन्होंने कहा की इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों के समन्वय से साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, नालियों के साफ सफाई, एंटी लार्वा छिड़काव, फागिंग व अन्य संबंधित गतिविधियां नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में कराई जाएगी, साथ ही साथ इस अभियान के दौरान आशा, आंगनवाड़ी घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान के बारे में जागरूक भी करेंगी। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक वहीं दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य चलेगा। इस मौके पर नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विवेक कुमार मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में नसीम और सलमान को लगी गोली



जिला संवाददाता(vol)

शाहजहांपुर। 28 मार्च को निगोही थाना क्षेत्र अंतर्गत धूलिया मोड कठिना नदी के बीच कच्चे रास्ते पर एक खेत के सामने गोवंश के कुछ अवशेष सिर व खाल मयपूंछ के कुछ टुकड़े बरामद हुए थे जिसके आधार पर उपनिरीक्षक मोहित कुमार की तहरीर पर गौ हत्या अधिनियम की धारा 3/5/8 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था।

1 अप्रैल को मुखबिर की सूचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में संलिप्त आरोपी नसीम उर्फ चिरागी पुत्र हबीब सलमान पुत्र छोटे अफजल पुत्र मासूम निवासी ग्राम धुल्लिया थाना निगोही को घटनास्थल कठिना नदी के पास वृहत ग्राम उनकला से पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। मौके से दो आरोपी अनस पुत्र आरिफ नईम पुत्र आविद निवासी ग्राम धुल्लिया थाना निगोही अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस मुठभेड़ के दौरान आरोपियों द्वारा पुलिस पर फायरिंग की गई पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गई फायरिंग से दो आरोपियों सलमान व नसीम के पैर में गोली लगी गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ही इस घटना को साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। आरोपियों ने बताया की 28 मार्च को अपने साथियों अनस पुत्र आसिफ नईम पुत्र आबिद रिजवान उर्फ पैदा पुत्र बाहर अहमद के साथ मिलकर दो गौवंशीय पशुओं का वध कर के मांस को फुरकान पुत्र शरीफ निवासी कस्बा व थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को बेंच दिया था। जिसे आरोपी नईम ही जानता है। पुलिस ने नसीम उर्फ चिरागी पुत्र हबीब सलमान पुत्र छोटे अनस पुत्र आसिफ नईम पुत्र आबिद अफजाल पुत्र मासूम फुरकान पुत्र शरीफ रिजवान उर्फ पैदा पुत्र बहार अली व एक अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। घायल आरोपियों नसीम उर्फ चिरागी पुत्र हबीब सलमान पुत्र छोटे का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है उपचार के बाद जेल भेजा जायेगा। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं आरोपियों के पास से 315 बोर के तमंचे कारतूस कुल्हाड़ी छुरी पॉलिथीन मोबाइल फोन रस्सी व एक सेंट्रो कार बरामद हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में क्षेत्राधिकार सदर प्रियांक जैन प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह उपनिरीक्षक रामायण सिंह वेदपाल सिंह लोकेश कुमार मोहित कुमार कांस्टेबल कर्मवीर राजकुमार राहुल कुमार मोहित कुमार ज्ञानेंद्र सिंह मोहित भाटी शामिल रहे।

## नये सत्र पर शिशु मंदिर में विद्यार्थियों का किया स्वागत




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) नया शिक्षा सत्र आरंभ होने पर सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओं का शिक्षिकाओं ने तिलक लगा कर स्वागत किया गया। मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर में नवीन सत्र विद्यालय में रामचरितमानस के साथ सुन्दर काण्ड का भी आयोजन किया गया। इसके उपरान्त विद्यालय में शिशु आगमन के समय उनका स्वागत पुष्पवर्षा, द्वार पर वंदन/रोली तिलक के साथ किया गया। कार्यक्रम में उमाकान्त कटियार ने भैया बहनों को नए सत्र में प्रतिदिन समय से आने तथा अपना कार्य समय से पूरा करने का आग्रह किया। वरिष्ठ आचार्य रामकुमार वर्मा ने वंदना के उपरांत नए सत्र में शिशुओं का अभिनंदन करते हुए उनके वेश, बस्ता आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के निवर्तमान प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा ने सभी शिशुओं से शत -प्रतिशत उपस्थित रहने का आग्रह किया। वंदना प्रमुख उर्मिला शर्मा संचालिका शिशु वाटिका ने सभी कापियों पर सुलेख में अपना कार्य करने का आग्रह करते हुए बताया कि जिनका लेख सुंदर होता है, उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है तथा वे जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे रहते हैं। अवकाश के समय सभी शिशुओं को हवन पूजन के प्रसाद का वितरण किया गया।

## चैती मेला कार्यालय का उद्घाटन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।( वीओएल ) शहर के ऐतिहासिक चैती मेला के संचालन के लिए नगर पालिका मेला मैदान में सिफ्ट हो गई है। यहां से ही चैती मेला



का संचालन किया जाता है। मंगलवार को पालिका अध्यक्ष ने किया विधिवत पूजा अर्चना कर मेला चैती कार्यालय का उद्घाटन किया। मंगलवार को पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के साथ मेला चैती के कार्यालय का शुभारंभ किया। पंडित लवकुश शास्त्री द्वारा विधिवत पूजन करवाया गया। बताते चलें कि इसी मेला चैती कार्यालय से 4 अप्रैल से 19 अप्रैल तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रशासनिक व्यवस्था के साथ नगर पालिका परिषद की विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। पूजा अर्चना के दौरान नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, सभासद हरिओम वर्मा, राजेश वर्मा, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, अल्लू सैनी, आशीष अवस्थी, नानक चन्द्र वर्मा, सौरभ तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेन्द्र तिवारी, रज्जन खाँ ,कफील अहमद, रियाजुद्दीन, भोली गिरि ,दानिश राइन, सुरेश जायसवाल, साहिद अंसारी, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, सहित पालिका कर्मचारी मौजूद थे।

## गोला में चेन स्नेचिंग के पकड़े गये चार आरोपित ,तीन फरार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। ( वीओएल ) कोतवाली पुलिस ने चेन स्नेचिंग करने वाले गिरोह के चार आरोपितों को गिरफ्तार कर चालान भेजा है, जबकि तीन आरोपित फरार बताए जा रहे हैं। मंगलवार 25 मार्च की शाम शहर के मुहल्ला राघव कुंज कालोनी निवासी देवराज भसीन की पत्नी ई रिक्शा पर सवार होकर गैस एजेंसी वाली गली से होकर जा रही थी। तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने ई रिक्शा रोक कर उनकी चेन छीन ली थी। देवराज भसीन के बेटे दिनेश भसीन ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चिराग शर्मा निवासी भीरा, अनुभव गुप्ता निवासी विकास चौराहा गोला, मोहम्मद रजा निवासी सिसौरा सहमद उचैलिया, विकास कुमार उर्फ रतन को पश्चिमी दीक्षिताना को रिलायंस पम्प के निकट पशु बाजार के पास बाइक और रुपये नगदी, मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ पर पुलिस को बताया कि छिनैती की गयी चेन को गोला के विकास कुमार उर्फ रतन निवासी पश्चिमी दीक्षिताना को बेचा है। अभियुक्तगण की निशादेही पर पुलिस ने विकास कुमार उर्फ रतन को पश्चिमी दीक्षिताना से गिरफ्तार कर लिया। जिनका चालान भेज दिया गया है। पुलिस को इनके पास से सोने की चेन गली हुई टन्च शुदा मय रसीद, 2300 रुपये नगद, तीन मोबाइल फोन व घटना मे प्रयुक्त बाइक यूपी 25सीई 3540 हीरो सुपर स्पलेन्डर बरामद हुई है। जो शाहजहांपुर से चोरी की गई बताई जा रही है। सीओ गवेन्द्र पाल गौतम और प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि इस घटना में शामिल गोला निवासी शीबू, अभिषेक और पलिया का अर्पित गुप्ता फरार है। जिनकी तलाश की जा रही है। आरोपित अनुभव गुप्ता, विकास कुमार, चिराग शर्मा और मोहम्मद रजा पर गोला कोतवाली और पसगवा में एनडीपीएस, मारपीट, धमकी और अवैध शराब के तमाम मुकदमे दर्ज हैं। जबकि फरार आरोपित शीबू पर 11, अभिषेक पर सात, और अर्पित गुप्ता पर 10 मुकदमे दर्ज हैं।

## जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने गुब्बारे उड़ाकर स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

शाहजहांपुर/ स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा0 अपराजिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता तथा एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक जलालाबाद हरि प्रकाश वर्मा तथा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, अजय प्रताप यादव एवं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बरेली में प्रदेश स्तरीय स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों तथा बच्चों ने देखा। जनप्रतिनिधि गणों एवं अधिकारी गणों के द्वारा कक्षा 5 के



आयुष तथा शिवांशी, कक्षा 6 की श्रेया तथा ईशा, कक्षा 7 की नेहा तथा कक्षा 8 की गुड़िया को नवीन सत्र की पाठ्य पुस्तकें प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल चलो अभियान के संबंध में मुख्यमंत्री जी के द्वारा जो भी दिशा-निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका शत-प्रतिशत पालन किया जाना चाहिए। एमएलसी ने सभी अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। विधायक जलालाबाद ने कहा कि बेसिक शिक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार के साथ-साथ उनके द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में बच्चों को अनेक प्रोत्साहन प्रदान किए गए हैं। खास तौर पर प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले बच्चों को जनपद मुख्यालय पर निःशुल्क भेजने की सुविधा तथा उनकी परीक्षा संबंधी तैयारियों के लिए भी व्यवस्था प्रदान की गई। जिलाध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्र ने कहा कि शिक्षक होने के नाते वह प्राथमिक शिक्षा के सरोकारों से जुड़े रहते हैं। स्कूल चलो अभियान के इस कार्यक्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी गणों के साथ-साथ खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र कुमार मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी नगर नागेंद्र सिंह खंड शिक्षा अधिकारी मदनापुर, स्काउट एवं गाइड कैप्टेकलन दीपेंद्र कौर, एसआरजी डॉ0 अरुण कुमार गुप्ता, अश्वनी कुमार अवस्थी, दक्षिता अग्रवाल, रूपल गुप्ता, राकेश रोशन, निकहत परवीन, विनायक, ओपी राजपूत, ओमप्रकाश वर्मा आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्कूल चलो अभियान की सीडीओ ने की शुरूआत




लखीमपुर खीरी। बेसिक शिक्षा विभाग लखीमपुर खीरी द्वारा स्कूल चलो अभियान की सुरुआत की गई। मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने स्कूल चलो अभियान रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्कूल चलो अभियान की शुरूआत की। इसमें विभिन्न स्कूलों के सैंकड़ों बच्चों ने प्रतिभाग किया । बच्चे अपने हाथों में स्कूल चलो अभियान से संबंधित विभिन्न स्लोगन की पट्टियां लिए हुए थे। बच्चे स्कूल चलो, सब पढ़े सब बढ़े, का नारा लगाए। विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ स्कूल चलो अभियान का जनपद स्तरीय कार्यक्रम विकास भवन में जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी दिनकर कुमार विद्यार्थी, परियोजना निदेशक शोभनाथ चौरसिया, परियोजना निदेशक जनजाति यू.के. सिंह ने स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों, अधिकारियों बच्चों, शिक्षकों और स्टाफ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के शुभारंभ को देखा और इस अवसर पर उनका भाषण सुना। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल चलो अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हर बच्चे का स्कूल जाना हमारा संकल्प है। शिक्षा ही सशक्त समाज की नींव है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुनील कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। हर बच्चे को स्कूल भेजना हम सबकी जिम्मेदारी है।अंत में बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने सभी अतिथियों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बच्चों को वितरित की गई पुस्तक भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी दिनकर कुमार विद्यार्थी, परियोजना निदेशक शोभनाथ चौरसिया, परियोजना निदेशक जनजाति यू.के. सिंह ने बच्चों को पुस्तक वितरित की गई पुस्तकें प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे। पुस्तक प्राप्त करने वाले बच्चों में श्रुति, युग गुप्ता, आयुषी सिंह, परी सिंह, साक्षी पांडेय, संस्कार, प्रांकी, इकरा, वैभव सिंह और प्रीति ने पुस्तकें प्राप्त की।

## चौकीदार ने घर में घुसकर की मारपीट घर के छप्पर में लगायी आग



खमरिया खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के अल्लीपुर गांव में सोमवार की रात पुरानी रंजिश को लेकर दबंग चौकीदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक घर पर धावा बोल दिया और घर में घुसकर न सिर्फ मारपीट की बल्कि घर के छप्पर में आग लगा दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर खमरिया पुलिस जांचोंपरांत कार्यवाही में जुट गई। थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव की रहने वाली राधिका पत्नी शेखर का आरोप है कि सोमवार की शाम करीब 7 बजे गांव के ही श्रीकेशन पुत्र पैरू, नीरज पुत्र श्रीकेशन , नीरज की पत्नी , मंजीत पुत्र श्रीकेशन व शिवराम पुत्र जगन्नाथ लाठी डंडा लेकर घर में घुस आए और पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि घर में मौजूद सभी परिजनों को काफी मारा पीटा और घर के छप्पर में आग लगा दी जिससे उन्हें काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़िता ने बताया घटना की जानकारी खमरिया पुलिस को दी गई तो तत्काल मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही प्रभारी निरीक्षक थाना खमरिया ओपी राय ने बताया सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर गई थी और पीड़िता की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही की जा रही है।

## बीमा के नाम पर पैसा हड़पने का आरोप मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) एक महिला ने बीमा के नाम पर तीन लाख रुपए धोखाधडी कर पैसे हडपने का आरोप लगाते हुये दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी के ग्राम रानीगंज निवासी द्रोपदी पत्नी सुरेन्द्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी मूलचंद पुत्र कामता प्रसाद लखनऊ में जनविकास मल्टी प्रपज कोआपरेटिव सोसाइटी में बीमा एजेण्ट है। जिसने 26 नवम्बर 2014 को 6 वर्ष में दो गुना पैसा कराने के नाम पर तीन लाख रुपए लेकर बीमा कर दिया। जब 6 साल बाद बीमा का समय पूरा हो जाने के बाद मूलचंद के घर पैसा मांगने गई तो उसने चार साल का समय बढाने की बात कहकर टाल दिया। चार साल का समय पूरा हो जाने पर जब उससे फिर अपने पैसे मांगे तो गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला का कहना है कि मूलचंद ने बीमा के नाम उसने धोखाधडी कर पैसे ठग लिये हैं।

**कार्यालय जिला नगरीय विकास अभिकरण**
**कम्पनीबाग, लखीमपुर-खीरी**

पत्रांक-596/02/डूडा, लखीमपुर-खीरी/2021-25 दिनांक- 29.03.2025

**अल्पकालीन ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), लखीमपुर द्वारा पंजीकृत ठेकेदारों से उनके पंजीकरण की सीमा के अंतर्गत शासन/सूडा लखनऊ द्वारा स्वीकृत नगर पंचायत-निघासन की 01 परियोजना में कराये जाने वाले इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण कार्यो हेतु निविदायें ई-टेण्डर के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विवरण एवं प्रपत्र वेबसाइट http://etender.up.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। निविदायें दिनांक-02.04.2025 से 17.04.2025 पूर्वान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जायेगी, मुख्य बिड डॉक्यूमेंट, निविदा शुल्क एवं प्रतिभूति धनराशि के बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक-17.04.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे एवं तकनीकी निविदा दिनांक-17.04.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे स्थान कलेक्ट्रेट सभागार में आनलाइन खोली जायेगी ।

(डा. अजय कुमार सिंह)
परियोजनाअधिकारी
डूडा, खीरी

संक्षेप

## 6 बीघा गेहूं की फसल जली

जौनपुर।सिरकोनी विकास खण्ड के मनहन गांव में मंगलवार की दोपहर बिजली के तारों से निकली चिंगारी से कई किसानो की 6 बीघा गेहूं की फसल जल गई।पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। उक्त गांव निवासी तारा सिंह, सर्वजीत मौर्य, लालबहादुर मौर्य, गोपाल मौर्य व अन्य किसानों का सटा हुआ खेत है इन्हीं खेतों से गए हुए चकरोड के ऊपर से हाई टेंशन तार गया हुआ है।तेज हवा के चलते बगल में स्थित पेड़ की डाल तार से रगड़ खा रही थी, जिसकी वजह से दोपहर में तार चिनगारी निकालते हुए टूट गया और गेहूं की फसल में आग लग गई।जिसके बाद धीरे-धीरे आग पूरे खेत में फैल गई।तेज धूप और हवा होने के कारण आग बढ़ती चली गई। लोगो ने इसकी सूचना बिजली और दमकल विभाग को दी , बिजली कर्मियों ने तत्काल सप्लाई बंद कर दी। दमकल विभाग की गाड़ी जब पहुंची तो आग पर काबू पाया जा चुका था।

## संचारी रोगों के प्रति किया जागरूक

आजमगढ़।जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान (01 से 30 अप्रैल 2025) एवं दस्तक अभियान (10 से 30 अप्रैल 2025) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत रैली के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराते हुए लोगों को संचारी रोगों को प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होने कहा कि 1 अप्रैल से संचारी रोग अभियान चलेगा और दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत आशा व आंगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण कर क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों, कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां एकत्र करेंगी तथा संचारी रोग के सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार करेंगी एवं उनको संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करेंगी। डीएम ने कहा कि हीट वेव के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज विभाग एवं नगरीय क्षेत्र में अधिशासी अधिकारियों को हीट वेव से बचाव के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।इस अवसर पर सीएमओ डॉ अशोक कुमार, डीआईओएस उपेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिषदीय स्कूल हो रहे बेहतर, करायें नामांकन

जौनपुर,। नए शिक्षण सत्र पर सर्वप्रथम सुबह 7:45 पर सिकरारा ब्लाक प्रमुख संजय सिंह बीइओ अजीत सिंह व धीरू सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने प्राथमिक विद्यालय बथुआवर पर प्रधानाध्यापक संयुक्ता सिंह व विद्यालय के शिक्षकों के साथ मुख्य गेट पर ही बच्चों को तिलक रोरी चंदन लगाकर पुष्प वर्षा के साथ बच्चों का स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि शासन के मंशानुरूप बिना किसी भेदभाव के शासकीय योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। कायाकल्प के माध्यम से विद्यालय के सभी 19 पैरामीटर पर पूर्ण किया जा रहा है। बीइओ ने कहा कि शिक्षक भी अपने कर्तव्यों का सुचारू रूप से निर्वहन करते हुए गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान कर रहे है, आप सभी अपने बच्चों का प्रवेश परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराए जिससे शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि आज सभी शिक्षक स्वप्रेरित है और ससमय विद्यालय उपस्थित होकर पठन पाठन में लगे हुए है जिसका परिणाम है कि हमारे परिषदीय विद्यालय के बच्चों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों से बेहतर है। एसएमसी अध्यक्ष संजय राय फूलकुमारी शुक्ला उपाध्यक्ष शुभम पाल रीनू देवी आशा देवी सुषमा यादव राजकुमारी चिंता सितारा देवी तथा अभिभावक उपस्थित रहे।

## घर-घर अभियान में सरकार की उपलब्धियों को बता रहे कार्यकर्ता

सोनभद्र। भाजपा का घर-घर-संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों को जनता को अवगत कराया जा रहा है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ0धर्मवीर तिवारी ने कहा की उत्तर प्रदेश के लिए योगी आदित्यनाथ सराकर द्वारा उत्तर प्रदेश के गरीबों को योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है।आम जनता में सरकार के प्रति विश्वास है।सरकार गरीबों की पिछड़ों की मजदूरों की महिलाओं की आम जनता की सरकार है। किसानों को खुशहाल बनाया और युवाओं को भरपूर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# चैत्र नवरात्र मेला में देवी मां के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



मीरजापुर।मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर दर्शन के पूजन के लिए कतारबद्ध होकर सुचारू ढंग से दर्शन करते रहें। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने स्वंय श्रद्धालुओ को सुचारू ढंग से दर्शन पूजन हो सकें, प्रातः काल लगभग 05 बजे विन्ध्याचल पहुंचकर श्रद्धालुओ के लिए किए गए व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन भी किया। श्रद्धालुओ की भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने काफी समय तक स्वंय कमान को संभालते हुए श्रद्धालुओ का मार्ग दर्शन किया तथा उनसे व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की।बिहार व अन्य प्रदेश व जनपदो से आए श्रद्धालुओ के द्वारा बताया गया कि सफाई, छाया आदि की बेहतर व्यवस्था हैं, यह भी बताया गया कि इतनी भीड़ होने बावजूद भी अधिक समय तक लाइन में नही खड़ा होना पड़ रहा है सुविधापूर्वक दर्शन प्राप्त हो रहा हैं।

जिलाधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान पुरानी वी0आई0पी0 मार्ग, न्यू वी0आई0पी0 मार्ग, कोतवाली गली, कारीडोर परिसर, पक्का घाट, दीवान घाट, अखाड़ा घाट सहित कई स्थलो का निरीक्षण किया तथा ड्यूटीरत जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटो व पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पुलिस अधिकारी से समन्वय स्थापित कर एक साथ अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहे ताकि कही भी किसी श्रद्धालु को किसी प्रकार असुविधा न होने पाए।उन्होंने इस दौरान पेयजल की व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर व जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में भ्रमण कर हैण्डपम्पो, नल की टोटियो आदि का निरीक्षण करते रहे ताकि यदि कही गड़बड़ हो तत्काल उसे मरम्मत करा लिया जाए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य कैम्पो का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने पूरे मेला क्षेत्र को स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने के लिए कार्यरत सफाई कर्मियों, सफाई नायको व सफाई मित्रो के कार्यो की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि अनवरत सफाई व्यवस्था करते रहे।

## तीसरे दिन किया मां चंद्रघंटा का पूजन अर्चन

जौनपुर। वासंतिक नवरात्रि के तीसरे दिन देवी मन्दिरों में मां चंद्रघंटा का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। मां शीतला धाम चैकिया में माता का विश्राम के बाद भोग लगाया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का मजघट रहा।मां के माथे पर अर्धचंद्र सुशोभित है. इसलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है. इनके दसों हाथों में अस्त्र-शस्त्र हैं और इनकी मुद्रा युद्ध की मुद्रा है। इसी कारण से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है. इनके शरीर का रंग सोने की तरह चमकीला है, मां के दस हाथ हैं, जिनमें अलग-अलग अस्त्र और शस्त्र होते हैं. वहीं, मां चंद्रघंटा का वाहन सिंह है. मान्यता है कि मां चंद्रघंटा की सच्ची निष्ठा से पूजा-अर्चना करने से जीवन में शांति, समृद्धि और मानसिक संतुलन आता है।



मां चंद्रघंटा को दूध और दूध से बनी मिठाइयों का भोग समर्पित किया जाता है।तीसरे दिन का शुभ रंग लाल होता है.।पौराणिक कथा के अनुसार, महिषासुर नाम के एक राक्षस ने देवराज इंद्र का सिंहासन हड़प लिया था. महिषासुर स्वर्गलोक पर राज करना चाहता था. उसकी यह इच्छा जानकार देवता चितिंत हो गए, जिसके बाद वे अपनी इस परेशानी के लिए त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और शंकर के पास पहुंचें. महिषासुर के आतंक की गाथा सुनकर त्रिदेव क्रोधिक हो गए. इस क्रोध के चलते तीनों के मुख से ऊर्जा उत्पन्न हुई. इसी उर्जा से मां चंद्रघंटा का जन्म हुआ. महिषासुर का अंत करने के लिए भगवान शंकर ने मां को अपना त्रिशूल और भगवान विष्णु ने अपना चक्र प्रदान किया. इसके बाद सभी देवी देवताओं ने भी माता को अपना-अपना अस्त्र सौंप दिया. इंद्रदेव ने मां को अपना एक घंटा दिया. इसके बाद मां चंद्रघंटा ने महिषासुर का संहार कर देवताओं की रक्षा की।

## सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई ईद-उल-फितर की नमाज



सोनभद्र। ईद-उल-फितर की नमाज के दृष्टिगत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा रॉबर्ट्सगंज क्षेत्रान्तर्गत लगातार भ्रमणशील रहकर ईद-उल-फितर पर्व की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, व बाजारों आदि में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। सीसीटीवी, वीडियो रिकॉर्डिंग व ड्रोन कैमरों के मदद से संवेदनशील क्षेत्रों की सतत निगरानी की गयी।

ईद-उल-फितर की नमाज के दृष्टिगत आमजन व धर्मगुरुओं से संवाद कर शांति व सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की जा गई। शांति एवं कानून व्यवस्था में खलल डालने वाले शरारती तत्वों को सख्त चेतावनी दी गई।मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों व मस्जिद के आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर धर्मगुरुओं व आमजन से संवाद कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराते हुए ईद-उल-फितर की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

## एनसीएल ने ग्राम कठास में लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



सोनभद्र। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय-समय पर सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।इसी कड़ी में एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत गत शनिवार को ने ग्राम कठास, चितरंगी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत से चिकित्स्कों की टीम के द्वारा विभिन्न समस्याओं के आधार पर उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी (सीएसआर), सीडब्ल्यूएस एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र के दूरस्थ स्थानों में उच्च स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने हेतु ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कंपनी की सामुदायिक कल्याण की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

जौनपुर।परिषदीय स्कूलों में नए सत्र का आगाज मंगलवार से हुआ।विद्यालयों मे बच्चों का शिक्षकों ने फूलों से व टीका लगाकर स्वागत किया।पहले दिन स्कूलों को सजाया गया। शाहगंज ब्लाक मे स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ पीएम श्री कम्पोजिट विधालय कयार व कम्पोजिट विधालय खलीलपुर से हुआ। रैली को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शिक्षक व बच्चे अपने हाथों मे रंग बिरंगी झण्डियां तथा शिक्षा प्रेरक नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे।इसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। अजय सिंह ने कहा कि अभिभावकों से अपील किया जा रहा है कि 6 से 14 वर्ष का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रहे।साथ ही सरकारी परिषदीय विद्यालय में अपने बच्चों का नामांकन कराएं और सरकार द्वारा निशुल्क शिक्षा का लाभ उठायें। बीईओ बसन्त कुमार शुक्ल ने अभिभावकों से अपील किया कि अपने परिवार के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं।विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं।पर्याप्त कमरे, सभी कमरों में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, पानी पीने के लिए टंकी एवं बहुटोटियां, स्वच्छ शौचालय, पंखे, स्मार्ट क्लास एवं प्रोजेक्टर की व्यवस्था है।

## जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न

सोनभद्र।जिला गंगा समिति की बैठक कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।नदी के किनारे स्वच्छता बनाये रखने के उद्देश्य से वृहद स्वच्छता सफाई अभियान तथा स्कूलों, विद्यालयों में जन जागरूकता कार्यक्रम आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया।इसी प्रकार से घाट आधारित पर्यटन को बढ़ावा देना, घाटों का रखरखाव, स्वच्छता पखवाड़ा, मानसून काल में जल संरक्षण आदि बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पौध रोपण के साथ ही ज्यादा संख्या में बीज के माध्यम से ही पौध तैयार किया जाये, उन्होंने कहा कि इस समय जंगलों में आग लगने की घटनाएं प्रकाश में आ रही है, आग की घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं डीएफओ सुनिश्चित करायें और रोस्टर के अनुसार वन विभाग के अधिकारियों ड्यूटी लगायी जाये, जिससे कि आग लगने वाली घटनाओं को रोका जा सके।उन्होंने कहा कि हरीतिमा ऐप पर वृक्षारोपण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जिओटैग किया जाये, अन्य विभागों के वृक्षारोपण की सफलता व अनुरक्षण किया जाये, वषार्काल वृक्षारोपण 2024 को रोपित किये गये पौधों के सुरक्षा एवं सिंचाई की व्यवस्था की जाये, वर्ष 2023-24 व 2024-25 में कराये गये वृक्षारोपण की जीवितता प्रतिशत रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी कुंज बिहारी वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## हिण्डाल्को यूटिलिटी स्पोर्ट्स टीम का होली मिलन संपन्न

रेणुकूट,सोनभद्र। हिण्डाल्को में यूटिलिटी स्पोर्ट्स टीम की तरफ से क्लब हिण्डाल्को में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया।

मुख्य अतिथि के तौर पर सीमा सिंह एवं विशिष्ट अतिथि निक्की कुमार का क्रमशः एकता मिश्रा एवं कुमुद यादव ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनन्दन किया।इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा यूटिलिटी की टीम के साथ मिलकर केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जनसम्पर्क एवं प्रशासनिक प्रमुख यशवंत कुमार, फायर एवं सेफ्टी हेड-जे.एस तिवारी, लैब एवं आर एंड डी प्रमुख सुनील मिश्रा, प्रोजेक्ट्स विभाग के सहायक उपाध्यक्षश्री बीपी शर्मा, सर्विसेज हेड तपस चैधरी, वरिष्ठ अधिकारी-प्रवीण साहू, घनश्याम समेत अन्य



अधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए बॉयलर एवं को-जेन विभाग के किशन पांडेय ने कार्यक्रम में आए हुए वरिष्ठ अधिकारियों का अभिनंदन किया तत्पश्चात्अपने साथियों-अमन, सोमेश, पीयूष, सौरभ, आकाश, अभिषेक, संजय, अतुल, कृष्ण, सर्वेश, अनुराग, अभिनव, विभव, सूरज, अनूप, पुनीत, सर्वेश, शुभम, रोहित, प्रभात, पुष्पेंद्र, ऋतिक, आशीष, सोनू, आनंद, संदीप, हरिओम, सुहैल, ज्ञान, जबीर, विपिन उज्जवल, नीलेश, अभिमन्यु, ब्रज, अनिल, तुषार व अन्य ने कार्यक्रम में पधारे सभी अधिकारियों व अन्य साथी खिलाड़ियों को अबीर-गुलाल लगाकर एकजुटता का संदेश दिया।

## विन्ध्याचल विन्ध्य महोत्सव के मंच पर बालीवुड सिंगर वरदान सिंह ने मचाया धूम




मीरजापुर।मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल चल रहे नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव में जहां मुम्बई नगरी के बालीवुड सिंगर व देश अन्य प्रदेशों से जाने माने कलाकारो के द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है वहीं स्थानीय कलाकारो के गीतो ने भी लोगो को अपनी तरफ आकर्षित किया हैं।

नव दिवसीय विन्ध्य महोत्सव के द्वितीय दिन के कार्यक्रम का प्रदेश के उपाध्यक्ष राज्य वर्ग आयोग (राज्यमंत्री) सोहन लाल श्रीमाली ने देवी चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने सांस्कृतिक मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारो को स्मृति चिन्ह, चुनरी देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि विन्ध्य महोत्सव के आयोजन से जनपद मीरजापुर की संस्कृति व सांस्कृतिक धरोहर, यहां की लोकविधा प्रदेश व देश के कोने-कोने में पहुंचाने का सुनरहा अवसर प्राप्त होगा तो वहीं स्थानीय कलाकारो को भी एक मंच मिलेगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी पर्यटन शक्ति प्रताप सिंह के द्वारा उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग को स्मृति चिन्ह व मां की चुनरी भेंटकर उनका स्वागत व अभिनन्दन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुम्बई नगरी से बालीवुड सिंगर वरदान सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा देवीगीत ह्यह्यमेरी नैय्या उस पार लगाना पडेगा माता रानी मेरे दर पे आना ही पड़ेगा..... भजन सहित अनेक गीत प्रस्तुत कर पूरे माहौल को भक्तिमय बनाते हुए वाहवाही लूटी। तत्पश्चात स्थानीय कलाकारो में बिरहा गायक बद्री कवि का बिरहा देवीगीत, निर्मला प्रजापति, श्रीलक्ष्मी एवं रमेश भवरा के द्वारा अपनी प्रस्तुति कर अनेक देवीगीत, भजन प्रस्तुत किया गया।सांस्कृतिक पंडाल एवं रोडवेज मार्ग पर प्रदेश सरकार के 08 वर्ष पूर्ण होने से सम्बन्धित प्रकाशित विकास पुस्तिका बुकलेट का सूचना विभाग के कर्मचारियों द्वारा आने वाले श्रद्धालु व दर्शनार्थियों को वितरित किया गया।

## रेलवे की मनमानी के खिलाफ दुकानदारों ने डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

मीरजापुर ।मीरजापुर के स्टेशन रोड पर दशकों से अपनी आजीविका चला रहे दुकानदारों ने रेलवे विभाग की कथित मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई है।राजकुमार, सोनू और लक्ष्मी देवी ने जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर रेलवे द्वारा उनकी दुकान और आवंटित भूमि पर जबरदस्ती पीलर निर्माण को रोकने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि यह कदम न केवल उनके अधिकारों का हनन है, बल्कि उनके पूरे परिवार को भुखमरी की कगार पर धकेल सकता है।

दशकों पुराना अधिकार और कानूनी लड़ाई प्रार्थना पत्र के अनुसार, इन दुकानदारों के पास वर्ष 1996-97 की किराया मांग पुस्तिका में रजिस्टर्ड इंद्राज मौजूद है, जिसमें भाग संख्या 62, पृष्ठ संख्या 1-27 और कम संख्या 111 पर उनका नाम अंकित है।यह दुकान स्टेशन रोड पर चाय और नाश्ते के व्यवसाय के रूप में लंबे समय से संचालित हो रही है।इस जमीन और दुकान के अधिकार को लेकर प्रार्थियों की माता रजवंती देवी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में रिट दायर की थी। इस मामले में उच्च न्यायालय के आदेश पर नगरपालिका परिषद, मीरजापुर ने उन्हें यह दुकान और भूमि आवंटित की थी।तब से वे बिजली बिल, गृहकर और जलकर का नियमित भुगतान करते हुए अपने अधिकार का उपयोग कर रहे हैं।उनका आरोप है कि रेलवे विभाग अब इस आवंटित भूमि पर जबरदस्ती पीलर गाड़कर उनके अधिकारों को समाप्त करने की कोशिश कर रहा है। उनका कहना है कि यह निर्माण कार्य उनकी दुकान और आसपास की जमीन की स्थिति को बदल देगा, जिससे उनकी आजीविका छिन जाएगी। प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा, ₹हमारा पूरा परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगा, हम हैरान व परेशान हैं।₹ वे इसे रेलवे की ₹विस्तारवादी नीति₹ करार देते हुए इस कदम को उच्च न्यायालय और नगरपालिका के आदेशों का उल्लंघन मानते हैं।दुकानदारों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेश का सम्मान करते हुए रेलवे विभाग को उनकी दुकान और आवंटित भूमि के आसपास किसी भी तरह का पीलर निर्माण करने से रोका जाए।

## विंध्यवासिनी धाम में गोल्फ कार्ट सुविधा शुरू



मीरजापुर।विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के धाम में लगने वाले चैत्र नवरात्र मेला की प्रथम दिन विधायक नगर, रत्नाकर मिश्र व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गोल्फ कार्ट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। ज्ञात हो कि विंध्यवासिनी कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए गोल्फ कार्ट की सुविधा तथा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है।विंध्य धाम में लगातार श्रद्धालुओं के सुविधाओ को बढ़ावा जा रहा है।मेले का संचालन विंध्य विकास तीर्थ परिषद कर रहा है।अब सीएम के निर्देश पर व्यवस्थाओं में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।इन सुविधाओं के होने से मां विंध्यवासिनी दर्शन के लिए आने वाले वृद्ध व दिव्यांग श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत।

## शराब की दुकान को लेकर किया कोतवाली का घेराव

जौनपुर ।शाहगंज थाना क्षेत्र के हुब्बीगंज रोड स्थित भांदी हेनुआतर गांव समीप देशी शराब की दुकान खोलने की बात सुनकर गांव की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए थाना व कोतवाली का घेराव करते हुए क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर मामले से अवगत कराया।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच




कर रही है। भांदी हेनुआतर गांव निवासी दीपक मौर्या ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि खरौना ग्राम सभा का देशी शराब की दुकान भांदी हेनुआतर ग्राम सभा में जोगिन्दर मौर्या का मकान किराये पर लेकर खोली जा रही है।जिस मकान में दुकान खुल रहा है उसी मकान में किराए पर कमरा लेकर परिवार के साथ लोग रहते आरोप है उक्त रोड पर गांव के बच्चे और बच्चियां पास में स्थित विद्यालय में पढ़ने के लिए जाते हैं।ऐसे में गांव की महिलाओं ने देशी शराब की दुकान का विरोध प्रदर्शन करते हुए थाना व तहसील में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।इस मौके पर कृष्ण चंद यादव, संतोष कुमार, चेतन, राजेश, राशिद, इंदल, राकेश, इश्तियाक, विष्णु, आकाश, नवनीत समेत गांव की समस्त महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं कोतवाली पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच में जुटी।

## विहिम आर्यमगढ़ के जिलाध्यक्ष बने राणा संतविजय



आजमगढ़।विश्व हिन्दू महासंघ (भारत) आर्यमगढ़ की बैठक बेलनाडीह कार्यालय में सम्पन्न हुई।जिसमें राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह (साधू) तथा प्रदेश अध्यक्ष राकेश सिंह ने सर्व सम्मति से प्रदेश व जिला पदाधिकारियों के नाम की घोषणा किया।इस दौरान सर्वसम्मति से विजेन्द्र दुबे उर्फ हलधर दुबे व दीपक सिंह को प्रदेश मंत्री, त्रिपुरारी राय को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, ओमप्रकाश सिंह को मण्डल संयोजक व आदित्य नारायण वर्मा को जिला प्रभारी बनाया गया। साथ ही जिला आर्यमगढ़ के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी राणा सन्तविजय सिंह को दी गई। वहीं राजेश सिंह, ईश्वरचन्द बरनवाल, जितेन्द्र राय को जिला उपाध्यक्ष, अनिल सिंह व पंचम गुप्ता को जिला मंत्री बनाया गया साथ ही साथ श्रीप्रकाश उर्फ राजेश चौबे को जिला मीीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी गई।सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए जिलाध्यक्ष राणा संतविजय सिंह ने कहाकि जिले में संगठन को और मजबूत बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।इस अवसर पर शशिभूषण राय व उपरोक्त जिला पदाधिकारियों व सदस्यों की उपस्थिति रहे।

## एनपीएस यूपीएस के विरोध में अटेवा ने मनाया काला दिवस

आजमगढ़।पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए संघर्षरत संगठन अटेवा के प्रांतीय आह्वाहन पर मंगलवार को पूरे जिले के विद्यालयों, कार्यालयों में काला दिवस मनाया गया।अटेवा आजमगढ़ के जिला अध्यक्ष सुभाष चन्द यादव ने बताया कि आज ही के दिन 1 अप्रैल 2004 को पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर नई पेंशन व्यवस्था एनपीएस लागू की गई थी,एनपीएस के विरोध में अटेवा प्रतिवर्ष 1 अप्रैल को काला दिवस मनाता है, इस वर्ष 1 अप्रैल को ही भारत सरकार के द्वारा एनपीएस के बाद अब एक नई पेंशन योजना यूपीएस लाई गई है जो एनपीएस से भी ज्यादा खराब है।जिला महामंत्री रामजी वर्मा ने बताया कि पूरे जिले के सभी शिक्षक,कर्मचारी,अधिकारी अपने कार्य स्थलों पर दिनभर काली पट्टी बांधकर विरोध किये तथा शाम को माननीय प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष सीपी यादव व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष राजाराम गौतम ने बताया कि आज जिले भर के सभी माध्यमिक विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में व्यापक रूप से काली पट्टी बांधकर एनपीएस, यूपीएस का विरोध किया गया।इसी तरह बहुत से संगठनों द्वारा अटेवा की मांग को जायज ठहराया गया। इस कार्यक्रम में आईटी सेल प्रभारी बद्री गुप्ता,मीडिया प्रभारी गुलाब चैरसिया,जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल विश्वकर्मा,जिला मंत्री बैजनाथकन्नौजिया,जिला संगठन मंत्री मनोज मौर्य,मेंहनगर ब्लॉक अध्यक्ष अजय मौर्या,सोशल मीडिया प्रभारी संजय यादव, सुमित्रा वर्मा और अनेकों कर्मचारियों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया।

## अशोक जिलाध्यक्ष तो बिरजाशंकर बने सचिव

आजमगढ़।नगर के ब्रह्मस्थान स्थित ए एन मेमोरियल स्कूल में वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान आजमगढ़ जिला इकाई की वार्षिक बैठक संपन्न हुई।जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं ईश प्रार्थना से किया गया।इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से अशोक कुमार अग्रवाल को जिलाध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया तथा बिरजाशंकर राय को सचिव, विश्वनाथ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, राम लखन चौरसिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिलशेर यादव उपाध्यक्ष, डॉ राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव विशेष सचिव, सुरेंद्रनाथ पांडे आध्यात्मिक सचिव, रामाशंकर यादव संयुक्त



सचिव, रमेश चंद्र गुप्ता संगठन सचिव, राम पलट यादव प्रचार सचिव, राजेंद्र कुमार अग्रवाल ऑडिटर, डॉ निरंकार प्रसाद श्रीवास्तव मुख्य संरक्षक एवं सुभाष चंद्र श्रीवास्तव को संरक्षक एवं हीरालाल यादव व आनंद प्रकाश श्रीवास्तव को कार्यकारिणी का सदस्य घोषित किया गया।नई कार्यकारिणी को सभी ने माल्यार्पण कर बधाई दी। वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान एक पंजीकृत सामाजिक संस्था है, जिसका उद्देश्य वृद्धजनों की समस्याओं का निराकरण व उनके सामाजिक एवं आर्थिक हितों का संरक्षण करने का है तथा इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी लगन और निष्ठा से काम किया जाएगा।अंत में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को बधाई देते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया।संचालन बिरजाशंकर राय ने किया।इस अवसर पर भारी संख्या में प्रतिष्ठित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कॉलेज का विधायक ने किया उदघाटन

**भटनी(देवरिया)।** निकटवर्ती भटनी-भरथुआ सडक मार्ग के मजूरी चौराहे पर एकभब्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने एलकेजी से कक्षा - 12तक के निःशुल्क बालिका इण्टर कालेज का किया उदघाटन ।विधायक सुरेन्द्र चौरसिया के यहाँ पहुंचने पर कालेज के संचालक संजय धनगढ जयराम यादव सहित भाजपा के कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया ।वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर उदघाटन किया ।इस अवसर पर छात्रोको पुस्तक का भी वितरण हुआ ।संचालक संजय धनगढ ने ड्रेस कापी किताब सहित अन्य ज्ञानवर्धक शिक्षा निःशुल्क देने की घोषणा किया । इस अवसर पर विधायक ने छात्रो व क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज संजय धनगढ ने जो शिक्षा की ज्योति जलायी है ।उसे बुझने नही दुँगा । अखण्ड ज्योति से निकले प्रकाश पुंज सम्पूर्ण क्षेत्र मे शिक्षा की ज्योति जलती रहेगा ।संजय धनगढ ने एक सराहनीय कार्य किया है ।जिसकी जितनी प्रशंशा की जाय कम है ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान गण मनोज गुप्ता लक्ष्मण यादव पूर्व प्रधान राजेश यादव दीपक वर्मा मनोज कुशवाहा पंकज मध्देसिया बिहार दुर्गेश पालदिलीप कुमार सत्येन्द्र कुशवाहा राकेश गोड अमित कुमार बडे ग्राम प्रधान मजूरी खुर्द तेजबहादुर सुदामा पाल उमेश सिंह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।

## गले मिल दी ईद की बधाई

**भेटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के सनहाटिकरी,सरूवावा, उबारपुर मई,टिकावर आदि गांवो मे भाई चारे व प्रेम का त्योहार ईद बड़े धूम धाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। सनहा गाँव मे कर्बला पर सुबह साढ़े आठ बजे ईद की नमाज मौलाना रहता करवाई उबारपुर मई मे ईद की नमाज मौलाना नूर आलम ने अता कारवाई । हाजी शेर अली ,बशीर अहमद, मकबल हुसैन इफ्तिखर अहमद ने बताया कि सौहार्द और प्रेम का प्रतीक ईद का त्योहार बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। हम लोगो ने नमाज अता कर अल्ला ताला से मुल्क के अमन चैन की दुआ मांगी । नमाज खत्म होने पर बच्चों , युवाओ व बृद्धो ने एक दूसरे के गले मिल ईद की बधाई दी और खूब सेवईया भी लोगो ने खाई।

## जेसीबी मशीन से कर डाली गई तालाब की खुदाई

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** ग्राम पंचायत में स्थित तालाब की खुदाई जेसीबी मशीन द्वारा कर दी गई और उसका भुगतान क्षेत्र पंचायत निधि से करा लिया गया। ग्रामीणों की शिकायत पर किसान संगठन ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर तत्काल कार्रवाई की मांग की। लंभुआ विकासखंड क्षेत्र के सराय मकरकोला गांव में जेसीबी मशीन द्वारा तालाब की खुदाई एवं क्षेत्र पंचायत निधि से भुगतान कराने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन के किसान नेता प्रशांत सिंह से की। इसके बाद संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रभात कुमार उर्फ सूरज सिंह समेत अन्य किसान खंड विकास अधिकारी के कार्यालय पहुंच गए और पूरा वीडियो इत्यादि उपलब्ध कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# डीपीओ के कारगुजारी की लंबी है फेहरिस्त

## दागदार डीपीओ की सत्ता में है मजबूत पकड, गुनाहों की लंबी फेहरिस्त के बाद भी कोई खौफ नहीं

- विधायक, जिलाधिकारी और सयुंक्त सचिव पर भारी है डीपीओ का रसूख



**कुशीनगर।** महिला सम्मान व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का दम भरने वाली सूबे की योगी सरकार के इस दावे को कुशीनगर जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय खुलेआम पलिता लगा रहे है।ऐसी चर्चा है कि डीपीओ एक नियोजित तरीके से सरकार की छवि धूमिल कर रहे है। शासन-सत्ता में इनका रसूख इस कदर प्रभावी है कि जिलाधिकारी व संयुक्त सचिव द्वारा डीपीओ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति के बावजूद अब तक इनका कोई बाल बाका नही कर सका। इतना ही नही बीते दिनो हाटा विधायक ने डीपीओ के खिलाफ जांच मे दोषी पाये डीएम के रिपोर्ट के साथ बाल विकास एंव पुष्टाहार मंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी।किन्तु अफसोस डीपीओ के रसूख के आगे सभी बौना साबित हो रहे है।

मुख्यमंत्री जी।कुशीनगर के जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के कुकर्मो की फेहरिस्त बहुत लंबी है ।बात सरकार के महिला सम्मान के विपरीत महिला कर्मियों से छेडखानी व यौन उत्पीड़न का मामला हो या भ्रष्टाचार पर सरकार के जीरो टॉलरेंस के दावे के इतर नियुक्ति व पुष्टाहार वितरण में अवैध धन उगाही की हो। डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय, योगी सरकार की छवि धूमिल करने में कही पीछे नही रहे है। मजे की बात यह है कि दोषी पाये जाने के बाद भी शासन-सत्ता में बैठे जिम्मेदारो में इतनी हिम्मत नही कि वह डीपीओ के विरुद्ध कार्रवाई कर सके। यही वजह है छेडखानी, यौन उत्पीड़न और अवैध धन उगाही जैसे कृत को डीपीओ बेखौफ अंजाम दे रहे है।

**विधायक ने डीपीओ के निलंबन की मांग की :** जनपद के हाटा विधानसभा के विधायक मोहन वर्मा ने बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि तत्कालीन जिलाधिकारी कुशीनगर ने शिकायतो के आधार पर डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध जांच करायी गयी थी। जांच मे डीपीओ अपने कार्मिकों के शोषण, अवैध वसूली, नियुक्ति मे धनउगाही, दायित्वों के प्रति उदासीनता व अनुशासनहीनता के आरोप मे दोषी पाये गये। विधायक ने पत्र में मंत्री से अपेक्षा जताते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी की जांच रिपोर्ट में दोषी पाये गये डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ निलम्बन की कार्रवाई करने की मांग की है।

**डीएम ने डीपीओ के खिलाफ शासन को भेजे है कई पत्र :** कहना न होगा कि तत्कालीन डीएम एस राजलिंगम द्वारा जांच मे दोषी पाये गये जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को भेजे गये पत्र मे कहा था कि डीपीओ द्वारा सुनियोजित तरीके से सीडीपीओ एवं मुख्य सेविकाओं का वेतन अवरूद्ध किया जाता है तथा आर्थिक शोषण कर वेतन आहरित किया जाता है।इसके अलावा किराये के भवन के भुगतान में एक नेटवर्किंग के तहत शासनादेश का पालन न कर मनमाने ढंग से किराए का भवन दिखाकर भवन किराया भुगतान कर धनराशि का बंदरबांट किया जाना पाया गया। जाँच में यह भी पाया गया कि आगनबाड़ी केन्द्रों से धनराशि की वसूली होती है तथा इस कृत्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय लिप्त है। तत्कालीन डीएम ने लिखा है कि आंगनवाड़ी केन्द्रो के निर्माण की स्वीकृति जिला कार्यक्रम अधिकारी के माध्यम से निर्गत हुई थी। इस लिए धनराशि उपलब्ध होने के बाद समय से कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई करने का दायित्व जिला कार्यक्रम अधिकारी की है जो इनके द्वारा नही किया गया। तत्कालीन डीएम ने डीओ लेटर मे लिखा है कि स्वयं उनके द्वारा कार्यदायी संस्था के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए का निर्देश डीपीओ श्री राय को दिया गया था किन्तु डीपीओ श्री राय ने संबधित किसी भी कार्यदायी संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नही कराये और न ही कोई कार्रवाई की, जिसके वजह से न तो अपूर्ण आंगनवाड़ी केंद्र भवन पूर्ण हुए और न ही दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई सुनिश्चित हो पायी। स्पष्ट है कि प्रकरण मे जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय की ओर से अपने दायित्वों में घोर लापरवाही बरती गयी है। डीएम ने डीपीओ श्री राय के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने की संस्तुति की थी। इसके अलवा डीएम द्वारा डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ धन उगाही, शोषण, यौन उत्पीड़न सहित 11 बिन्दुओ पर टीम गठित कर कराये गये जांच में दोषी पाये गये डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध कार्रवाई करने अनुशंसा की थी। किन्तु शासन-सत्ता मे प्रभावी रसूख के कारण डीपीओ पर आज तक कोई कार्रवाई नही हुई।

**यौन उत्पीड़न मामले को शासन ने लिया संज्ञान :** ऐसी चर्चा है कि जोमैटो के महिला कर्मचारी के साथ छेडखानी व यौन उत्पीड़न के मामले जिलाधिकारी द्वारा कराये गये जांच मे दोषी पाये गये डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के विरुद्ध इस बार कार्रवाई तय मानी जा रही है। सबब यह है कि जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जांच रिपोर्ट के साथ डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई करने की जो सहमति पत्र भेजा है उसे शासन ने गंभीरता से लिया है। अब देखना दिलचस्प होगा रसूखदार डीपीओ के विरुद्ध कार्रवाई होती है या फिर हर बार कि तरह डीपीओ श्री राय अपने रसूख के प्रभाव के बल पर खुद को बचाते हुए सरकार की छवि धूमिल करने के अभियान को जारी रखते है।

## अकीदत के साथ अदा की गयी ईद-उल-फित्र की नमाज

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय नगर सहित क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से अक़ीदत व ऐहतराम के साथ मस्जिदों में अदा की गई ईद-उल-फित्र की नमाज। नमाज की पूर्व संध्या पर ही नगर व क्षेत्र की मस्जिदों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। सुबह से ही ईद की तैयारियों में मस्जिदों के तरफ नमाज अदा करने के लिये लोगों का जुनून देखने को मिला। नगर के ईमाम चौक कि बड़ी मस्जिद हतवा गाँव की मस्जिद सहित नूरीगंज की मस्जिद का भी नजारा देखने लायक था। बड़ी मस्जिद के प्रांगण में नमाज अपने समय से शुरू की गई जिसमें नगर सहित दूर दराज के लोगों ने भी नमाज अदा किया। नमाज के दौरान मस्जिद के ईमाम खुशनूद रजा ने देश की अमन चैन खुशहाली और सलामती की दुआ माँगी। नमाज के खत्म होने पर लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी जिसमें अन्य समुदाय के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करते हुए ईदगाह में पहुँच कर सभी को ईद के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी जिसमें मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता पूर्व अध्यक्ष डॉ बलराम जायसवाल पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा मोहन लाल गुप्त अजय कुमार यादव प्रबन्धक बहादुर यादव महिला पीजी कॉलेज भटनी संबंधित वार्ड के सभासद पति लालबिहारी प्रजापति सलीम अली सभासद सहित सतेंद्र कुमार गुप्ता अवधेश गुप्ता राजकुमार गुप्ता सहित नगर के सम्मानित लोगो ने बाद नमाज बधाईयों का क्रम जारी रखा। जिस दौरान मुख्य रुप से मस्जिद के सदर शमशुद्दीन रोशन जमीर( कल्लू ) गुड्डू अन्सारी अब्दुल्लाह मंसूरी अख्तर हुसैन दिलशाद अहमद निजामुद्दीन मंसूरी रियाजुद्दीन भोलू मुर्तजा अंसारी रईस अंसारी सोबराती रियाज अहमद सेराज अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें ।इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में भी ईद की नमाज अपने समय से शुरू हुई जिसमें परसौनी बरसात बभनौली खोरीबरी रजवल मिश्रौली चाँदपार सहित क्षेत्र के तमाम मस्जिदों में ईद की नमाज अक़ीदत के साथ अदा की गई। नमाज के पूर्व सुबह से ही थानाध्यक्ष अश्वनी प्रधान ने अपने पुलिकर्मियों के साथ नगर व क्षेत्र की तमाम मस्जिदों का जायजा लेते हुए चाक चौबंद दुरुस्त रखा।

## जनपद में गेहूं खरीद शुरू, क्रय केंद्रों पर किसानों का माला पहनकर किया गया भव्य स्वागत



**अमेठी।** जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत गेहूं खरीद वर्ष 2025-26 हेतु आज दिनांक 01 अप्रैल 2025 को जनपद के खाद्य विभाग के केंद्र सिंहपुर, मुसाफिरखाना, जायस मंडी प्रथम, द्वितीय व तृतीय, सेमरौता एवं बाहापुर कुल 7 केंद्रों पर 7 किसानों से कुल 238 कुंतल की खरीद की गई। केंद्र सिंहपुर पर जिला खाद एवं विपणन अधिकारी के द्वारा किसान धीरेंद्र कुमार ग्राम पुरे गंभीरशाह, पन्हौना को माल्यार्पण कर खरीद प्रारंभ की गई। केंद्र पर किसान धीरेंद्र कुमार के द्वारा 90 कुंतल गेहूं विक्रय किया गया। इसी प्रकार केंद्र मुसाफिरखाना पर किसान शिव बहादुर सिंह ग्राम हरदोइया गौरीगंज के द्वारा 15.50 कुंतल, जायज मंडी प्रथम पर किसान अखिलेश कुमार ग्राम सभा बघेल के द्वारा 27.50 कुंतल, जायज मंडी द्वितीय पर किसान रामखेलावन ग्राम मवई आलमपुर के द्वारा 25 कुंतल, जायज केंद्र तृतीय पर किसान विकास चौरसिया ग्राम ब्राह्मनी के द्वारा 40 कुंतल, किसान गजेंद्र सिंह ग्राम बाहापुर के द्वारा 20 कुंतल एवं किसान सतीश कुमार बसंतपुर सेमरौता के द्वारा 20 कुंतल गेहूं विक्रय किया गया। उक्त केंद्रों पर किसानों को माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर खरीद प्रारंभ की गई। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 82 क्रय केंद्र अनुमोदित हैं जिसमें से 07 क्रय केंद्रों पर आज से खरीद प्रारंभ हो गई है शेष 75 केंद्रों पर गेंहू खरीद किसानों के आवक के अनुसार शीघ्र ही प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी उपज का लाभ प्राप्त हो इसके लिए जायज मंडी में बड़े स्टाक होल्डर/ट्रेडर्स/प्रोसेसर्स व अन्य के साथ बैठक की गई। बैठक में दुष्यंत अग्रहरि जायस, अजय अग्रवाल गौरीगंज, प्रदीप अग्रवाल जायस, सुमंत राज अग्रवाल जायस, प्रदोष जायस, मेसर्स निशा राइस मिल जायज, अमन भालोठिया गौरीगंज, सौरभ भालोठिया अमेठी, पुनीत भालोठिया अमेठी, उत्सव भालोठिया अमेठी, शुभम भालोठिया अमेठी, आनंद कुमार अग्रवाल गौरीगंज, मोहम्मद फहीम जायस, सिराज अहमद जायस, विनय कुमार जायस, मेसर्स जय भोले, महेंद्र कुमार, मेसर्स आरके ट्रेडर्स, राकेश कुमार, मेसर्स रामा ट्रेडर्स, मेसर्स आकांक्षा ट्रेडर्स, मेसर्स सोनू ट्रेडर्स उपस्थित थे।

# स्कूल चलो अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ

**देवरिया।** शिक्षा को सभी तक पहुँचाने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ विकास भवन, में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पांडेय उपस्थित रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती शालिनी श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया, जबकि बेसिक शिक्षा परिषद की अध्यापिका तूलिका चतुर्वेदी ने स्वागत गीत से अतिथियों का अभिनंदन किया।




मुख्य अतिथि डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना हम सभी का लक्ष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए सरकार पूरी तरह कृतसंकल्पित है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों की सराहना की और कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि सभी बच्चे विद्यालयों से जुड़ें।

डीएम श्रीमती दिव्या मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता और कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। उन्होंने शिक्षकों से भी अपने कर्तव्यों का समुचित निर्वहन कर एक शिक्षित समाज की नींव रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने छात्रों से संवाद किया और उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ के संबोधन का टेलीविजन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया, जिससे उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरणा मिली। उन्होंने 'स्कूल चलो अभियान' को उत्तर प्रदेश सरकार की एक प्रमुख पहल बताया, जिसका उद्देश्य 6-14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क शिक्षा से जोड़ना है। इस अभियान के तहत घर-घर संपर्क, प्रेरक रैलियाँ एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि प्रत्येक बच्चे को स्कूल में प्रवेश दिलाया जा सके। सरकार का मुख्य लक्ष्य ड्रॉपआउट दर को कम करना और शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। सरकार के प्रयासों से प्राथमिक शिक्षा में सुधार आया है, जिससे प्रत्येक छात्र को समय पर पाठ्यपुस्तकें, कॉपियाँ, यूनिफॉर्म, जूते, स्वेटर आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। इसके पश्चात सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने छात्रों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही समस्त ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर बीइओ के नेतृत्व में तथा विभिन्न विद्यालयों में छात्रों ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैलियाँ निकालीं।

## स्कूल में चोरी से शिक्षण कार्य स्थगित

**बाजार शुकुल, अमेठी।** बिकास खंड के कंपोजिट विद्यालय नीमपुर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। ऊ30 मार्च की रात को अज्ञात चोरों ने स्कूल के स्मार्ट क्लास का ताला तोड़ दिया। चोरों ने स्कूल से खाना बनाने के बर्तन, आंगनबाड़ी सामग्री व कई महत्वपूर्ण उपकरण चुरा लिए। चोरी का पता सुबह 8 बजे चला। प्रधानाध्यापक ने जैसे ही सूचना दी, ग्राम पंचायत शिक्षा समिति के सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। चोरी गए सामान में स्टील के बर्तन, मिक्सी ग्राइंडर, 25 लीटर का कुकर शामिल हैं। इसके अलावा खेल सामग्री, बैटरी, पंखा, सोलर पैनल, ब्लूटूथ स्पीकर और स्टेशनरी का सामान भी गायब है। चोरों ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी ले गए हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति का कहना है कि इस चोरी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। स्कूल प्रशासन ने थाना प्रभारी से एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर** बीआरसी कार्यालय में मंगलवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय दियरा (प्रथम) के प्रधानाध्यापक जय प्रकाश सिंह, कंपोजिट विद्यालय खड़सरा के सहायक अध्यापक हरिश्चंद्र शर्मा और कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राजलक्ष्मी सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ मोतिगरपुर बलदेव प्रसाद यादव ने की। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और परिश्रम से शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है। ये सेवानिवृत्त जरूर हुये हैं, पर सेवा के दायित्वों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की हमेशा अपेक्षा रहेगी समारोह में शिक्षकों को शॉल, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। सम्मान समारोह के दौरान वक्ताओं ने शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की और उनके योगदान को सदैव याद रखने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सत्यदेव सिंह, एआरपी अनिल कुमार, मुकेश सिंह, अखिलेश उपाध्याय, सत्येंद्र बहादुर, मैथिली शरण मिश्र, कौशिक सिंह आदि मौजूद रहे।




## पुलिस सुरक्षा में शांतिपूर्वक अदा हुई ईद की नमाज

- देश की तरक्की और अमन चैन की मांगी गयी दुआ

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** सोमवार को ईद का त्यौहार कूरेभार क्षेत्र मे पूरी अकीदत से मनाया गया।

ईद-उल-फितर इस्लाम धर्म में सबसे खास त्योहारों में से एक है। रमजान के अंतिम दिन चांद को देखने के बाद ईद-उल-फितर को मनाया जाता है। सोमवार की सुबह ही मुस्लिम समुदाय के हजारों युवा, बुजुर्ग, बच्चे नए कपड़े धारण कर मस्जिदों ईदगाहों में पहुँचे। जहां ईद की नमाज अदा की। कस्बा कूरेभार की बेलाल जामा मस्जिद सहित क्षेत्र के परवर, सेउर, मुसहरन चना, सेमरा, निदूरा, रुसाहा आदि मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुबह आठ बजे ईद की नमाज पूरी अकीदत के साथ मस्जिदों/ईदगाहों पर पूरे रिवायती ढंग से अदा की गयी। कूरेभार की बड़ी ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। इस मौके पर ईद की खुशी का



इजहार सब नमाजियों के चेहरे पर साफ झलक रहा था।

कूरेभार के पूर्व प्रधान मो0 असलम खान ने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद का दिन पूरी इंसानियत के लिए पूरी दुनिया के लोगों के लिए अमन का खुशी का सुकून का जरिया बनता है। ईद मोहब्बत का पैगाम देता है। ईद का भाईचारे और मिलनसारी का संदेश देता है। सेउर निवासी वकील रिजवान अहमद ने ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद पर पैगाम यह भी है कि पूरे महीने में जिस तरह से हलाल और अल्लाह की रजामंदी के लिए नेक काम किये, रोजे रखे इबादत किया और जहां तक हो सका गरीबों का इंसानों का एहतेराम किया। हमेशा पूरे साल इसका ख्याल रखा जाये। इस दौरान एसओ कूरेभार शारदेन्दु दुबे हमराही सिपाहियो के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते रहे। कूरेभार प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन सहित अन्य हिन्दू भाइयों ने सैकड़ों मुस्लिम जमात के लोगों से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद व भाईचारा का संदेश दिया।

## अग्निकांड के पीडित परिवारों को विधायक ने दिया आवश्यक उपभोग का पैकेट

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भरहेचौरा के खैरा टोला मे शुक्रवार की लगी आग मे 32घर आग की चपेट मे आकर जलकर राख हो गयी ।पीडित परिवार अपने आशियाना के अभाव मे आकाश तले रहने के मजबूत और दाने दाने के लिए मोहताज हो गये ।घटना के तीसरे दिन विधायक सुरेन्द्र चौरसिया गाँव मे राजस्व के अधिकारियों व जिला पंचायत के सदस्य व भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व मे पीडित परिवारों को आवश्यक उपभोग की वस्तुओं का पैकेट वितरित किया ।पीडित परिवार खाद्यान्न पाकर पीडितो के खिल उठा चेहरा ।बताया गया है कि आग इतना विकराल रुप धारण किया कि अपने आगोस मे पुरे कुन्बे को ही ले लिया था ।जिसमे सभी पीडित परिवारों के अरमान जलकर राख मे तब्दील हो गया था । अग्निशमन दस्ता भी काम नही आया ।घटना की सूचना पर विधायक सुरेन्द्र चौरसिया गाँव मे जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह भाजपा मण्डल अध्यक्ष रोहित कुमार मिश्र पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश प्रजापति नगर पंचायत अध्यक्ष भटनी विजय कुमार गुप्त दीपक वर्मा अनूप राय टार्जन यादव लेखपाल व कानूनगो के साथ गाँव पहुंच कर पहले पीडित परिवारों से मिलकर उन्हें हर सम्भव सहायता दिलाने व साथ मे खडे रहने का आश्वासन दिया ।वही लेखपाल व कानूनगो से क्षति का आकलन कर शीघ्र आर्थिक सहायता दिलाने का निर्देश दिया। प्राथमिकता आशियाने का है । जिसे दिलाने का पुरा प्रयास करने की बात कहा ।वैसे पीडित परिवार अभी अपने सीमित संशाधनों से कुछ व्यवस्था कर किसी तरह से अपना काम चला रहे है ।पीडित परिवार की सहायता के लिए समाजसेवियों को आगे आने का आह्वान भी किया ।

# संस्कार भारती ने धूमधाम से मनाया नववर्ष महोत्सव

- उत्तराखण्ड के छोलिया नृत्य ने कार्यक्रम में बिखेरे रंग

**देवरिया।** भारतीय नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर संस्कार भारती की देवरिया इकाई ने सोमवार की शाम रामलीला मैदान में भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया, जो देर रात तक चला। इस आयोजन में रंगमंच व ललित कलाओं से भारतीय संस्कृति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ.शलभमणि त्रिपाठी, प्रांतीय अध्यक्ष भारतभूषण, पूर्व क्षेत्र सहप्रमुख वीरेंद्र गुप्ता, गोरखपुर महानगर महामंत्री आलोक कुमार, प्रांत मंत्री सुशील श्रीवास्तव, महानगर मंत्री जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सहप्रांत कार्यवाहक वीरेंद्र, नगर प्रचारक पंकज, श्याम सुंदर वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद संस्कार भारती के सदस्यों ने ध्येय गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल, महामंत्री राजेंद्र जायसवाल सहित संस्था के सदस्यों ने अंगवस्त्र प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनमें भजन संध्या, लोक नृत्य, नाटक व अन्य मनोरंजन गतिविधियाँ शामिल थीं। विशेष आकर्षण का केंद्र उत्तराखंड का प्रसिद्ध छोलिया नृत्य रहा, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा। इस कार्यक्रम में संस्कार भारती के कलाकारों और स्थानीय स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों और लोक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ दीं।

जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बरनवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। संस्कार भारती का उद्देश्य भारतीय कला और संस्कृतियों को सहेजना और प्रचारित करना है, ताकि युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी रहे। मुख्य अतिथि विधायक शलभमणि त्रिपाठी ने अपने कहा कि संस्कार भारती द्वारा आयोजित यह महोत्सव भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और युवा पीढ़ी तक पहुँचाने का काम निरंतर करना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल कला का संरक्षण होता है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता को भी बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ0 रविकान्त मणि त्रिपाठी ने किया। महामंत्री राजेन्द्र जायसवाल ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर महेंद्र गुप्ता, डॉ0 सौरभ श्रीवास्तव, हरिप्रसाद सिंह, उपेन्द्र शाही, परमेश्वर जोशी, पूनम मणि त्रिपाठी, पुरुषोत्तम मरोदिया, अखिलेश जायसवाल, अमित मोदनवाल, कृपा निधान गुप्ता, जीवनलाल बरनवाल, शशांक मणि त्रिपाठी, कृष्ण मोहन गुप्ता, नित्यानंद यादव, राणाप्रताप सिंह, शक्ति गुप्ता, अटल बरनवाल, राजेश नारायण, नमो नारायण, मुन्नी लाल शर्मा, सुभाष मद्देशिया, कंचन कुमार बरनवाल रवि कान्त मणि त्रिपाठी, अजीत मिश्रा, शिवेन्द्र तिवारी, उमाशंकर मद्देशिया, रवि शंकर गुप्ता, राजेन्द्र कुमार मौर्य, अनिल कुमार जायसवाल, बैजनाथ रौनियार, हीरा वर्मा, कपिल सोनी, ज्ञान चन्द्र बरनवाल , संतोष जायसवाल, सुराज जोशी, अतुल बरनवाल, बालेदु मणि त्रिपाठी, लालजी गुत्ता, कैलाश वर्मा, गोपाल वर्मा, यशोदा जायसवाल, पुष्पा बरनवाल, प्रियंका जोशी, माया वर्मा, किरन जायसवाल आदर्श, शिखा बरनवाल, संतोष सोनी, रेनू वर्मा, रेखा वर्मा, सरिता गुप्ता, लक्ष्मी बरनवाल, शर्मिला सोनी, शीला दीक्षित, अनामिका बरनवाल, प्रिया वर्मा, सरिता मणि त्रिपाठी, माया त्रिपाठी सहित काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# संचारी रोगों पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता : अलका

- नगर पालिका अध्यक्ष व डीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ
- 12 विभागों के समन्वय से संचालित होगा अभियान

**देवरिया।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह एवं डीएम दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर एवं जागरूकता रैली को रवाना कर किया। आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। सरकार की सफल नीतियों के कारण ही जापानी इंसेफेलाइटिस और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के मामलों में कमी आई है। डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि



संचारी रोगों के उन्मूलन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि लोग जागरूक रहें और मच्छरजनित परिस्थितियां उत्पन्न न करें, तो डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों को फैलने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग है तथा अन्य 12 विभाग इसमें सहयोग कर रहे हैं।

इस मौके पर सीएमओ डॉ. राजेश झा ने बताया कि 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक 'दस्तक' अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बुखार, इंफ्लुएंजा लाइक इलनेस (आईएलआई), फाइलेरिया, काला-जार, कुष्ठरोग के लक्षण वाले व्यक्तियों तथा कुपोषित बच्चों की जानकारी एकत्र कर नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित संपूर्ण विवरण 'ई-कवच' पोर्टल पर अपलोड करेंगी। साथ ही, क्षेत्रवार उन घरों की सूची भी तैयार की जाएगी, जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया है, और इसे निर्धारित प्रपत्र पर भरकर संबंधित अधिकारी को सौंपा जाएगा। स्वास्थ्य कार्यकर्ता माइक्रोप्लान के अनुसार कार्यक्षेत्र में आने वाले सभी परिवारों के सदस्यों का 'आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट' (आभा) सृजित करेंगे तथा उन्हें आभा नंबर की उपयोगिता की जानकारी देंगे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. हरेंद्र, डॉ. आर.पी. यादव, सूचना अधिकारी शांतनु श्रीवास्तव, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी सी.पी. मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वैश्य, अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी, डीपीएम राजेश गुप्ता, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि तथा स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहभागी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## नाबालिग को बहलाकर भगाने के आरोप में एक गिरफ्तार

पाटन, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर हुई इस कार्यवाही में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह व क्षेत्राधिकारी बीघापुर ऋषिकांत शुक्ल का कुशल पर्यवेक्षण रहा। थाना बिहार क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को अमित कुमार (21) पुत्र लल्लन लोध, निवासी ग्राम ऊँचवा, थाना बिहार, जनपद उन्नाव, बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा संख्या 86/2025, धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार (1 अप्रैल 2025) को थानाध्यक्ष सुब्रत नारायण तिवारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बीरेंद्र सिंह और सिपाही मोनू कुमार की टीम ने अभियुक्त अमित कुमार को उन्नाव-लालगंज हाईवे पर चिकन्दरपुर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है।

## टायर फटने से लोडर पलटा, 6 घायल

पाटन, उन्नाव। सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव के पास मंगलवार दोपहर करीब दो बजे टायर फटने से लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे सवार पचास से अधिक लोगों में दो दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी को सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी। जहां घायलों का इलाज किया गया। रायबरेली जनपद के ढेकवा थाना शिवगढ निवासी विशंभर की पुत्री का मुंडन संस्कार कराने परिजन दो लोडरों में सवार करीब सत्तर लोग बक्सर मां चंडिका देवी धाम जा रहे थे। तभी सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर बिहार थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव के पास लोडर का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे सवार सोनी पुत्री साहबदीन, चांदनी पुत्री भगवानदीन निवासी डेकवा, कमलेश कुमारी पत्नी हीरालाल निवासी अवधअली पुरवा, भानुमती पत्नी विशेश्वर निवासी बंछरांवा, सुशीला देवी पत्नी मथुरा प्रसाद निवासी डिघवा, खुशबू पुत्री कुलदीप निवासी वेतईपुरवा बाराबंकी समेत बाइस लोग घायल हो गये। चींख पुकार सुन दौडे राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायी जहां उपचार के बाद गंभीर चोटिल आधा दर्जन लोगों को रेफर कर दिया गया। सुमेरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डां नरेन्द्र कृष्णा ने बताया कि सोलह लोगों को मामूली चोट है। छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका उपचार कर रेफर किया गया है।

## नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन दिखाई पड़ा उत्साह

महमूदाबाद, सीतापुर। नए शैक्षिक सत्र के पहले दिन बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में विशेष उत्साह दिखाई पड़ा। सचिव के निदेशों के अनुरूप विद्यालयों को सजाया गया और नवप्रवेशी बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में प्रवेशोत्सव और पुस्तक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सत्र के पहले दिन प्रवेश लेने वाले दस बच्चों ताजमीन, माहीन, महक, अजय कुमार, प्रीती, अरुण को शिक्षिका दीप्ति वर्मा, ऊषा वर्मा, पवन कुमार व शिवेंद्र प्रताप ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर स्वागत किया। शिक्षक उमेश वर्मा ने बताया कि सभी शिक्षकों की ओर से नवप्रवेशी बच्चों को स्कूल बैग, कॉपियाँ, स्टेशनरी, भोजन थाल सहित अन्य उपयोगी वस्तुएँ उपहार में दी गयी हैं। इस मौके पर सभी बच्चों को खीर खिलाई गई। कक्षा चार और पाँच के बच्चों को विभाग के द्वारा उपलब्ध कराई गई पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। कम्पोजिट विद्यालय महमूदाबाद, नूरपुर, सेमरा, गुलरामऊ तथा प्राथमिक विद्यालय सलाउद्दीनपुर, मोतीपुर, सुन्दौली, बेहटी, इचौली, पहाड़ापुर प्राचीन, अब्दुल्लापुर, बरगदिया व पैगम्बरपुर सहित अन्य विद्यालयों में भी पुस्तकों का वितरण किया गया।

# सीएम शिक्षा के प्रति जागरूक : सुरेश राही



सीतापुर। करागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने मैथोडिस्ट मिशन गर्ल्स जेएचएस-सिविल लाइन जिला सीतापुर में स्कूल चलो अभियान-2025 का शुभारम्भ गुब्बारे हवा उड़ाते हुये मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पूजा अर्चन कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। जिसमें प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम एवं कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया गया। मुख्यमंत्री का स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का सभी अतिथियों अधिकारियों ने सजीव प्रसारण भी देखा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राज्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान उ0प्र0 सरकार ने शिक्षा के प्रति जो जागरूकता दिखी है, उसको धरातल पर उतारने का प्रयास किया है, उसके लिये मैं आप सभी का हृदय से धन्यवाद देता हूं। पूर्व की सरकारों द्वारा शिक्षा पर इतना विशेष ध्यान नहीं दिया गया तथा पहले शिक्षक बच्चों को शिक्षित करने में रूचि कम लेते थे। परन्तु हमारी सरकार के मुखिया शिक्षा के प्रति बहुत ही जागरूक हैं। शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं करते हैं। पूर्व में बच्चों के बैठनें एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही होती थीं। लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैय्या करने हेतु बहुत से प्रयास किये हैं और यह प्रयास निरन्तर चलते ही रहेंगे। हमारा एवं हमारी सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक गांव का गरीब बच्चा शिक्षित हो, जिससे हमारा देश भी विकसित हो पायेगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे जो शिक्षक कार्य कर रहे हैं, जो भी कार्यक्रम आयोजित होते हैं। उसमें प्राइमरी स्कूल के बच्चे भी प्रतिभाग करते हैं और बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम दूसरे जनपद में गये थे, वहां पर पब्लिक स्कूल के बच्चे एवं प्राइमरी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। जिसमें प्राइमरी स्कूल के बच्चों द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया था। जिस पर कई अतिथियों द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। इससे यह प्रदर्शित होता है कि हमारे शिक्षकगण किस तरह से अपना-अपना कार्य कर रहे हैं।

## स्कूल चलो अभियान ब्लॉक स्तरीय रैली का शुभारंभ



सीतापुर। विकासखंड कसमंडा के कंपोजिट विद्यालय सरैंया अकबरपुर में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ एवं नामांकन उत्सव समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला व खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति के द्वारा माता सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलित करके स्कूल चलो अभियान रैली का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को विद्यालय के प्रधानाध्यापक गिरिजेश अवस्थी के द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि नौनिहाल बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। इनमें से कोई नेता बनेगा कोई विधायक बनेगा कोई डीएम बनेगा कोई इंजीनियर बनेगा जिससे हमारा राष्ट्र और मजबूत होगा। बच्चों को सही दिशा देने का फर्ज आप सभी शिक्षकों व हम सबका है। आयोजन में उपस्थित बच्चों के अभिभावकों को बताते हुए कहा अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें। जिससे उनको शिक्षा ग्रहण करने में कोई दिक्कत ना आने दे। मुख्य अतिथि के द्वारा कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों को निःशुल्क पुस्तक वितरण करके अच्छे से पढाई करने को कहा। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने संबोधन करते हुए कहा स्कूल चलो अभियान के द्वारा विद्यालयों में नामांकन में वृद्धि व नामांकित छात्राओं की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए स्थानीय समुदाय एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## शिक्षकों ने 1 अप्रैल काला दिवस के रूप में मनाया



उन्नाव। आने वाली भविष्य में घनघोर आर्थिक समस्याओं से निपटना शिक्षकों और सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ा संकट बना हुआ है, परिवारों को चलाने के लिए जब आज के समय में ही औसत 35 से 40 हजार का खर्च हो रहा है और इसके बाद बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ ही ब्याह और अन्य जरूरी जिम्मेदारियां निभाते निभाते आने वाले कल के लिए थोड़ी भी रकम जोड़ना संभव नहीं हो पा रहा तो बीस वर्ष के बाद मिलने वाले 5 हजार रुपए से जीवन की निरीहता की कल्पना की जा सकती है।

यह बातें प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने आज अटेवा द्वारा मनाए जा रहे काला दिवस का समर्थन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपनी मेहनत और कठिन परीक्षाओं के बाद ही आज सरकारी सेवा में है और सरकार के सभी कार्यों को पूरी ईमानदारी से निभा रहा है तो आज उसे ही इस लाभ से क्यों बेदखल किया गया है, संजीव ने एक देश एक नियम की भी बात कही। जनपद के सभी विकासखंडों सहित बहुतायत की संख्या में विभिन्न कार्यालयों, अस्पतालों और तहसीलों में शिक्षकों और कर्मचारियों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर अपने कामकाज निपटाए। शिक्षकों ने नए सत्र में प्रवेश का उत्सव तो मनाया साथ ही अपने जीवन के सम्मुख सरकार द्वारा खड़ी की गई समस्या का समाधान सरकार से ही करने की गुहार लगाई। संगठन के महामंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हाथों में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करने वाले साथियों की एकता की ताकत से परिचित करवाते हुए आने वाली 1 मई को जनता का जुलूस भीषण स्थिति में होने की बात कही, साथ ही अटेवा के साथ सदैव शामिल होकर मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। अटेवा का समर्थन करने वाले संगठनों में आज प्रत्येक शिक्षक कर्मचारी संघ के नेतृत्वकर्ता पूरे जोश के साथ नजर आए। उन्नाव में अटेवा जिला संयोजक अर्पित मिश्र के आह्वान पर डाइट उन्नाव प्रवक्ता ब्रजेश यादव, अमित राय, शिल्पा त्रिपाठी सहित शिक्षक संगठन प्रतिनिधियों में अनुपम मिश्र, विवेक तिवारी, भरत चित्रांशी, कृष्ण शंकर मिश्र, संजीव संखवार सहित सैकड़ों शिक्षकों ने पुरानी पेंशन के समर्थन और नई पेंशन नीति के विरोध के लिए हुंकार भरी। शिक्षिका शशि देवी, रमन जीत कौर, शाहे खुबा, लक्ष्मी यादव, रीता कुशवाहा, रमाकांति, दिव्यांश, उमेश कनौजिया, धर्मेंद्र, सचिन, संदीप, संतोष, राज बहादुर, प्रभाकर, साथ ही पीएसपीएसए उन्नाव के पदाधिकारियों में अतुल साहू, शिव दर्शन वर्मा, अमित तिवारी, मनोज, आदित्य पाल, अनुज शुक्ल, योगेश सिंह, नितिन शर्मा, दीपेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे। औरास प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन दर्ज करवाया और अटेवा औरास की कमान हाथ में मजबूती से लेकर चल रहे ब्लॉक संयोजक औरास प्रदीप यादव को विरोध प्रदर्शन में मजबूती प्रदान की।

## पेड़ से टकराई कार, दो की मौत

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कार से पूर्णागिरी मंदिर जा रहे तीन युवकों की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी। दो की मौके पर ही मौत हो गई और एक घायल है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। जबकि घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया इलाज चल रहा है। युवकों के घर वालों को सूचना दे दी गई है। तीनों युवक गैर जनपद के रहने वाले हैं। थाना इमलिया सुल्तानपुर के सीतापुर गोला मार्ग पर पारा मोड़ के पास मंगलवार तड़के पूर्णागिरी मंदिर दर्शन करने जा रहे तीन युवकों की कार अनियंत्रित होकर सड़के के दाहिनी ओर उतर कर पेड़ से टकरा गयी। जिसमें बैठे तीन युवकों में से दो की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि एक घायल का इलाज चल रहा है। रोड दुर्घटना की जानकारी थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज काजीकमालपुर रामासरे चौधरी ने तीनों एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऐलिया भेजवाया। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ नितीश के द्वारा घायल का इलाज किया जा रहा है। पुलिस को तलाशी के दौरान मिले पहचान पत्र के आधार पर आशीष वर्मा उम्र 30 वर्ष पुत्र अवधराम वर्मा निवासी दतेली थाना जहांगीराबाद जिला बाराबंकी। वहीं दूसरे साथी अभिषेक उम्र 26 वर्ष पुत्र रामगोपाल निवासी तिवारी पुरवा त्रिलोकपुर थाना जहांगीराबाद जिला बाराबंकी के रहने वाले थे। दोनों लोग लखनऊ से एक टैक्सी कार स्विफ्ट डिजायर यूपी32 एन 8035 में सवार होकर पूर्णागिरी मंदिर दर्शन करने जा रहे जिसमें चालक गौरव पुत्र राकेश कुमार निवासी मकरंदपुर थाना जैतीपुर जिला शाहजहांपुर के रहने वाले थे। चालक को झपकी लगने से हादसा हुआ है। चालक गौरव व श्रद्धालु आशीष की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि घायल अभिषेक पुत्र रामगोपाल निवासी तिवारीपुर तिलोकापुर थाना जहांगीराबाद बाराबंकी का इलाज चल रहा है। अभिषेक ने बताया कि किराये की गाड़ी लेकर माता पूर्णागिरी के दर्शन करने जा रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी गयी। जिसमें मेरे दोस्त आशीष व गाड़ी चालक गौरव की मौके पर ही मौत हो गयी है। पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गयी है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## आबकारी इंस्पेक्टर ने की आत्महत्या

सीतापुर। जनपद में आबकारी इंस्पेक्टर ने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने अपनी कार के अंदर कनपटी पर गोली मार ली। घटना के तुरंत बाद घर वालों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घर वालों ने बताया कि आलोक श्रीवास्तव बांदा में तैनात थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से रिवॉल्वर बरामद कर लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस को एक महिला ने आलोक श्रीवास्तव का एक सुसाइड नोट सौंपा है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र की है। घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के सदर बाजार जाने वाले मोड़ की है। जानकारी के तहत आबकारी निरीक्षक आलोक श्रीवास्तव सीतापुर के सदर बाजार निवासी है। इन्होंने अपना मकान सदर बाजार में बना रखा है। जानकारों की माने तो इनकी पत्नी अमृता श्रीवास्तव भी आबकारी विभाग में ही तैनात है। वह इन दिनों यहीं पर आए थे। बताया जाता है कि कार लेकर घर से निकले थे। थोड़ी देर बाद पता चला कि हाइवे के किनारे सदर बाजार जाने वाले मोड़ पर उन्होंने कार में बैठे-बैठे गोली मार ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारी आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटे हैं। जांच की जा रही है कि आलोक श्रीवास्तव के आत्महत्या करने के पीछे निजी कारण थे या पेशेवर। हालांकि, अब तक साफ वजह सामने नहीं आई है। घर वालों से बातचीत के आधार पर पुलिस जांच रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आत्महत्या के पीछे की असली वजह साफ होगी। पूनम नाम की महिला ने पुलिस को सुसाइड नोट दिया है। बताया जा रहा है कि पूनम अयोध्या से आलोक श्रीवास्तव की पत्नी से मिलने सीतापुर आई थी। जब वह नहीं मिलीं, तो पूनम ने पुलिस को सुसाइड नोट सौंप दिया।

## आग से 10 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटरी औरंगाबाद में गांव खुसरूपुर के निकट अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग से गेहूँ की खड़ी करीब दस बीघा फसल जलकर राख हो गई। जानकारी होने पर पहुंचे ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चला कर और ट्रैक्टर से फसल की जुताई कर आग पर काबू पाया। उधर फायर ब्रिगेड को भी सूचना दे दी गई सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर नियंत्रण पाया।

क्षेत्र के गांव खुसरूपुर के पास पकी खड़ी गेहूं की फसल में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। जिससे गेहूं की फसल जलने लगी, फसल जलते देख ग्रामीण दौड़ पड़े और आनन फानन आग बुझाने के संसाधनों को जुटाने में लग गए। इस बीच आग ने जगदीश, कोमल, प्रीतम, तारा सिंह, जयकरन, सुखदेव आदि के खेतों में खड़ी फसल को चपेट में ले लिया। जिससे करीब आधा दर्जन किसानों की लगभग दस बीघा जमीन पर खड़ी फसल जलकर राख हो गई। उधर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने भी काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस बीच ग्रामीणों ने आग को बढ़ने से रोकने के लिए ट्रैक्टर से खड़ी फसल की जुताई भी कर दी। जिससे आग आगे न बढ़ने पाए। उधर पंपिंग सेट आदि चलाकर ग्रामीणों ने भी आग को बढ़ने से रोक लिया। सूचना पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने आग से हुए नुकसान का आकलन किया तथा रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजने की बात कही।

## बच्चों का शैक्षिक, सांस्कृतिक और नैतिक उन्नयन हमारा सर्वोपरि लक्ष्यः आंचल सिंह



पुरवा, उन्नाव। प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 1 अप्रैल 2025 से नवीन शैक्षिक सत्र के प्रारंभ के पहले दिन से ही आँचल सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी असोहा के द्वारा बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति व ठहराव, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, साफ, सुंदर स्वच्छ विद्यालय, प्राप्त निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों के वितरण आदि से संबंधित कार्यों में तत्परता दिखाते हुए तेजी से कार्य शुरू कर दिया गया है? असोहा की खण्ड शिक्षा अधिकारी आँचल सिंह ने बताया कि

सभी बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार तथा शासन की विभिन्न शैक्षिक नीतियों एवं योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए विकासखण्ड असोहा में व्यापक स्तर पर विभिन्न शैक्षिक कार्यक्रमों, रैलियों, भ्रमण आदि के माध्यम से अभिभावकों व बच्चों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया जा रहा है। समस्त विद्यालयों में परिसर एवं कक्षा-कक्षों की साफ-सफाई के साथ-साथ भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी के माध्यम से शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति हेतु बच्चों व अभिभावकों को शिक्षा का महत्व बताते हुए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया गया। विद्यालयों के बच्चों एवं अभिभावकों को फूलमाला पहनाते हुए स्वागत गीत के साथ उनका अभिनंदन किया गया। देश-समाज के सृजनशील आधार बच्चों के सुंदर सफल सार्थक भविष्य के लिए विद्यालय एवं शिक्षा की उपयोगिताओं का वर्णन किया गया तथा शासन की शिक्षा विभाग से संबंधित प्रगतिशील नीतियों व योजनाओं से उपस्थितजनों को परिचित कराया गया। बच्चों एवं अभिभावकों को सम्मानित करते हुए मिष्ठान वितरण किया गया। इसके साथ ही निपुण मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपना कार्यकाल पूर्ण कर चुके अकादमिक रिसोर्स पर्सन्स मुकेश शुक्ला, उमेश गुप्ता, अजीत सिंह, रणंजय सिंह एवं जितेंद्र श्रीवास्तव को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया एवं असोहा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा उनके शानदार कृतित्व के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। प्राथमिक विद्यालय बरवा खुर्द, मदारी खेड़ा प्राचीन, दऊँ, हरिनाम खेड़ा, अभूषा, ओगरापुर, बरहा, पाठकपुर, भवलिया, झब्बा खेड़ा, मलिहागाढ़ा, पिपरी, सण्डौली, बीकामऊ, पढ़वा खेड़ा, चौपई उदयत खेड़ा, पहाड़पुर, नेवाजखेड़ा, रतवसिया, शिवसिंह खेड़ा और उच्च प्राथमिक विद्यालय असोहा, दरसवां, झकवासा, गोसाई खेड़ा, पिपरी, रामपुर, शिवगढ़ आदि समस्त परिषदीय विद्यालयों द्वारा शैक्षिक संवर्धन एवं नामांकन के सुंदर व प्रेरक कार्यक्रमों से बच्चों एवं अभिभावकों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।

## नवीन सत्र के शुभारंभ पर बाल मेले का आयोजन



महमूदाबाद सीतापुर। सीता चिल्ड्रेन एकेडमी में नवीन सत्र के शुभारंभ मौके पर बाल मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ एसडीएम न्यायिक लहरपुर शिखा शुक्ला व सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने फीता काटते हुए गुब्बारे व कबूतर उड़ाकर किया। एक अप्रैल से शुरू हुये नये सत्र के शुभारम्भ के मौके पर न्यायिक एसडीएम लहरपुर शिखा शुक्ला, महमूदाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव, विकास खंड रेउसा की ब्लाक प्रमुख मंजू चौहान, प्रमुख प्रतिनिधि अवधेश चौहान ने फीता काटने के साथ केक काटकर व गुब्बारे तथा कबूतर उड़ाकर किया। मेले में मशहूर मुन्ना जादूगर ने अपने कई हैरत अंगेज करतबों से विद्यार्थियों को खूब हंसाया।

मशहूर गायक चंदन मिश्र ने एक से बढ़कर एक सुंदर भजन व गीतों की प्रस्तुतियां देकर बच्चों, शिक्षकों व अतिथियों को आनंदित किया। मेले में खिलौने, खाने-पीने की सामग्री के स्टाल, झूले, मिकी हाउस समेत कई अन्य स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिषियों का स्वागत संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी, किरन वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, वागीश दिनकर, प्रधानाचार्य अनंत रत्नम, सीनियर वर्ग के उपप्रधानाचार्य आरजे वर्मा, यशपाल वर्मा, अवनीश अवस्थी, बरखा जायसवाल, खुशी वाजपेयी, रवि शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, उत्तरीय व पेड़ देकर किया।

## आग लगने से वृद्धा की मौत

सीतापुर। तम्बौर थाना क्षेत्र के बोधवा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। बेचेलाल के घर के बाहर बने छप्पर में सोमवार की रात अचानक आग लग गई। इस हादसे में छप्पर के नीचे सो रही कौशल्या देवी 80 की जलकर मौत हो गई। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। आग की लपटें उठने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था। घटना में छप्पर के नीचे खड़ी बाइक और अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। आग से लाखों रुपयों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। छप्पर के नीचे खड़ी बाइक और अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। छप्पर के नीचे खड़ी बाइक और अन्य सामान भी जलकर राख हो गया। तम्बौर थाने के इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि वृद्ध महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीड़ित परिवार की आर्थिक सहायता के लिए प्रशासन को रिपोर्ट भेजी गई है। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## मन्दिर के करीब खुले में बिक रहा मीट, श्रद्धालुओं को हो रही दिक्कत

बीघापुर, उन्नाव। नवरात्रि का त्योहार इन दिनों चल रहा है। क्षेत्र के मंदिरो में माता के भक्तों दर्शन पूजन करने जाते है। ऐसे में मन्दिर के करीब अगर मांस बिक रहा है यह खुलेआम शासन प्रशासन के निर्देश की नफरमानी है। या यूं कहें मांस की दुकानों की मनमानी के आगे सरकारी गाइड लाइन हवाहवाई साबित हो रही है। बता दे कि लोगों का कहना है कि बारासगवर क्षेत्र की कुम्भी बाजार पर खुले में मीट काटा जा रहा है। सरकार के आदेश की जमक र अवहेलना की जा रही है। जब कि धार्मिक स्थान से 500 मी पर मीट की बिक्री नहीं होनी चाहिए। लोग बताते है जिस स्थान पर मीट काटा जा रहा है उस स्थान से मन्दिर की दूरी महज 250 मी के करीब हैं। ऐसे में जांच होनी आवश्यक है ताकि लोगो की चर्चा पर विराम लग सके।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने लगाई फांसी, मौत

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मल्लापुर गांव में चकमार्ग के पास एक पेड़ की निचली डाल से बंधा युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान रामपाल के पुत्र सचिन के रूप में हुई है। घटना की जानकारी के अनुसार, सचिन कल शाम को घर से निकला था। उसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। आज सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से बंधा देखा। शव की स्थिति संदिग्ध थी। युवक के गले में रस्सी बंधी थी। उसके दोनों पैर जमीन पर मुड़े हुए थे। परिजनों का कहना है कि यह आत्महत्या का मामला नहीं है। उन्होंने हत्या कर शव को पेड़ से बांधने की आशंका जताई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दे दी है। हालांकि अभी तक किसी पर नामजद आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे ईद उल फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

तम्बौर सीतापुर। कस्बा सहित पूरे क्षेत्र के लोगों के लिए सोमवार को ईद-उल-फितर की नमाज ईदगाह में सुबह 10 बजे ईमाम ईदगाह हजरत मौलाना इदरीस साहब ने अदा करवाई। इसके साथ साथ कस्बे की अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी गयी। मुस्लिम समुदाय ने शांतिपूर्वक तरीके से वक्फ संशोधन बिल का हाथों पर काली पट्टी बांध कर सांकेतिक विरोध भी किया। वहीं ईदगाह में नमाज अदा करने के लिए लोगों का जमावड़ा लगा रहा। लोग एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दे रहे थे। रमजान के महीने में बाजारों को दुल्हन की तरह सजाया गया था। ईद का चांद नजर आते ही रविवार शाम तम्बौर कस्बे के बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान बाजारों में सेवइयों और ड्राई फ्रूट्स की दुकानों पर खरीदारों की भारी संख्या देखने को मिली। लोग रंग बिरंगी टोपियां भी खरीदते नजर आए। वहीं महिलाएं देर रात तक चूड़ियों की दुकानों पर खरीदारी करती रहीं। वहीं कई महिलाएं मेहंदी लगवाने भी बाजारों में पहुंची। इस बीच रमजान माह का आखिरी रोजा खोलने के लिए लोग अपने-अपने घरों में अच्छी-अच्छी पकवाने बनवाई। नगर ईदगाह पेश इमाम मौलाना इदरीस कासमी ने की सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील ईद को लेकर उलेमाओं ने पहल करते हुए लोगों से अपील की है कि वह सड़क पर ईद की नमाज न पढ़े। चांद देखने के बाद अगले दिन ईद मनाई गयी। 30 मार्च को ईद का चांद दिखने का दावा किया गया था। ऐसे लोग शाम होते ही चांद देखने के लिए मकानों की छत पर चढ़ गए। आकाश में बादल नहीं थे। जिस वजह से देर शाम को ईद का चांद दिखाई दिया। चांद दिखने के बाद लोगों को चेहरे खिल उठे। सोमवार को ईद होने की पुष्टि हो गई। इसके बाद मस्जिदों से सोमवार को ईद मनाने के बारे में बताया गया। लोग ईद की खरीदारी करने के लिए घर से निकले। देर रात तक कपड़ों की दुकानों पर भीड़ लगी रही। कस्बे के पुरानी बाजार, नई बाजार, बस अड्डा, मुख्तार अनीस रोड सहित अन्य बाजारों में दुकानें सजी थी। ईद पर तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। जिस वजह से लोगों ने मेवे व दूध खरीदा। कपड़ा व्यापारी समीर खान ने बताया कि इस बार कपड़े की बिक्री पिछले वर्ष की अपेक्षा अधिक है। लोग रेडिमेड कपड़े ज्यादा खरीद रहे हैं। बच्चों और महिलाओं के कपड़ों की अधिक बिक्री हो रही है। व्यापारी रहीम गौरी ने बताया कि सेवई 100 से 110 रुपये प्रति किलो बिक रही है। ईद व होली को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए तम्बौर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह, व चौकी प्रभारी अमित दुबे व समस्त पुलिस टीम ने अपनी सूझबूझ से सफल बनाने के लिए पूरी तरह जी जान लगा दी। पिछले कई त्यौहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। ईद की नमाज के बाद थाना प्रभारीराकेश कुमार सिंह अपने दल बल के साथ नगर के संभ्रांत व्यक्तियों के यहां ईद भी मिलने गए। इस दौरान पुलिस की गाड़ी नगर के मुख्य मार्गो से गुजरती रही जिससे कस्बे में कोई अप्रिय घटना न घट सकी।



## सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज महोली में वार्षिक परीक्षाफल वितरण

महोली/सीतापुर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वन्दना के पश्चात प्रधानाचार्य स्वामीनाथ द्विवेदी ने अतिथि परिचय कराया। परीक्षा प्रमुख विश्व वीर सिंह ने विद्यालय का सम्पूर्ण परीक्षाफल एक दृष्टि में प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने के बाद अपने सम्बोधन में कहा- शिक्षा का उद्देश्य मानव मन को संस्कारित करना है। शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य में मानवता का विकास होता है। शिक्षा से ही मनुष्य अधिकार प्राप्त करने का अधिकारी बनता है। शिक्षा एक साधना है। छात्रों को अपने भावी जीवन का लक्ष्य अभी से निश्चित करके लक्ष्य के अनुरूप परिश्रम करना चाहिए। उन्होंने कहा यदि अभिभावक अपने पाल्यों की प्रगति को निरन्तर दृष्टिगत रखते अध्यापकों को विद्यार्थियों की दिनचर्या आदि से अवगत कराते हैं तथा सम्पर्क में रहते हैं तो अध्यापकों का कार्य सरल हो जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी मिलकर विद्यालय में अध्ययन और अध्यापन का वातावरण आनन्ददायक बनाएँ जिससे छात्र चिन्ता-तनाव या अरुचि से मुक्त होकर प्रसन्नचित्त रहकर शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकीय इण्टर कालेज सीतापुर के प्रधानाचार्य अनिल परिहार ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर अपनी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा वर्ष भर की शिक्षणेत्तर गतिविधियों के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष नरेन्द्र अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष बसन्त लाल त्रिवेदी, साधारण सभा के उपाध्यक्ष राम दयाल वाजपेई, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघचालक राजेश तिवारी, सह नगर कार्यवाह सूर्यमणि मिश्र, डा.सतीश चन्द्र वर्मा गणमान्य अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राज कुमार तिवारी ने किया। प्रबन्धक डा.रूप चन्द्र वर्मा ने आभार ज्ञापित किया।



संक्षेप

## चेकिंग में परिवहन विभाग ने दो बसें की सीज

बांदा। मुख्यमंत्री के निर्देश के चलते ओवरलोड और अवैध तरीके से चल रहे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। इस आदेश के बाद परिवहन विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी लगातार वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई कर रहे हैं। बीते दिवस परिवहन विभाग के पीटीओ रामसुमेर यादव ने यात्री बसों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इसके तहत दो डबल डेकर यात्री बस सूरत से फुटकर सवारी लेकर और यात्री लिस्ट न होने के आरोप में पपरेंदा पुलिस चौकी में निरूद्ध कर दिया है। इसी प्रकार सूरत से आ रही डबल डेकर बस का चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। उसने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त भी कर दिया था। इसे ब्रीथ एनालाइजर मशीन से नापने पर 230 एल्कोहल मिला। पीटीओ ने बस को कोतवाली देहात में सीज कर ड्राइवर के विरूद्ध तहरीर दी है। एआरटीओ शंकरजी सिंह और पीटीओ रामसुमेर यादव ने ऐसे वाहन चालकों तथा स्वामियों को हिदायद दी है कि बगैर उचित कागजात और मानक विहीन वाहनों का संचालन कदापि न करें साथ ही यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ न करें। उन्होने शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायद दी। कहा कि चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे प्राप्त किया तीसरा स्थान

ललितपुर। बुंदेलखंड माटी की वीरांगना बेबी राजपूत पत्नी शैलेन्द्र सिंह राजपूत निवासी नेहरू नगर ने जनपदवासियों को गौरवान्वित कर दिया। बेबी राजपूत ने प्रथम पैरा लॉन्ग बॉल राष्ट्रीय चैंपियनशिप मे तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रोंज मैडल जीता। ये चैंपियनशिप 28 से 29 मार्च 2025 को स्थान युमना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स न्यू दिल्ली मे हुई थी। बेबी राजपूत के पति शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने भी जनपद स्तर का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया। उन्होंने व्हीलचेयर बास्केटबॉल व्हीलचेयर लॉन्ग टेनिस व्हीलचेयर क्रिकेट में प्रतिभाग कर जीत हांसिल कर अपना लोहा मनवाया है। इन्होंने जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन किया।

## इंजीनियर ने लगाया मारपीट का आरोप

ललितपुर। उत्तर प्रदेश के जिला संत रविदास नगर व हाल जाखलौन निवासी अस्वनी पाठक पुत्र मनोज पाठक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्था सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रा.लि. में इंजीनियर पद पर कार्यरत है। बताया कि बीती 29 मार्च को अपराह्न करीब 3 बजे जब वह बिरधा में पानी की टंकी पर काम चल रहा था, तभी टंकी ऑपरेटर ग्राम रमेशपुरा पोस्ट रजावन निवासी अनिल कुमार पुत्र रघुवीर सिंह को रजिस्टर मैंटेन नहीं कर रहा था, तब उसने रजिस्टर रोज मैटेंन न करने की बात कही तो अनिल ने आवेश में आकर उसके साथ गालियां दीं। आरोप है कि अनिल ने देवेन्द्र कुमार, राज व तीन-चार अज्ञात लोगों को लेकर आया और उसके साथ लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी, जिससे उसके शरीर में नाक, हाथ व कूल्हे के अलावा कई जगहों पर चोटें आयीं। बताया कि मारपीट के दौरान उसका मोबाइल फोन, एयरफोन व स्मार्ट घड़ी कहीं गिर गये, जिससे वह काफी परेशान है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 115 (2) व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्धा घायल

ललितपुर। बिरधा हाई-वे किनारे स्थित ग्राम भैंसाई पोस्ट घटवार में रहने वाले विशाल नायक पुत्र मुकेश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 24 मार्च को उसकी दादी ताराबाई पत्नी स्व.प्रेमनारायण अपने खेत से घर की ओर आ रही थी। तभी चार पहिया वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उन्हें टक्कर मार दी और भाग गया। घायलावस्था में पड़ी उसकी दादी को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां वह उपचाररत हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# शिव की प्रतिमा हटाने पर चौकी इंचार्ज निलम्बित

- हिन्दू संगठनों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम व सीओ ने संभाली कमान
- एएसपी से हुई वार्ता के बाद एसपी मो.मुश्ताक ने की कार्यवाही

जिला संवाददाता (vol)



**ललितपुर।** रविवार की देर शाम स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) के सामने स्थित पीपल के पेड़ के नीचे बने चबूतरे पर विगत कई वर्षों से स्थापित भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा को सिविल लाइन चौकी इंचार्ज विवेक धामा पर अमर्यादित और आपत्तिजनक तरीके से हटाने का मामला तूल पकड़ गया। प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद तमाम हिन्दू संगठनों ने मौके पर पहुंच कर श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करते हुये विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी। सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभूषण प्रताप व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार दलबल के साथ मौके पर जा पहुंचे। प्रशासन व पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं था। प्रदर्शनकारी लगातार चौकी इंचार्ज के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठाते रहे। इसी बीच अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार से दूरभाष पर प्रदर्शनकारियों ने वार्ता की। एसपी ने प्रदर्शनकारियों को त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर प्रदर्शनकारियों ने भगवान की प्रतिमा को उक्त स्थान पर पुनः स्थापित कर दिया। एसपी मो.मुश्ताक ने सिविल लाइन चौकी इंचार्ज उ.नि.विवेक धामा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रचलित कर दी है, जबकि उनके स्थान पर थाना बानपुर में तैनात उप निरीक्षक संजय कुमार दुबे को सिविल लाइन चौकी इंचार्ज बनाया गया है।

### आखिर क्यों और किसके आदेश पर हटवाई गई थी शंकर जी की प्रतिमा

प्रदेश में जहां योगी सरकार हिन्दुत्व और सनातन के साथ खड़े रहने का दावा करती नजर आ रही है और रामनवमी के एक दिन पहले से रामनवमी के दिन रामायण पाठ का आयोजन करा रही है।

तो वहीं उनकी ही ललितपुर पुलिस का एक चौकी इंचार्ज अपना रौब दिखाने के लिये बिना किसी शिकायत के और बिना अपने उच्च अधिकारियों से अनुमति लिये मेडिकल कालेज के गेट के बगल में वर्षों से रखी भगवान भोले बाबा की मूर्ति हटाने के लिये दलबल के साथ पहुचे गये और मूर्ति को हटा दिया। कुछ स्थानीय हिन्दू नेताओ के बिरोध करने पर उन्हें जेल भेजने की धमकी भी दी गई। जब इस दुस्साहस कृत्य की हिन्दू संगठनों को जानकारी हुई तो हिन्दू वादी संगठन का आक्रोश फूट पड़ा और सभी हिन्दू वादी संगठन ने एकत्रित होकर जमकर विरोध किया। कोतवाली परिसर में ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और जमकर नारेबाजी की। मौके पर सदर सीओ और सदर एसडीएम ने मोर्चा सम्हाला पर संगठनों को समझाया। अपर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पुलिस द्वारा स्थिति को संभाला गया और जांच के बाद उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। हिन्दू संगठनों ने चबूतरे पर पुनः भगवान भोलेनाथ की स्थापना कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। यहां जांच का प्रमुख विषय यह है कि क्यों और किसके कहने पर चौकी इंचार्ज ने त्यौहारों के समय में इस घटना को घटित कराया, आखिर किसके आदेश पर? यह बात गले से नहीं उतर रही कि क्यों शंकर जी के विग्रह को वहां से हटाया गया आखिर क्या कारण था।

## कानून व्यवस्था में शिथिलता नहीं बरतें अधिकारी: एसपी

ललितपुर। ईद के साथ-साथ नवरात्र व उर्स मेला को लेकर रविवार की देर रात पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रॉल-कॉल कर शान्ति व कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। एसपी ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित करते हुये सम्पूर्ण परिसर व कार्यालय को स्वच्छ रखने के लिए निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों व चौकी इंचार्जों को निर्देश जारी किये गये कि वह कानून व्यवस्था में शिथिलता न बरतें। एसपी ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देश दिये। मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

## जीआरपी थाना में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ



बांदा। पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग झांसी ने यहां थाना जीआरपी में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। मंगलवार को एसपी विपुल कुमार श्रीवास्तव ने मिशन शक्ति कार्यक्रम को देखते हुए थाना जीआरपी में रिबन काटकर, शिलापट्ट का अनावरण करते हुए महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। एसपी रेलवे ने महिला यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यहां महिला हेल्प डेस्क बनने से महिला यात्रियों, आगंतुकों को सुविधा मिलेगी साथ ही उनकी समस्या महिला पुलिसकर्मी सुनकर प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी के संज्ञान में डालकर निराकरण कराएगी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने जीआरपी थाना का निरीक्षण किया उन्होंने अभिलेखों, रजिस्टरों को देखा और लंबित विवेचनाओं के निस्तारण के बारे में विवेचकों को निर्देश दिए। एसपी ने यात्रियों की यात्रा सुगम और सुरक्षापूर्ण बनाने के लिए जरूरी निर्देश देते हुए प्लेटफार्मों, सकुर्लेटिंग एरिया, आउटर व ट्रेनों में गस्त बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही आरपीएफ एवं रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि इससे यात्रियों में और अधिक सुरक्षा की भावना पैदा होगी। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात, प्रभारी आरपीएफ कोस्ट, प्रभारी रेलवे इंजीनियरिंग निर्माण विभाग, प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्रि, थाना जीआरपी तथा अन्य पुलिसकर्मी, कर्मचारी व पत्रकार मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ



बांदा। स्कूल चलो महाभियान का मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली से शुभारंभ किया। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में हुआ। 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का शत प्रतिशत स्कूलों में नामांकन कराए जाने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री बेहद संजीदा हैं। इस अवसर पर विधायक नरैनी ओममणि वर्मा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की प्राथमिकताओं में से हैं। इसलिए शत प्रतिशत बच्चों को स्कूलों में नामांकन जरूर कराएं। कहा कि प्रदेश के विद्यालयों का कायाकल्प योजना के तहत आधुनिकीकरण किया जा रहा है ताकि गांव में भी शिक्षा के स्तर पर सुधार हो सके। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने बच्चों को स्कूल चलो अभियान से जोड़ें और शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराएं। कहा कि बिना शिक्षा के न तो गांव विकसित होगा और न ही शहर तथा न ही देश का विकास संभव है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय कांशीराम कालोनी के कक्षा 4 के छात्र-छात्राओं, शहर के विद्यालय बलखंडीनाका के कक्षा 6 के बच्चे कामल, गौरी, सत्यम व प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन कक्षा 7 के बच्चे सोनी, वंदना, पलक एवं प्राथमिक विद्यालय बड़ोखर खुर्द कक्षा 8 के बच्चे, गीता, अंजली छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन के लिए पुस्तकें, टिफिन व अन्य सामग्री दी गयी। इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली की प्रधानमंत्री से मांग



बांदा। पेंशन बचाओं मंच अटेवा के बैनर तले बड़ी संख्या में मंगलवार को शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजा। मंच के नेताओं ने कहा कि प्रदेश में 15 से भी अधिक शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी नई पेंशन व्यवस्था के तहत आते हैं लेकिन नई पेंशन व्यवस्था न तो कर्मचारी के हित में है और न ही प्रदेश व देश हित में है। इसके दुष्परिणाम भी अब सामने आने लगे हैं। एनपीएस के तहत सेवानिवृत्त शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को 800, 1200, 1500 व 2800 रुपये पेंशन के रूप में मिल रहे हैं। जिससे न तो उनका स्वयं का खर्चा और न ही परिवार का भरण पोषण हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में पुरानी पेंशन की मांग बढ़ती जा रही है। अब केन्द्र सरकार ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि एनपीएस व्यवस्था न्यायपूर्ण नही है। इसलिए नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस लेकर आई है। लेकिन यूपीएस, एनपीएस से भी ज्यादा नुकसानदेय है। इस व्यवस्था से प्रदेश के लाखों शिक्षक व अधिकारी असंतुष्ट हैं। मंच ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि कर्मचारियों के हित में हूबहू पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करें।

# किसानों को कराया गया नर्सरियों और खेतों का भ्रमण

## मसाला और फूलों की खेती से हो रहे लाभों की जानकारी दी

जिला संवाददाता (vol)



**ललितपुर।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी कार्यक्रम अन्तर्गत 30 कृषकों को राजकीय पान केन्द्र पाली से कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र ललितपुर का भ्रमण कराया गया। जहॉ पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषकों को जैविक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णीअर्क, छांछ, सोठास्त्र बनाने की विधि से अवगत कराया एवं संतरे के बगीचे का निरीक्षण कराया। इसके बाद कृषकों को ग्राम खितवांस के नारायण कुशवाहा के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया।

जहॉ पर नारायण द्वारा परम्परागत खेती को छोड़कर अपनायी गयी वैकल्पिक मसाला एवं फूलों की खेती से हो रहे लाभों की जानकारी दी गयी। नारायण द्वारा बताया गया कि इस समय उसने 0.60 हे0 में क्राइसथीमम एवं 0.60 हे0 में ग्येडियोलस की खेती की है जिसमें उसे कुल लागत एक लाख रूपया आयी तथा 5 लाख का शुद्ध मुनाफा हुआ। तत्पश्चात कृषकों को हाईटेक नर्सरी राजकीय पौधशाला खिरियालटकनजू का भ्रमण कराया जहॉ पर प्रदर्श प्लाट में हो रही टमाटर, मिर्च की खेती का अवलोकन किया गया। हाईटेक नर्सरी बने ग्रीन हाऊस एवं नेट हाऊस में की जा रही खरबूजे की खेती का निरीक्षण कराया गया एवं कृषकों को बताया गया कि कैसे बाजार की मांग के अनुसार समय पर अपनी फसलों को तैयार कर अधिकतम मूल्य प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि की जा सकती है। यहॉ से भ्रमण दल ग्राम खिरियाभारन्जू के वीरन द्वारा परम्परागत खेती को छोड़कर अपनायी गयी शाकभाजी खेती का निरीक्षण कराया गया जहॉ पर वीरन द्वारा औद्यानिक खेती के लाभ बताये एवं उन्होने बताया कि मैंने 2.50 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की खेती की है जिसमें सवा लाख की लागत आयी है एवं 5 लाख का मुनाफा हुआ है।

## नरैनी में नये भवन का एसपी ने किया शुभारंभ



बांदा। नरैनी क्षेत्राधिकारी कार्यालय में बने नवनिर्मित गार्दरूम व थाना नरैनी परिसर में बने मीटिंग हॉल और प्रभारी निरीक्षक, जन सुनावाई कक्ष का एसपी अंकुर अग्रवाल ने उद्घाटन किया। उन्होने विधि विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद फीता काटकर शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक जिले में पुलिसकर्मियों की सुख-सुविधाओं को देखते हुए अब उन्हे कार्य करने की अनुकूलता प्रदान करने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। इसी का जीता-जागता उदाहरण बेहतर तरीके से बनाए गये नवनिर्मित मीटिंग हॉल, प्रभारी निरीक्षक जन सुनवाई कक्ष एवं गार्दरूम का निर्माण है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सभी क्षेत्राधिकारी, निरीक्षक और उप निरीक्षक तथा पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बताते चलें कि एसपी अंकुर अग्रवाल पुलिसकर्मियों की सुविधाओं के लिए हमेशा प्रयास करते रहते हैं।

# गोविन्द सागर बांध पर चला सफाई अभियान



ललितपुर। जिला गंगा समिति के तत्वाधान में वन विभाग एवं नेहरु महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई चतुर्थ के स्वयं सेवकों द्वारा गोविन्द सागर बांध पर वृहद सफाई अभियान चलाकर गंगा स्वच्छता पखबाड़े का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी, जिला गंगा समिति केतन दुबे ने सभी को नमामि गंगे परियोजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखबाड़ा तो कुछ ही दिन चलता है लेकिन यह सभी की सम्मिलित जिम्मेवारी है। नदियों और जल स्त्रोतों को हमेशा स्वच्छ और प्रदुषण मुक्त रखे। यदि हम अपने जल स्त्रोतों को प्रदूषित करेंगे तो यह प्रदुषण किसी न किसी रूप में वापस हम तक ही आएगा। किसी भी प्रकार की गन्दगी को पानी में फेकने की बजाय निर्धारित स्थान पर ही निस्तारित करना चाहिए। नदियां हमारी संस्कृति और परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसकी स्वच्छता और संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मवारी है। डा.राजीव निरंजन के नेतृत्व में बांध के सलूज के पास से सभी ने मिलकर पॉलिथीन, पूजन सामग्री, कूड़ा कचरा एवं गन्दगी को एकत्रित किया। उन्होंने लोगों से जल में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को फैलने से रोकने का आव्हान किया। ललितपुर रेंज अधिकारी भोला सिंह ने उपस्थित लोगों को गंगा शपथ दिलाकर सभी से उसपे अमल करने का आग्रह किया द्य कार्यक्रम के दौरान वन दरोगा शिशुपाल, वनरक्षक रिंकी, प्रिया, ज्योति, अर्दली धनीराम, वाहन चालक मनीष आदि उपस्थित रहे।

# गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ के सर्वश्रेष्ठ छात्र को मिला लैपटाप

अयोध्या। थोड़े समय में वैदिक वा आधुनिक शिक्षा क्षेत्र में तमाम उपलब्धियां हासिल कर चुके भारत सरकार के वैदिक शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त श्री गुरू वसिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ अयोध्या के वर्ष 2024-25 के गुरुकुल के सर्वश्रेष्ठ छात्र को अयोध्या के अवध पुरी कॉलोनी निवासी अप्रवासी भारतीय वर्तमान में लंदन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर आलोक नारायण सिंह द्वारा उपलब्ध कराए गए लैपटॉप को उनके माता पिता महेश्वर सिंह (भारतीय खाद्य निगम के पूर्व जिला प्रबंधक) व राजकुमारी सिंह के कर कमलों से उत्कर्ष ब्रम्हचारी वा समर्थ ब्रम्हचारी को सौंपा। गुरुकुल के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि मूलतः अयोध्या के निवासी अप्रवासी भारतीय लंदन में कार्यरत आलोक नारायण सिंह कुछ दिन पूर्व गुरु बशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ दर्शन नगर के टॉप 10 बटुकों से शैक्षिक वार्ता से प्रभावित होकर संकल्प लिया था कि प्रत्येक वर्ष गुरुकुल के सर्वश्रेष्ठ छात्र को एक लैपटॉप 11000 रुपया उनके ओर से दिया जाएगा, उसी क्रम में उनके माता पिता के हाथों से गुरुकुल द्वारा चयनित उत्कर्ष वा समर्थ ब्रह्मचारी को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ लैपटॉप पुरस्कार स्वरूप दिया गया। गुरुकुल निदेशक ने बताया पूर्व में सैमसंग कंपनी द्वारा 40 टैब गुरुकुल के मेधावी बच्चों को दिया गया है आई आई टी मद्रास के एक शिक्षक सचिन गूंथे ने गत मार्च में गुरुकुल को 4कंप्यूटर सिस्टम गुरुकुल को उपलब्ध कराया गया था।

## एक अप्रैल से भूख हड़ताल और मुंडन कराएंगे



ललितपुर। ललितपुर भूमि संरक्षण विभाग के खिलाफ ग्यारहवें दिन भी नागरिक विकास मोर्चा सनातनी संगठन ने भी घंटाघर परिसर में धरना प्रदर्शन किया। किसानों के हितों के लिए भूमि संरक्षण के भ्रष्टाचार को देखते हुए प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए एक अप्रैल से भूख हड़ताल करेंगे और मुंडन कराएंगे। धरना स्थल पर नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पार्षद मनमोहन चैबे, हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे सहित अनेकों व्यक्ति उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में पंचायत चुनाव लड़ेगी पार्टी

- जनता दल यूनाइटेड की महिला सभा प्रदेशाध्यक्ष ने किया बुन्देलखण्ड दौरा

ललितपुर। केन्द्र सरकार में विशेष सहयोगी दल की भूमिका निभा रही बिहार राज्य की प्रमुख पार्टी जनता दल यूनाईटेड से उत्तर प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल बुन्देलखण्ड के सात जनपदों का दौरा कर बीते दिनों ललितपुर पहुंची। जिले के आला अधिकारियों से मुलाकात करने मुख्यालय पहुंची जेडीयू महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट में पत्रकारों से क्षणिक समय में वार्ता की। शालिनी सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि बैसाखी पर चल रही केन्द्र सरकार में जेडीयू के नीतिश कुमार की देन है कि नरेन्द्र मोदी जी देश की सरकार पर बैठे हैं और प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। कहा कि उत्तर प्रदेश में जेडीयू कार्यकताओं का उत्पीड ? किसी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पत्रकारों के समक्ष उन्होंने यह भी कहा कि आगामी समय में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष, बीडीसी, डीडीसी पद पर पूरे उत्तर प्रदेश में जेडीयू चुनाव लड़ेगी। बुन्देलखण्ड समेत यूपी में टिकिट वितरण को लेकर कहा कि इसकी समीक्षा प्रदेश अध्यक्ष करेंगे। कहा कि वह नितीश कुमार जी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहीं हैं। इस दौरान जेडीयू जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल, बुन्देलखण्ड प्रभारी सुशील कुमार, सह प्रभारी योगेश सोनी सुल्तानपुर के अलावा कुछेक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनायी गयी

## प्रबुद्धजन संगोष्ठी व चित्र प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

ललितपुर। सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में पुण्यशलोक देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जन्मोत्सव वर्ष पर आयोजित प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं चित्र प्रदर्शनी के अवसर का आयोजन जीजीआईसी सभागार में किया गया। शुभारंभ दीपप्रज्वलन तथा सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं के सरस्वती वंदन से हुआ। मुख्य अतिथि एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने समाज में सामाजिक समरसता की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुये अपने सैन्य जीवन का उदाहरण दिया। जिसमे देश के विभिन्न क्षेत्रों, जातियो वर्गों तथा भाषाओं को बोलने वाले एक यूनिट में समरसता के साथ देश सेवा में तत्पर रहते है तथा भगवान राम को समरसता का सबसे बड़ा प्रतीक बताते हुये कहा कि उन्होने वनवास के समय वन में रहने वाले वनवासी जनजातियों, जीव जंतुओं को साथ लेकर अधर्म के विरुद्ध विजय प्राप्त की। नेमवि के पूर्व प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये उनके द्वारा सामाजिक समरसता के क्षेत्र में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। धर्मेंद्र गोस्वामी द्वारा हिन्दू समाज के धार्मिक ग्रन्थों में कम्युनिस्ट विचारधारा के लेखकों द्वारा झूठ का सहारा लेकर सामाजिक समरसता के विरुद्ध षड्यंत्र किए जाने को रेखांकित किया।

उन्होने हिन्दू युवाओं को अपने सांस्कृतिक विरासत कि सही जानकारी प्राप्त कर उसे आगे बढ़ाने का आग्रह किया। मुख्य वक्ता एवं सामाजिक समरसता के प्रांत संयोजक रविशंकर द्वारा पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन उनके संघर्षो तथा उनके द्वारा सामाजिक समरसता के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुये उन्हे आज के परिवेश में अनुकरणीय बताया। सामाजिक समरसता के सह प्रांत संयोजक सुभाष हर्ष, समरसता के विभाग संयोजक सीताशरण तिवारी, झांसी से मुन्नालाल ने भी सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर जोर दिया। पाल समाज जिलाध्यक्ष बाबूलाल पाल ने पुण्यश्लोक माता की शिवभक्ती एवं न्यायप्रियता पर प्रकाश डालते हुये एडीएम से जनपद में ऐसी महान विभूति की प्रतिमा स्थापित किए जाने हेतु स्थान दिये जाने का आग्रह किया गया। अध्यक्षता करते हुये डा.जनक किशोरी शर्मा ने भारत के महान संतो तथा महापुरुषों को विभिन्न जातियों द्वारा अपना बताए जाने की संकीर्ण मानसिकता से बाहर आकर सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा इस दिशा में सामाजिक समरसता मंच द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की।

## दुकान की चोरी के खुलासे की मांग

बांदा। थाना बदौसा क्षेत्र के शाहपुर सानी गांव निवासी अमित कुमार की काका कम्प्यूटर नाम की दुकान से बीते दिवस चोरी हुई। पीड़ित ने बदौसा थाना प्रभारी को तहरीर देकर कहा कि 29 मार्च को वह दोपहर खाना खाने घर गया था। वापस आया तो देखा दुकान के पीछे की दो खिड़कियां और गेट को तोड़कर चोरी की गयी है। काउंटर के लॉक में रखे करीब 1 लाख रुपये लॉक का ताला तोड़कर चोर ले गये हैं और दुकान का सामान तोड़ दिया है। चोरी में तीन नये फोन भी चोरी हुए हैं। इस मामले की जानकारी चैकी इंचार्ज रामकिशोर यादव को देने के बावजूद यह घटना दूसरी बार हुई है। पीड़ित ने कहा कि पुलिस ने इस मामले पर तीन लोगों से पूंछताछ की है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही की गयी है।

## वन दरोगा की सेवानिवृति पर हुआ स्वागत समारोह

मिल्कीपुर-अयोध्या। वन रेंज कुमारगंज में तैनात बंद दरोगा राजेंद्र प्रसाद आज सेवानिवृत हो गए रेंज कार्यालय में क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया, डिप्टी रेंजर मनोज कुमार सिंह सहित अन्य वनकर्मियों ने दरोगा राजेंद्र प्रसाद का माल्यार्पण कर स्वागत किया, क्षेत्रीय वनाधिकारी ने रामचरितमानस , छाता एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान वन दरोगा राजेंद्र प्रसाद भावुक हो गये, उन्होंने कहा कि श्रावस्ती बहराइच बाराबंकी गोरखपुर में ईमानदारी पूर्वक नौकरी की और आज मैं अयोध्या से सेवानिवृत हो रहा हूं यह हमारे सौभाग्य का विषय है की अयोध्या में भी हमें काम करने का मौका मिला, उन्होंने अपने बीते दिनों को याद करते हुए कहा कि मैंने 23 साल की नौकरी में 33 वन अपराधियों को जेल भिजवाने का कार्य किया है।

## भूकंप का बढ़ता खतरा

देश में बीते साढ़े तीन दशकों में उत्तर प्रदेश के उत्तरकाशी, गुजरात के भुज और महाराष्ट्र के लातूर में भयानक भूकंप देखे हैं। देश से बाहर की बात करें तो बीते एक दशक में नेपाल, जापान, चीन, टर्की और बीते सप्ताह म्यांमार और बैंकॉक में आये विनाशकारी भूंकप ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है। बीते साल टर्की और बीते सप्ताह म्यामार में आये भूकंप से जिस तरह जनहानि हुई, बहुमंजिला हाई-राइज इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गयीं, उससे आधुनिक विकास और शहरी नियोजन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। म्यामार में आये भूकंप की तीव्रता 7.7 थी और यह बहुत ताकतवर भूकंप माना जा सकता है, लेकिन भारत में इससे भी अधिक भयानक भूकंप आ चुके हैं। असाम और तिब्बत में 1950 में 8.7 की तीव्रता का भूकंप आया था। अगर इतना शक्तिशाली भूकंप फिर आता है, तो बड़े जनहानि का कारण बन सकता है। आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक ने भी इस संदर्भ में चेतावनी दी है। वैज्ञानिक पहले से हाई मैग्नीट्यूट के भूकंप की चेतावनी दे रहे हैं लेकिन फिर भी हमारा शहरी विकास कुछ इस तरह है कि यहां बड़ी संख्या में ऐसी इमारतें बन रही हैं जो अधिक तीव्रता वाले भूकंप की स्थिति में बड़े जनहानि का कारण बन सकती हैं। इसलिए सरकार को बढ़ते शहरीकरण और इसके मद्देनजर शहरों के बढ़ते आकार को ध्यान में रखकर शहरी नियोजन का ढांचा और नियामक तंत्र कुछ इस तरह से विकसित करना चाहिए कि शहरों में बनने वाले प्रत्येक भवन और दफ्तर भूकंप रोधी क्षमता से युक्त हों। भूकंप महज धरती का हिलना भर नहीं है बल्कि मानव समाज पर भयावह आपदा भी है। इस संदर्भ में हाल ही में म्यांमार और बैंकॉक में धरती का कंपन महज भूकंपीय घटना नहीं बल्कि यह मानव समाज के लिए प्रलय है। हमने प्राचीन ग्रंथों में प्रलय का उल्लेख पढ़ा है, लेकिन यह प्रलय लोगों ने अपनी आंखों से देखा। खुद के अस्तित्व पर संकट महसूस किया। तकनीक, विकास और इंजीनियरिंग की ताकत पर इतराती, गगनचुंबी इमारतों को ढहते और मलबा होते भी देखा। कैसा अप्रत्याशित, अभूतपूर्व अनुभव रहा होगा? जिंदगियों की अंतिम चीखें भी सुनीं और उन्हें लाश होते हुए भी देखा। यदि 30 मंजिला इमारत भी ताश के पत्तों की तरह, भरभरा कर, ढह जाये, बिखर जाये, तो बैंकॉक का अपनी अत्याधुनिक तकनीक, अपने विकास पर इतराना बेमानी लगता है। इन्सान और नियति देश कुदरत की नियति से बड़े नहीं हो सकते। हम सब धरती पर कुदरत की कृपा से ही हैं। यह एहसास हर समय रहना चाहिए। बैंकॉक में 70-80 मंजिल तक की गगनचुंबी इमारतें हैं। यह इन्सान, इंजीनियरिंग और उसकी विलासिता का अहंकार ही है। म्यांमार तो विश्व में सबसे अधिक भूकंप संवेदी देशों में एक है। वहां हर माह औसतन 7-8 भूकंप आते रहते हैं। इस बार भी 7.7 तीव्रता के भूकंप के बाद भी बहुत से और झटके महसूस किए जा चुके हैं। यह भूकंप जापान के हिरोशिमा, नागासाकी पर गिराए गए परमाणु बमों से कई गुणा अधिक ऊर्जा वाला था। नतीजतन मौत का आंकड़ा 1700 को पार कर चुका है। घायल 3400 से ज्यादा हैं और 139 लोग लापता हैं। करीब 2900 इमारतें, सड़कें, 7 पुल और एक बांध भी क्षतिग्रस्त हुए हैं अथवा मलबे के ढेर में तबदील हो गए हैं। एक अमरीकी एजेंसी का आकलन है कि म्यांमार में ही मौत का आंकड़ा 10,000 को पार कर सकता है। ऐसा खौफनाक, डरावना मंजर प्रलय ही है। म्यांमार ऐसा पिछड़ा देश है, जहां भूकंप के जोखिम और आक्रमण सामान्य हैं। लेकिन से निपटने की उसकी क्षमता बहुत कम है। मलबा हटाने तक की मशीनें भी उसके पास नहीं हैं। हाथ से मलबा हटाने के प्रयास किए जा रहे हैं, इतने में तो दम घुटने से जिंदगी का बचना असंभव लगता है। इसलिए पूरी दुनिया को म्यामार में मानवीय सहायता के लिए जुट जाना चाहिए। भारत ने सबसे पहले राहत एवं बचाव शुरू कर एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि जहां भी आपदा होगी, वहां भारत बिना देरी के लोगों के साथ खड़ा होगा और मानवता की मदद में कभी भी न पीछे हटेगा और न अपने-पराये का भेद करेगा।



**म्यामार में सबसे पहले राहत एवं बचाव शुरू कर भारत ने एक बार फिर मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखायी है।**

### विचार

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए। वह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से नित्य दूध पीती है।
–लोकोक्ति.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।
–आयुर्वेद.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।
–तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।
–शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।
–मिल्टन.

# अदालतों का पितृ सत्तात्मक दृष्टिकोण



नौशाबा परवीन

**संवैधानिक अदालतों के कट्टरवादी फैसले सुर्खियां बन जाते हैं लेकिन निचली अदालतों में तो इनकी स्थिति संख्या व गुणवत्ता की दृष्टि से बद से भी बदतर है। कितनी ही अदालती कार्यवाहियों में हम देख चुके हैं कि बलात्कार के मामलों में विवाह को 'न्याय व समाधान' के तौर पर ऑफर किया जाता है। जिरह के दौरान महिला के यौन इतिहास को भद्दे अंदाज में उछाला जाता है।**



### चिंतन

कासगंज (उत्तर प्रदेश) से लगभग 60 किमी के फासले पर 200 परिवारों का एक छोटा सा गांव है, जिसमें अधिकतर गरीब श्रमिक व गरीब किसान रहते हैं, जिनके पास 1 बीघा से भी कम कृषि भूमि है। इस गांव में आजकल उस 'छोटी बच्ची' को हर कोई जानता है, जो इन दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के फैसलों के केंद्र में है। घटना 10 नवम्बर 2021 की है। यह 11-वर्ष की बच्ची अपनी मां के साथ पैदल गांव लौट रही थी कि रास्ते में दो युवक- 25-वर्षीय पवन कुमार व 30-वर्षीय आकाश सिंह उन्हें मिले, जिन्हें मां-बेटी जानती थीं। युवकों ने अपनी बाइक पर इन्हें लिफ्ट देने का ऑफर दिया। मां सहमत हो गई। कुछ दूर चलने पर युवकों ने अपनी बाइक एक पुलिया के निकट रोक दीं और उन्होंने बच्ची के निजी अंगों को दबोचा, आकाश ने बच्ची के पायजामे का नाड़ा तोड़ा। बच्ची को पुलिया के नीचे घसीटने का प्रयास किया गया। बच्ची चीखी, जिसने रास्ते पर चलते लोगों का ध्यान आकर्षित किया। वह मदद के लिए पहुंचे तो युवक वहां से भाग खड़े हुए। शिकायत लेकर जब मां पवन के घर पहुंची तो उसे गालियां दी गयीं और बंदूक दिखाकर धमकाया गया। पुलिस ने अनेक बार एफआईआर दर्ज करने से इंकार कर दिया।

मजबूरन मां ने जनवरी 2022 में पोक्सो कोर्ट में दस्तक दी। इसके बाद ही औपचारिक रूप से शिकायत स्वीकार की गई। आरोपी आईपीसी की धारा 376 (बलात्कार) और पोक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत बुक किये गये। इसके विरुद्ध आरोपियों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की जहां न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा ने विवादित व चिंताजनक टिप्पणी की कि बच्ची के निजी अंगों से छेड़खानी करना, उसके पायजामे का नाड़ा जबरन तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे घसीटना न तो बलात्कार है और न ही बलात्कार का प्रयास। न्यायाधीश ने आरोपियों पर लगी सख्त धाराओं को कम करते हुए उन्हें यौन हमले की धाराओं में बदल दिया। सुप्रीम कोर्ट ने 26 मार्च 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय को 'पूर्णतः अमानवीय व असंवेदनशील' घोषित करते हुए उस पर रोक लगा दी। इन फैसलों से 'छोटी बच्ची' के परिवार की स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं आया है, जिसने इस कानूनी संघर्ष के लिए निजी ऋणदाताओं से मोटे ब्याज पर 2.5 लाख रुपया उधार लिया था और अब उसके पास इसे वापस करने का कोई रास्ता नहीं है? इसी सोच में बच्ची के 70-वर्षीय दादा अपनी चार फीट ऊंची झोंपड़ी, जिस पर जंग खाती एस्बेस्टस की छत है जो गर्मी को अंदर ही रोक देती है, के बाहर उदास बैठे रहते हैं। उनका कहना है, 'मैं पूरी तरह से समझ नहीं पाया हूं कि सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है। लेकिन मुझे हाईकोर्ट ने जो कहा वह बताया गया था। अगर हमारी लड़कियों की सुरक्षा अदालतें नहीं करेंगी तो फिर कौन करेगा?' वह इंसाफ के लिए इस सीमा तक भी न पहुंच पाते अगर स्थानीय समाजसेवी सरोज चौहान ने मदद न की होती। चौहान के अनुसार, पांच गांवों की इस पॉकेट में यादव अल्पमत में हैं और उन्हें अक्सर दबाया जाता है। बच्ची के पैरेंट्स व भाई इस केस के सिलसिले में दिल्ली में हैं। बच्ची को गांव से दूर किसी सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। क्यों? चूंकि आरोपी प्रभावी परिवारों से संबंधित हैं और उनके पास बंदूकें हैं। बच्ची के परिवार को बंदूकों के बल पर केस वापस लेने के लिए धमकाया जा रहा है, ऐसा बच्ची के चाचा का कहना है। उनके अनुसार, गांव में गरीब परिवारों के लिए दबंगों के सामने खड़ा होना खतरे से खाली नहीं है- न्याय के लिए प्रयास करना कानूनी संघर्ष करने से भी अधिक कठिन है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चिंताजनक टिप्पणी अचानक नहीं की थी बल्कि चार माह की सुनवायी के बाद सोच समझकर और जानबूझकर की थी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को यह अति गंभीर मुद्दा लगा और उसने न्यायाधीश मिश्रा के विरुद्ध सख्त शब्दों के प्रयोग पर खेद भी व्यक्त किया। यह स्वागतयोग्य है कि बलात्कार प्रयास के इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने परेशान करने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी, लेकिन इस किस्म के आदेश दुखद रूप से कुछ ज्यादा ही दिये जा रहे हैं। अगर इस किस्म का आदेश 688 जिला अदालतों में से भी कोई एक देती तो भी वह परेशान करने वाला होता, लेकिन यह तो हाईकोर्ट में हुआ, जिनकी संख्या केवल 25 है और जो रैंक में सिर्फ. सुप्रीम कोर्ट से नीचे हैं। इसलिए निराशा होनी स्वाभाविक है कि हमारे देश में महिलाओं के विरुद्ध न्याय का पलड़ा कितना अधिक झुका हुआ है। अगर बच्ची के निजी अंगों को दबाना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और पुलिया के नीचे घसीटना बलात्कार का प्रयास नहीं है तो फिर क्या है? जो लोग कभी गांवों में नहीं रहे वह पुलिया के नीचे घसीटने के मर्म को समझ ही नहीं सकते। गांव की पुलिया के नीचे हजारों दिल दहलाने वाली दास्तानें दफन रहती हैं, उन्हें अगर सामने लाया जायेगा तो डर के मारे कई रातों की नींद उड़ जायेगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तो परेशान करने वाला एक कानूनी फिक्शन भी तहरीर कर दिया जो भविष्य में बलात्कार के दोषियों को सजा दिलाना अधिक कठिन कर देगा, यह घोषणा करके कि अपराध करने की तैयारी और वास्तव में अपराध करने के बीच मुख्य अंतर इरादे की अधिक डिग्री का है। यह बीजान्टिन सिद्धांत तो बचाव पक्ष के लिए मन्ना (आसमान से भेजा गया खाद्य पदार्थ) होता। शुक्र है कि हाईकोर्ट के इस आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए रोक लगा दी कि इसमें 'कुछ से तो कानून के सिद्धांत पूर्णतः अपरिचित हैं' और यह 'पूर्णतः असंवेदनशीलता और अमानवीय दृष्टिकोण' व्यक्त कर रहे हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के लिए यह बात नई न थी। मसलन, 2021 में उसने न्यायिक आदेशों व फैसलों में 'घुसी पितृसत्तात्मकता व नारी द्वेष दृष्टिकोण' के विशाल कैनवस के विरुद्ध एक चेकलिस्ट जारी की थी। हालांकि संवैधानिक अदालतों के कट्टरवादी फैसले सुर्खियां बन जाते हैं लेकिन निचली अदालतों में तो इनकी स्थिति संख्या व गुणवत्ता की दृष्टि से बद से भी बदतर है।

कितनी ही अदालती कार्यवाहियों में हम देख चुके हैं कि बलात्कार के मामलों में विवाह को 'न्याय व समाधान' के तौर पर ऑफर किया जाता है। जिरह के दौरान महिला के यौन इतिहास को भद्दे अंदाज में उछाला जाता है। इस बात को पूर्णतः अनदेखा कर दिया जाता है कि मुद्दा बलात्कार का है न कि महिला के अतीत का। एक वेश्या को भी यह अधिकार प्राप्त है कि उसके साथ उसकी मर्जी के खिलाफ जबरदस्ती नहीं की जा सकती। फिर अदालत में जिस तरह से पीड़िता से भद्दे, अश्लील व अनावश्यक प्रश्न मालूम किये जाते हैं (हाथ कहां था, टांगें कितनी खुली थीं ...) तो ऐसा प्रतीत होता है कि बलात्कार के बाद वह दोबारा उसी यातना से गुजर रही है। पीड़िता की अपनी गवाही को प्रचलित धारणाओं से मापा जाता है कि वह अपनी शर्म को कैसे प्रोसेस करेगी। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट को इलाहाबाद हाईकोर्ट को इतनी बुनियादी बात याद दिलानी पड़ी थी कि पीड़िता (या उसके पेरेंट्स/अभिभावक) की बात सुने बिना बलात्कार के आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती। दरअसल, जो भी लैंगिक भेदभाव को दूर करने के लिए प्रयास किये गये हैं वह स्पष्टता अपर्याप्त रहे हैं। हाँ, न्यायाधीश भी समाज का ही हिस्सा हैं, लेकिन इस आधार पर उनके खिलाफ अन्याय और वीभत्स टिप्पणीयां तो नहीं की जा सकतीं।

### सोशल मीडिया

प्रधानमंत्री जी कोल इंडिया के इन कर्मियों का दर्द सुनिये, कुछ की आंखों की रोशनी चली गयी, कुछ हैं जो न बोल सकते न सुन, लेकिन 8 वर्षों इनका मेडिकल नहीं हो रहा। संजय सिंह.



खतरा लोकतंत्र या संविधान को नहीं बल्कि सपा बहादुर अखिलेश यादव जी की परिवारवादी, तुष्टिकरण व समस्या वादी राजनीति की डूबती नांव को। केशवप्र[illegible]ार्य.



आगरा की हुई घटना के साथ-साथ सपा मुखिया को इनकी सरकार में 2 जून 1995 को लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड में मेरे ऊपर हुए हमले को भी जरूर याद कर लेना चाहिए। मायावती.



## हमारी सहनशक्ति

### अंतर्दृष्टि

हमारा मस्तिष्क हमेशा चिंतन-मनन में लगा रहता है। महापुरुष ईसा ने कहा है- कल की चिंता मत करो। पर इसका वास्तविक मर्म बहुत कम लोग समझते हैं। आप कहेंगे काल की चिंता कैसे न करें? हमारा परिवार है, हमारे बच्चों की शिक्षा, वस्त्र, भोजन, मकान की विषम समस्याएं हैं। कल हमें उनके विवाह करने हैं? क्या रुपया एकत्रित किए बिना काम चलेगा? हमें बीमा पालिसी में रुपया जोड़ना चाहिए? हमारी आज नौकरी लगी है कल छूट भी सकती है, आज हम स्वस्थ हैं कल बीमार पड़ेंगे तो कैसे काम चलेगा? वृद्धावस्था में हमारा क्या होगा? इस प्रकार की बातें ठीक हैं। एक विचारशील मस्तिष्क में ये विचार आने चाहिए। हमारा सुझाव है कि आप कल के लिए अपने आपको शक्तिशाली बनाने के लिए, योग्यतर, स्वस्थ आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने के लिए नयी योजनाओं को कार्यान्वित करें। भावी जीवन के लिए जितना संभव हो तैयारी कीजिए। परिश्रम उद्योग मिलनसारी द्वारा समाज में अपना स्थान बनाइये। पर चिंता न कीजिए। योजना बनाकर दूरदर्शिता पूर्ण कार्य करना एक बात है, चिंता करना दूसरी बात है। चिंता से क्या हाथ आवेगा। जो रही सही शक्ति और मानसिक संतुलन है, वह भी नष्ट हो जायेगा। चिंता तो आपको उत्साह, शक्ति और प्रसन्नता से पंगु कर देगी। जिस कठिनाई या प्रतिरोध को आप अपनी वयक्तिगत शक्तियों से बखूबी जीत सकते थे। पर्वत सदृश कठिन प्रतीत होगी। चिंता आपके सामने एक ऐसा अंधकार उत्पन्न करेगी कि आपको उस महान शक्ति केन्द्र का ज्ञान न रह जायेगा। जो आदिकर्ता परमेश्वर ने आपके अंग-प्रत्यंग में छुपा रख है। युद्ध बीमारी दिवाला य दुखद मृत्यु के अंधकार पूर्ण रुदन में, शुभ चिंतन और अशुभ चिंतन में केवल यह अंतर है। अच्छा विस्तार वह है जो कार्य करण के फल को तर्क की कसौटी पर परखता है। दूर की देखता है और किस कार्य में भविष्य में क्या फल होगा, इसका संबंध देखकर भावी उन्नति की योनजाएं निर्माण करता है। सृजनात्मक विचार भवी निर्माण में पुरानी गलतियों की सजा के अनुभवों और संसार की कठोरताओं को देखभाल कर अपनी उन्नति के लिए योजना प्रदान करता है। अच्छे चिंतन में संग्रहित सांसारिक अनुभवों के बल उत्साह और आशा का शुभ आलोक है। कार्यनिष्ठा और साहस का बल है, शक्ति और कुशलता का पावन योग है। कार्य से भागकर नहीं, वरन गुत्थियों को सुलझाकर अपूर्व सहनशक्ति का परिचय देने का विधान है। बुरी विचारधारा का प्रारम्भ ही डर और घबराहट से होता है। कठिनाइयां आ रही हैं। हमें वह कार्य करना ही पड़ेगा, जो साधारणतः हमने नहीं किया है।

## एक गधे की वापसी!

### व्यंग्यलोक

गधा चला गया था, मैंने राहत की सांस ली। चलो मूर्ख गया। लेकिन गधा वापस आ गया। मैंने अपने समानधर्माओं को बताया भी कि गया हुआ गधा फिर वापस आ गया है, तो वे बहुत खुश हुए कि अब उन्हें चांस आसानी से मिल जायेगा। वे नहीं चाहते कि कोई समझदार आकर उनके अधकचरेपन को नकारे। इसलिए उन्होंने खुशियों के दीप जलाये। समानधर्मा भरोसी लाल उलटा मुझे चिढ़ाने आये कि अच्छा हुआ वह आ गया। लो, वह तो लौट आया है। मैंने उनसे कहा-भाई इसका वापस लौटना शुभ नहीं है। भरोसी लाल बोले-फिर हम क्या करेंगे? हमें तो ऐसा ही चाहिए। भाई साहित्य में गधों की आवश्यकता किसी काल में रहने का उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता। ऐसा करो इसे सिर पर बिठालो। मैंने कहा तो भरोसी लाल बोले- हमारा गधा, हम कुछ भी करें। अब साहित्य की दुनिया में हम होंगे और हमारा गधा। पता है गधे की महत्ता। बोझ ढोता है और अत्यंत निरीह होता है। इसलिए हम उसके खिलाफ कुछ नहीं सुनेंगे। मुझे लगा मेरे चारों ओर गधे इकट्ठे हो गये हैं और वे सब एक साथ रेंक रहे हैं। भरोसी लाल बोले - उन्हीं के बल पर आज मैं सम्पादक बना हूँ। श्याम सुन्दर जी को सेमिनार को ठेका दिया गया है, वरना पहले वाला तो घाघ था। हमें घास ही नहीं डालता था। यार भरोसी लाल, तुम्हारी घास के लिए संस्था का नाशा क्यों करा रहे हो। मुझसे किसी तरह के सहयोग की आपेक्षा मत करना। कल गधे ने दुलत्ती मार दी तो रूआंसे होकर मेरे पास रोना मत। मैंने कहा तो वे बोले - अरे आप से सहयोग करने को कहा किसने है? अब तो हमारी अपनी पूरी जमात है। आप जैसा सुजान चाहिए भी नहीं। उसे अपना वक्त निकालना है और हमें अपने उल्लू सीधे करने है। इसलिए गधे की वापसी का हम स्वागत करते हैं। हमारे मधुबन में वह लीद भी करेगा तो हम उसे फेकेंगे नहीं। जाओ अपनी बंसी अकेले बजाओ। हमारे साथ 'एक ढूंढों हजार मिलते हैं', वाली भीड़ है। मैं उदास हूँ गधे की वापसी से, लेकिन कर कुछ भी नहीं सकता। ऊपर से थोपा हुआ है। गधे के समर्थक तालियां इतनी जोरों से बजा रहे हैं कि कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा। गधों की इस भीड़ में मैं अकेला हूं। लेकिन कुछ कर भी नहीं सकता हूं, ऊपर का थोपा हुआ गधा है, न चाहते हुए भी उसके वापस लौटने को ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकारना होगा। क्योंकि चमत्कार को नमस्कार की हमारी परंपरा जो है।



पूरन सरमा

## जीवन को संपूर्णता देता है उपवास का अनुष्ठान



चैत्र नवरात्र पर विशेष

उपवास सिर्फ आहार तक सीमित गतिविधि या प्रक्रिया नहीं है बल्कि यह एक गहरी आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रणाली है, जो आत्मशुद्धि, मानसिक स्थिरता और आत्मसंयम को बढ़ावा देती है। विभिन्न धर्मों और योग परंपराओं में उपवास को आत्म-उन्नति का साधन माना गया है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्र से नया वर्ष प्रारम्भ होता है, साथ ही ऋतु चक्र भी बदलता है, जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का अवसर मिलता है। क्योंकि इस समय प्रकृति, शरीर और चेतना में एक विशेष समानुपातिक रिश्ता होता है। इसलिए इस समय किया गया उपवास न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि आध्यात्मिक और वैज्ञानिक रूप से भी लाभकारी होता है। क्योंकि यह आत्मिक ऊर्जा को बढ़ाने और शरीर-मन को संतुलित करने का एक प्रभावी माध्यम है।

**क्या है उपवास का आध्यात्मिक महत्व**

शरीर, मन और आत्मा की शुद्धि की प्रक्रिया उपवास से होकर गुजरती है। इसीलिए उपवास को आत्मशुद्धि की प्रक्रिया कहा जाता है। क्योंकि इसका संबंध केवल शरीर से नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक स्तर पर से भी होता है। जब व्यक्ति उपवास करता है, तो वह इंद्रियों के नियंत्रण और मानसिक शुद्धि की दिशा में बढ़ता है। उपवास हमें अपनी इच्छाओं और वासनाओं पर नियंत्रण रखने की शिक्षा देता है। यह ध्यान और साधना में गहराई लाने में मददगार है, जिससे चेतना का स्तर ऊँचा उठता है। चैत्र के नवरात्र में हम सात्विक भोजन (फल, दूध, साबूदाना, सिंघाड़ा, कुट्टू आटा आदि) करते हैं, जिससे शरीर की ऊर्जा शुद्ध रहती, नकारात्मकता दूर होती है। इससे ध्यान और भक्ति में गहराई आती है, जो आत्मिक ऊर्जा बढाने में मददगार होती है।

**दैवीय शक्ति से संरक्षण**

चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। नियमित उपवास और जप-तप से व्यक्ति अपनी चेतना को दिव्य ऊर्जा से जोड़ता है, जिससे आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे ध्यान और प्राण ऊर्जा में वृद्धि होती है। उपवास के दौरान शरीर अधिक ऊर्जा को आंतरिक रूप से आत्मिक विकास में लगाता है। यह ऊर्जा ध्यान, जप, और प्राणायाम में सहायक होती है, जिससे आध्यात्मिक अनुभूति गहरी होती है। शास्त्रों के विधान से किया गया उपवास व्यक्ति को ईश्वर के निकट लाने में सहायक होता है। यह एक साधना की तरह कार्य करता है, जिससे व्यक्ति अपनी आध्यात्मिक यात्रा में प्रगति करता है। चैत्र नवरात्र के वासंतिक मौसम में उपवास से शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। क्योंकि उपवास से पाचन तंत्र को विश्राम मिलता है, इससे शरीर विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है और चयापचय यानी मेटाबोलिज्म को संतुलित करता है, इससे शरीर में ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। उपवास करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जो हमे कई तरह की बीमारियों से बचाती है।

**बढ़ती है ध्यान शक्ति**

उपवास के दौरान सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे न्यूरोट्रांसमीटर्स की मात्रा संतुलित होती है, जिससे मन शांत रहता है और ध्यान की शक्ति बढ़ती है। मानसिक तनाव और चिंता कम होती है, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। उपवास से शरीर के ऊर्जा केंद्र या ऊर्जा चक्र सक्रिय होते हैं, जिससे आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति बढ़ती है। जब शरीर में भोजन सीमित होता है, तो शरीर ऊर्जा को पाचन में खर्च करने के बजाय मानसिक और आध्यात्मिक कार्यों की ओर मोड़ता है, जिससे आत्मिक ऊर्जा बढ़ती है। चैत्र नवरात्रि के समय मौसम में परिवर्तन होता है, जिससे शरीर का जैविक चक्र प्रभावित होता है। उपवास इस चक्र को संतुलित करता है और शरीर को नए मौसम के लिए तैयार करता है। इससे भी इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म नियंत्रित रहता है।

**बढ़ती है मानसिक स्पष्टता**

उपवास के दौरान मन अधिक शांत और केंद्रित होता है। नकारात्मक विचार कम होते हैं और आत्मसंयम बढ़ता है। यह व्यक्ति को भावनात्मक संतुलन में रखता है, जिससे जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है। हमारा आध्यात्मिक और नैतिक विकास होता है। उपवास से व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझने लगता है, जिससे मोह और भौतिक आसक्तियों से मुक्ति मिलती है। यह करुणा, दया और सेवा की भावना को प्रबल करता है, जिससे सामाजिक जीवन भी समृद्ध होता है। वैज्ञानिक रूप से, उपवास से कोशिकाओं की मरम्मत की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे शरीर अधिक ऊर्जा प्राप्त करता है। **नरेन्द्र शर्मा.**

### आपकी बात

## रेल यात्र को सुरक्षित बनायें

देश में जिस तरह से रेल दुर्घटनाएं हो रही हैं उसके कारण सुरक्षित और मंगलमय रेल यात्रा पर अनेक सवाल खड़े हो गये हैं। बालासोर रेल हादसा और कई ट्रेनों के डीरेल होने की घटनाएं, कटक में ही बेंगलुरू-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के डीरेल होने की घटना से स्पष्ट है कि रेलवे सेफ्टी को बेहतर करने के लिए रेलवे को अभी बहुत कुछ करना है। जब रेल दुर्घटना होती है तो इसके पीड़ितों एवं उनके परिजनों को तो बड़ी विपदा के दौर से गुजरना ही पड़ता है, लेकिन उनके साथ ही पूरा देश भी चिंतित होता है, क्योंकि अधिकांश देश वासियों को रेलवे से प्रायः यात्रा करनी ही पड़ती है। इसीलिए रेलवे की सुरक्षा को लेकर पीड़ितों के साथ ही पूरा देश चिंचित होता है। बीते साल जलपाईगुड़ी ट्रेन हादसे में शाम पांच बजे के करीब बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस के बारह डिब्बे पटरी से उतर गये और भयावह तरीके से डिब्बे एक दूसरे पर चढ़ गये या ध्वस्त हो गये। जब यह ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई तब इसमें 577 यात्री सवार थे। भीड़ कम होने के कारण ही इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। अगर डिब्बों में बहुत भीड़भाड़ होती तो मृतकों की संख्या भी बहुत अधिक हो सकती थी। इसी तरह ओडिसा में कटक के पास हुई रेल दुर्घटना में 11 डिब्बे पटरी से उतर गये। इसमें एक यात्री की मौत और आठ घायल हुए। इसी तरह अनेक छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं एवं डीरेल के मामले हैं जो रेलवे की सुरक्षा प्रणाली पर सवाल उठाते हैं। भारत में रेल दुर्घटनाएं बहुत आम बात थीं लेकिन बीते तीन-चार सालों में दुर्घटनाओं पर काफी हद तक लगाम लगाने में मदद मिली है। उससे पहले बार-बार दुर्घटनाओं के कारण सुरेश प्रभु को त्यागपत्र भी देना पड़ा था। हालांकि सुरेश प्रभु ने अपने कार्यकाल में रेल यात्रा को सुरक्षित बनाने और रेलवे सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की थी। उनके इन प्रयासों को बाद में पीयूष गोयल ने भी जारी रखा जिसके कारण रेल दुर्घटनाओं में काफी हद तक कमी आयी थी। वर्तमान रेल मंत्री इंजीनियर भी हैं और उनको तकनीकी की बेहतर समझ भी है। उनसे रेलवे में व्यापक सुधार और परिवर्तन की अपेक्षा है। रेल दुर्घटनाएं चिंता का विषय हैं। सरकार को रेलवे की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखना चाहिए। यह भी जरूरी है कि जलपाई गुड़ी ट्रेन हादसे की गंभीरता से जांच हो और जो भी कमी सामने आये उसका समाधान किया जाये ताकि भविष्य में दुर्घटनाओं को कम से कम किया जा सके।

**अंकित कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

## बढ़ती जनसंख्या चिंताजनक

भारत की बढ़ती जनसंख्या एक तो गंभीर चिंता का विषय है ही लेकिन इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि देश की जनसंख्या में युवाओं का अधिक प्रतिशत होते हुए भी उनमें स्किल की कमी है जिसके कारण उनका समुचित लाभ देश को नहीं मिल पाता है। देश में जनसंख्या असंतुलन बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी, जनसंख्या असंतुलन देश के लिए चिंताजनक है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार 1950 से लेकर 2015 तक कुल जनसंख्या में बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 प्रतिशत की कमी आई है। जबकि मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कई अन्य देशों में भी, जहां बहुसंख्यक आबादी गैर-मुस्लिम थी, उसकी हिस्सेदारी में कमी आई है और अल्पसंख्यक आबादी जो मुस्लिम है, की हिस्सेदारी बढ़ी है। यह प्रवृत्ति म्यांमार और नेपाल में भी देखी गई। पाकिस्तान और बांग्लादेश में जहां मुस्लिम खुद बहुसंख्यक हैं, उनकी हिस्सेदारी बढ़ी है। यानी सवाल अल्पसंख्यकों की आबादी बढ़ने का ही नहीं, बल्कि दुनिया में मुस्लिम आबादी बढ़ने का भी है। जिसका असर यूरोप समेत दुनिया के अधिकांश देशों में देखा जा रहा है।

**लोकेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

## नगर निगम ने सेवा संग आय वृद्धि में भी रचा कीर्तिमान

अयोध्या। प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेला के चलते राममंदिर दर्शन एवं सरयू स्नान के लिए जनवरी एवं फरवरी माह में अयोध्या पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा के मामले में नगर निगम ने न केवल इतिहास रचा, बल्कि बीते वित्तीय वर्ष में आमदनी वृद्धि के मामले में भी कीर्तिमान स्थापित किया है। कुशल प्रबंधन के चलते आय में बीते वित्तीय वर्ष में कुल 1969 लाख रुपये की वृद्धि दर्ज की

- कर एवं करेत्तर आय में 1969 लाख रुपये की बढ़ोत्तरी

है। नगर निगम के इतिहास में पहली बार आय में इतनी बढ़ोतरी हुई है। नगर निगम ने महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम ने सीमित संसाधनों के बावजूद पिछले वित्तीय वर्ष में अयोध्या आए लाखों श्रद्धालुओं को पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग, ठहरने के लिए आवास, आवश्यकता अनुसार प्राथमिक उपचार जैसी सेवाओं के मामले में तो मिसाल कायम की ही, आमदनी वृद्धि के मामले में भी रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहा। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में गृहकर, जलकल, सीवेजकर के रूप में 20 करोड़ 34 लाख 82 हजार रुपये की आय हुई थी, जबकि अन्य मद से होने वाली करेत्तर आय 15 करोड़ 80 लाख 31 हजार रुपये थी। इस तरह कुल आय 36 करोड़ 15 लाख 13 हजार रुपये हुई थी।

# अयोध्या में श्रद्धालुओं की सहायता करेगा हेल्प डेस्क

- 25 स्थानों पर स्थापित होगा मे आई हेल्प यू
- 02 गाइड तैनात होंगे प्रत्येक हेल्प डेस्क पर
- प्राथमिक उपचार की रहेगी व्यवस्था, कर्मचारी प्रशिक्षित



अयोध्या। सप्तपुरियों में शामिल अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन की उम्मीद लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक जानकारियों से लैस कराने व हर सम्भव सहयोग दिलाने का बीड़ा नगर निगम ने उठाया है। इसके लिए अयोध्या में 25 स्थानों पर मे आई हेल्प यू डेस्क की स्थापना की जाएगी। प्रत्येक डेस्क पर दो गाइड तैनात होंगे, जिन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। चैत्रराम नवमी मेला के मद्देनजर गुरुवार को हेल्प डेस्क अस्तित्व में आ जाएगा। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी समारोहपूर्वक इसका उद्घाटन करेंगे। देश-विदेश के कोने-कोने से रामनगरी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 25 मे आई हेल्प यू डेस्क की स्थापना की जाएगी। यहां सूर्योदय से लेकर देर रात्रि तक गाइड मौजूद रहेंगे, जो श्रद्धालुओं को राममंदिर समेत मठ-मंदिरों में दर्शन-पूजन की समयावधि की जानकारी देंगे। इसके साथ ही अयोध्या के आसपास के दर्शनीय स्थलों की जानकारी भी पर्यटकों को उपलब्ध कराएंगे, ताकि 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सके। अयोध्या से विभिन्न नगरों को जाने के लिए बस, ट्रेन, हवाई जहाज आदि सेवाओं के बारे में भी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने बताया कि अयोध्या में ठहरने के लिए उपलब्ध लॉज, होटल एवं पार्किंग सेवा जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां भी श्रद्धालु यहां से प्राप्त कर सकेंगे। यहां पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा तथा प्राथमिक उपचार की भी व्यवस्था रहेगी। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि लता चैक, बिरला धर्मशाला, राममंदिर, सरयूघाट पुराना पुल, धर्मपथ, दर्शन पथ, शांति चैक, चूड़ामणि चैराहा समेत 25 स्थानों पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की कठिनाई ना हो।

## राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी का विरोध

मिल्कीपुर-अयोध्या। सपा के राज्यसभा सांसद लाल जी सुमन द्वारा मेवाड़ के राजा राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कुमारगंज में प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सांसद का पुतला दहन किया और अखिलेश यादव मुदार्बाद के नारे लगाए।एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नवीन आजाद दुबे ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि देश विरोधी सांसद को तत्काल पार्टी से निकाला जाए। यदि ऐसा नहीं किया गया तो एबीवीपी आंदोलन करेगी। प्रदर्शन में प्रांत एसएफएस संयोजक ऋषभ गुप्ता, शुभम्‍ सिंह रुद्र, चंचल उपाध्याय, जिला सह संयोजक प्रखर कौशल और नगर मंत्री कुमारगंज संजीव अग्रहरि मौजूद रहे।

# चोरी और लूटपाट के इरादे से आई पांच महिलाएं गिरफ्तार




अयोध्या। कोतवाली अयोध्या पुलिस ने रामनवमी मेले में चोरी व लूटपाट के इरादे से आईं पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया है। वहीं दो पुरुष आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। आरोपियों के पास से ई रिक्शा में एक महिला के गले से उड़ाई गई चेन भी बरामद हुई है। सभी आरोपी जौनपुर व आजमगढ़ की रहने वाली है। 29 मार्च को मिजार्पुर निमौली थाना पूराकलंदर निवासी क्रांति कुमारी अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से ई रिक्शे से खाले का पुरवा रामघाट जा रही थी। मानस भवन से आगे बढ़ने पर चार-पांच महिलाएं भी ई रिक्शे में बैठ गई, जो कुछ दूर जाकर उतर गई। उनके जाने के कुछ देर बाद क्रांति ने देखा कि उनके गले से सोने की चेन गायब है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में उक्त महिलाओं पर चेन चोरी करने का आरोप लगाया था। केस दर्ज करने के बाद कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई थी। 31 मार्च को आरपीएफ के एएसआई दिलीप कुमार ने पुलिस टीम को सूचना दी कि मौनी बाबा अंडर पास मदरहिया मार्ग के पास कुछ महिला व पुरुष लूट व डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना पर रात करीब 2:45 बजे वहां कार्रवाई की गई तो पुरुष आरोपी शिवकुमार व अशोक पता अज्ञात फरार हो गए। वहीं पुलिस ने मोनिका (25) निवासी लतीरपुर शाहगंज थाना शाहगंज जनपद जौनपुर, आरती (26) निवासी बलुआ कटरा थाना मुबारकपुर आजमगढ़, प्रियंका (22) निवासी बलुआ कटरा थाना मुबारकपुर आजमगढ़, रोशनी (25) निवासी फूलपुर आजमगढ़ व किरण (30) निवासी बरसोली थाना सरपतहा जौनपुर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से क्रांति की चोरी हुई चेन समेत चाकू, हथौड़ा, पेंचकस आदि बरामद हुआ। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि पकड़ी गई महिलाओं से एक सोने की चेन बरामद हुई है जो 29 मार्च को ई रिक्शे में एक महिला से चुराई गई थी। आरोपी महिलाओं ने पूछताछ में बताया कि उनका बड़ा गिरोह है।

## राजस्व निरीक्षक नपा नदीम फरीदी ने नारकोटिक्स विभाग से पत्राचार कर जमा करवाया 10,544,331 रुपये राजस्व

बाराबंकी। वित्तीय वर्ष 2024-25 राजस्व वसूली की शत प्रतिशत वसूली को लेकर नगरपालिका राजस्व निरीक्षक नदीम फरीदी ने केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो वित्त मंत्रालय भारत सरकार जिला अफीम अधिकारी करूण बिलग्रामी, लिपिक अजय दुबे, निरीक्षक राजीव रंजन शरण से पत्राचार कर बकाया राजस्व 10,544,331 रुपये जमा करवाया। इस सम्बन्ध मे अधिशासी अधिकारी नगरपालिका संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 गृहकर-जलकर की शत प्रतिशत राजस्व वसूली को लेकर राजस्व निरीक्षको की टीमो को निर्देशित किया गया था। जिसमे राजस्व निरीक्षक नदीम फरीदी द्वारा केन्द्रीय नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियो से पत्राचार करते हुये 10,544,331 रुपये जमा करवाये गये।

## 3 अप्रैल को पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप के जन्मदिन पर होगा शाम-ए-गजल का आयोजन

बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप के आगामी 3 अप्रैल को जन्मदिवस पर सिटीजन फोरम आफ बाराबंकी द्वारा देवा रोड स्थित गांधी भवन सभागार में सायंकाल 7 बजे से शाम-ए-गजल का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये सह-संयोजक वीरेन्द्र प्रधान ने बताया पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री गोप के 57वें जन्मदिन पर लखनऊ के मशहूर गजल गायक उस्ताद इलियास खां एण्ड ग्रुप द्वारा अपनी गजल गायकी का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। कार्यक्रम से पूर्व गोप जी को 57 किलो की माला एवं पार्टी पदाधिकारी द्वारा पुष्पगुछ, अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी जायेगी।

## फटे कपड़े पहन रामलला से न्याय मांगने पहुंचे विधायक नंदकिशोर गुर्जर



अयोध्या। गाजियाबाद के लोनी विधानसभा विधायक नंदकिशोर गुर्जर रामलला का दर्शन करने पहुंचे। उनकी हालत कुछ इस तरह रही कि लोग उन्हें देखने लगे। शरीर पर फटे कपड़े और नंगे पांव दर्शन पूजन किया। अंगद टीला पर श्रीराम कथा के आयोजन में भी दर्शकों के बीच जमीन पर बैठकर कथा सुनी। उनका आरोप है कि उनकी यह हालत राम कथा में कलश यात्रा निकाले जाने के दौरान एक पुलिस अधिकारी ने की थी, जिसके कारण न्याय मांगने रामलला के शरण में पहुंचे हैं। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पूछा कि योगी सरकार में राम कथा करना क्या अपराध है ? हमारे ऊपर लाठी चार्ज किया गया। इस घटना के दौरान जो हमारे कपड़े फटे थे, आज उन्हीं कपड़ों के साथ आया हूं। मैंने प्रण किया था जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक अन्न ग्रहण नहीं करूंगा। हम श्रीराम के चरणों में आए हैं। समाज में आसुरी प्रवृत्ति के लोग हैं। महिलाओं पर भी लाठी बरसा रहे हैं। यात्रा में कलश तोड़े गए। कपड़े फाड़े गए, जबकि इस पूरे आयोजन के लिए पहले से ही प्रशासन की अनुमति ली गई थी। यह रामकथा का आयोजन 2010 से लगातार करता रहा हूं। वहां के कुछ लोग मेरी हत्या का षड्यंत्र कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस घटना में हिंदुओं को गाली दी गई। संतों और कथावाचकों को गाली दी गई। इसलिए प्रभु से कहने आया हूं कि ऐसे लोगों को दंडित करें या फिर हमें शक्ति दें कि ऐसे लोगों को जवाब दे सकें। समाज में एक भी व्यक्ति कुरान के पन्ने को फाड़ कर दिखा दें तो पता चल जाएगा कि यह कृत्य कितना बड़ा अपराध है। हमारे सिर पर रामचरितमानस था, लेकिन हमने गिरने न दिया। पुलिस लाठी बरसाती रही। अभी भी हमें योगी सरकार पर विश्वास है कि वह न्याय देगी और ऐसे अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करेगी। मैं सरकार के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन एक अधिकारी सरकार नहीं हो सकता। कुछ दिन पहले कुछ गायों के कटवाने के विरोध में मैंने बोल दिया था। शायद उसी का बदला लिया जा रहा है। मैं भाजपा का सिपाही हूं और सरकार का विरोध नहीं कर रहा हूं।

# परिवहन विभाग ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

- प्रवर्तन टीमों ने बिना रजिस्ट्रेशन व लाइसेन्स मिलने पर किये 20 ई-रिक्शा सीज
- दस्तावेज अधूरे मिलने एंव नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिलने पर होगी सख्त कार्यवाही: एआरटीओ



बाराबंकी। सड़को पर अनाधिकृत रूप से बिना लाइसेंस, फिटनेस के अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलायाा इस दौरान प्रवर्तन टीमो द्वारा बिना प्रपत्रों के संचालित 10 ई-रिक्शा को सीज किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर बिना फिटनेस, लाइसेन्स के 10 ई-रिक्शा को जब्त करते हुये विधिक कार्यवाही की। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने कुर्सी रोड़ पर चेकिंग के दौरान 5 ई-रिक्शा थाना कुर्सी व 5 ई-रिक्शा माती चैकी मे बंद किये। अभियान की जानकारी लेने पर एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने बताया कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक बिना लाइसेन्स, फिटनेस के सड़को पर चलने वाले अपंजीकृत ई-रिक्शा व ऑटो के विरुद्ध अभियान चलाया जायेगा। जांच के दौरान ई-रिक्शा चालक के पास सभी कागज व फिटनेस प्रमाणपत्र और वैध लाइसेंस की जांच की जायेगी। दस्तावेज अधूरे मिलने पर जुमार्ना एंव नाबालिग ई-रिक्शा चलाते मिलने पर सीज की कार्यवाही की जाएगी।

## मुख्यमंत्री से मिले महंत कमलनयन दास



अयोध्या। मणि रामदास छावनी के उत्तराधिकारी मं. कमलनयन दास ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उन्हें हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान राम नवमी मेले में श्रद्धालुओं के आगमन एवं उनके सुगम दर्शन के लिए व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही गोंडा के कटरा सरयूघाट से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को और अधिक सुचारु बनाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। महंत कमलनयन दास ने मुख्यमंत्री को 1 जून से 10 जून तक आयोजित होने वाले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के जन्मोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी दी और उन्हें इस विशेष अवसर पर आमंत्रित किया। इस दौरान नवाबगंज, गन्ना समिति के प्रतिनिधि संतोष, समाजसेवी अभिषेक अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# युवक को गोली मारने वाले 2 अभियुक्त गिरफ्तार

## पुलिस ने 48 घंटे में किया घटना का खुलासा, तमंचा व कार बरामद

जिला संवाददाता (vol)



बाराबंकी। थाना नगर कोतवाली व स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम केवाड़ी के पास हुई घटना का 48 घण्टे मे खुलासा करते हुये 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार मे प्रेस वार्ता कर रहे अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि बीती 30 मार्च को कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केवाडी के पास थार चालक व टैम्पो चालक के मध्य ओवरटेकिंग करने की बात को लेकर कहा सुनी होने पर मोटरसाइकिल सवार द्वारा बीच-बचाव करते समय थार चालक द्वारा पिस्टल निकालकर फायर करने से बाइक चालक के कमर मे गोली लग जाने की सूचना मिली। सूचना पर बाइक चालक को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। जंहा चिकित्सको द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। मृतक की पहचान सुमित ओझा पुत्र उमेश ओझा निवासी फतेहगंज थाना नाका कमिश्नरेट लखनऊ के रूप में हुई। जिस पर मृतक के भाई, वादी राहुल कुमार ओझा द्वारा दी गई तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुये पुलिस टीम को गठित किया गया। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी की मदद से 2 अभियुक्तों सत्येन्द्र गोस्वामी पुत्र सुखदेव निवासी सफेदाबाद थाना कोतवाली नगर, अनूप गोस्वामी पुत्र सूर्यपाल प्रसाद निवासी कुम्हड़ौर थाना करनैलगंज गोंडा को ग्राम भुइहारा, रेलवे क्रासिंग के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद देशी रिवाल्वर मय दो अदद जिंदा कारतूस 32 बोर, एक अदद कार थार यू0पी 32 पीवी 4050 बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ मे मृतक की मोटरसाइकिल में पिकप द्वारा साइड से टक्कर मार देने से पीछे से आ रही थार से टकराने से स्क्रेच आने के दौरान कहा-सुनी हो गई। जिसके बाद थार चालक के रिश्तेदार अनूप गोस्वामी ने अपनी रिवाल्वर से मृतक को गोली मार घटनास्थल से फरार हो गये।

# मस्जिदों में हुई ईदुल फितर की नमाज

## तनुज पुनिया ने लोगों से गले मिल दी बधाई



बाराबंकी। रमजान-उल-मुबारक के पवित्र महीने के बाद एक मजहबी खुशी के त्यौहार में देवा महादेवा की पावन धरती पर कौमी एकता की मिसाल फिर देखने को मिली है। 30 दिन की इबादत के बाद मनाये जाने वाले त्यौहार ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। जनपद मे शांतिपूर्ण ढंग से ईदुल फित्र की नमाज पढ़ी गयी। पीरबटावन, सट्टी बाजार, बढियन टोला, कटरा, चंदना, बेगमगंज, रसूलपुर, स्टेशन, बंकी, लखपेड़ाबाग, दीनदयाल नगर, असद नगर, कृष्णा नगर, गयास नगर की मस्जिदों में भी नमाज अदा कराई गयी। तो वही काग्रेस सांसद तनुज पुनिया, जिलाधिकारी शाशंक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने ईदगाह पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी।

## अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ का हुआ आगाज



अयोध्या। भारतीय नव वर्ष एवं राम नवमी के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पांच दिवसीय अयोध्या कला संस्कृति महाकुम्भ का आगाज स्वदेश धर्म जागरण तिरंगा यात्रा 251 मीटर लंबा तिरंगा के साथ नाका हनुमान गढ़ी से प्रारम्भ होकर कलावती पैलेस में आकर मुख्य अतिथि राजलक्ष्मी त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया इसके उपरान्त मुख्य अतिथि का अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति एवं निदेशक अम्बरीष चन्द्र पाण्डेय द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा ही सामूहिक हनुमान चालीसा का भव्य आयोजन और प्रसाद वितरण हुआ।

इसके बाद सम्पूर्ण भारत देश से आए हुए 101 कलाकारों द्वारा भव्य श्रीरामकथा कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। जिसमें श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित पेंटिंग, मूर्तिकला आदि का अवलोकन अतिथियों एवं कलाकारों एवं जनसमुदाय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के निदेशक अम्बरीष चंद्र पांडे ने बताया कि आगामी तीन दिनों में चित्रकला मूर्ति कला क्राफ्ट मेहंदी रंगोली आदि की अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी तथा पूरे भारत से आए हुए सैकड़ो लोक कलाकारों का सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच पर होना है जिसमें बधावा नृत्य ,झूमर नृत्य, कालबेलिया नृत्य, ओडीसी नृत्य, अवधी एवं भोजपुरी गायन , फरवाही नृत्य, रक्तदान शिविर , गरबा रास, जादू सुमित सैकड़ो कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।सायं में संगीत कुम्भ के अन्तर्गत गायन, वादन और नृत्य प्रतियोगिता हुई, भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ट्रेडिशनल फैशन शो का भी भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक डिम्पल तिवारी, राकेश तिवारी, संयोजक राम सूरत तिवारी, श्रीमती प्रतिमा शुक्ला, डॉ विजय शंकर मौर्य, डॉ अंजनी पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, पण्डित सत्य प्रकाश मिश्रा, नेहा तिवारी, रत्ना जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रतिभा यादव, इंदरप्रीत सिंह बेदी, बसन्त राम, कोषाध्यक्ष सचिव राम आशीष, आशीष श्री, जितेन्द्र प्रजापति,सीमा तिवारी, स्वर्णलता, अर्वंतिका सिंह, रीता तिवारी , गीता विश्वकर्मा, शिवम निषाद, शिवानी श्रीवास्तव , प्रशान्त कुमार, कृपा शंकर गुप्ता, इमरान खान, डॉ एस के मिश्रा, विजय पाण्डेय, विजय सिंह, प्रवीण कुमार आदि सदस्य, पदाधिकारी एवं सैकड़ों दर्शकगण मौजूद रहे ।

# चैत्र रामनवमी मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



अयोध्या। आगामी चैत्र रामनवमी मेले की तैयारियों एवं आने वाले श्रद्वालुओं को श्रीराम जन्मोत्सव के सुगम दर्शन हेतु मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा आई0जी0 प्रवीण कुमार, एस0एस0पी0 राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चम्पत राय, ट्रस्ट के सदस्य डा. अनिल मिश्र व गोपाल जी के साथ एक आवश्यक बैठक की गयी।

आगामी चैत्र रामनवमी मेले के दौरान धूप एवं गर्मी को देखते हुये मंदिर परिसर सहित सम्पूर्ण दर्शन मार्ग व अन्य प्रमुख स्थलों पर श्रद्वालुओं को गर्मी से बचाने हेतु व्यापक व्यवस्था किये जाने के सम्बंध में चर्चा की गयी। भीड़ नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों एवं ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्वालुओं को रोकने हेतु होलि्डग एरिया बनाकर वहां पर गर्मी से बचाव के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध करते हुये भीड़ नियंत्रण पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मंदिर परिसर व दर्शन मार्ग पर गर्मी से बचाव हेतु यथावश्यक छाजन व दरी की व्यवस्था की गयी है इसके साथ ही यथावश्यक कूलर भी लगाये जायेंगे।

# स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ

- समस्त विकास खंडों हेतु नामांकन रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- छात्र-छात्राओं में पाठय-पुस्तकें की गई वितरित
- परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराये जाने की बीएसए ने अभिभावकों से की अपील



बाराबंकी। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान मे जीआईसी ऑडिटोरियम में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद विभाग राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अ0 सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी0 त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित एंव पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा कक्षा-1 में नवीन प्रवेशित बच्चों का रोली-टीका लगाकर स्वागत किया गया। छात्रा मुस्कान, अमित, कीर्ति सहित 12 बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित की गई। दिव्यांग छात्र अंश व प्रियांशु को ब्रेल किट व ब्रेल बुक प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा शैक्षिक सत्र के पहले दिन ही पाठ्य-पुस्तकें बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके साथ ही सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से बच्चों को ड्रेस, जूता-मोजा, स्टेशनरी भी उपलब्ध करायी जाती है ताकि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को प्रत्येक दिवस मध्यावकाश में गुणवत्तापरक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इसके अतिरिक्त सप्ताह में अतिरिक्त पौष्टिक आहार के रूप में एक-एक दिन दूध, फल व चना भी उपलब्ध कराया जाता है। प्रशिक्षित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य के साथ ही निःशुल्क शैक्षिक भ्रमण भी कराया जाता है। बीएसए ने समस्त अभिभावक से 6 से 14 आयु के समस्त बालक/बालिकाओं के परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराये जाने की अपील की। जीआईसी ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा रैली एवं समस्त विकास खण्डों हेतु नामांकन रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर सुधा जायसवाल, नन्दन पाण्डेय, पुनीत मणि त्रिपाठी, डॉ0 पीयूष कुमार श्रीवास्तव, पुनीत कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर जैनेन्द्र कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी देवा राम नारायण, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरख श्रीमती अर्चना, खण्ड शिक्षा अधिकारी बंकी चन्द्रशेखर यादव, खण्ड शिक्षा अधिकारी निन्दूरा सुषमा सेंगर, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर रमेश चन्द्रा, जिला व्यायाम शिक्षिका रितू पाठक, शिक्षक अनिल सिंह, ऋषि टण्डन, जिला स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

## चीनी मिल में रिपेयरिंग के दौरान गिरने से श्रमिक की मौत

अयोध्या। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे किनारे स्थित केएम शुगर मिल मसौधा में मंगलवार दोपहर करीब एक बजे ऊंचाई पर लगी मशीनों में तकनीकी खराबी ठीक करने के दौरान गिरने से श्रमिक की मौत हो गई। मृतक चीनी मिल में मैकेनिक के पद पर कार्यरत था। जानकारी के अनुसार थाना पूराकलंदर क्षेत्र के गांव बरवा निवासी विजय कुमार (40) पुत्र पहलाद मसौधा स्थित केएम चीनी मिल में मैकेनिक के पद पर कार्यरत था। मंगलवार दोपहर में भोजन के उपरांत ऊंचाई पर स्थापित क्वाड मशीन में लगी लोहे की प्लेट को खोल रहा था। इसी दौरान रिंच फिसलने और क्वाड मशीन की प्लेट धमाके के साथ उड़ी और उसके सीने से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर नीचे गिर पड़ा। यह देख आसपास काम कर रहे लोग दौड़े और चीनी मिल प्रबंधन की मदद से उसे मंडलीय अस्पताल दर्शन नगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि घटना को लेकर अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## फंदे से लटकता मिला सब्जी व्यवसायी के बेटे का शव

बीकापुर-अयोध्या। सोमवार की देर शाम सब्जी व्यवसायी के एकलौते बेटे का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिला ।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बीकापुर कोतवाली क्षेत्र की ग्राम सभा सोनवर्षा मुस्लमीन के मजरे पूरे बल्दी मिश्रा का पुरवा निवासी दलित सब्जी व्यवसायी कालिका प्रसाद के ऊपर सोमवार को दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। सोमवार की देर शाम लगभग 9 बजे कालिका प्रसाद जब सब्जी की दुकान लेकर घर लौटा तो घर के अंदर अपने एकलौते बेटे को फांसी के फंदे से लटकता देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। कुछ देर के लिए वह अवाक रह गया ।फिर वह जोर जोर से रोने चिल्लाने लगा ।रोने चिल्लाने की आवज सुनकर गांव वाले भी मौके पर पहुंचे तो देखा कि कालिका का 20वर्षीय एकलौता बेटा गौतम घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ था। जिसे देख गांव वाले भी कुछ समय के लिए घबरा गये।

संक्षेप

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कादीपुर, सुलतानपुर।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर श्रीरामपुर गांव के शिव शंकर यादव (28) रिश्तेदारी से घर आ रहे थे।26 मार्च की रात 08:00 बजे वह जैसे ही चीनी मील चैराहे के पास पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया था। जिला चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई भोलानाथ यादव की तहरीर पर सोमवार की देर शाम पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## कांग्रेस नेता ने दी ईद की मुबारकबाद



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कांग्रेस के निवर्तमान राष्ट्रीय मीडिया कॉर्डिनेटर राजेश तिवारी ने ईद के पावन अवसर पर ईदगाह में मुसलमान भाइयों से मिलकर ईद की हार्दिक मुबारकबाद दी। उन्होंने मुसलमानों के साथ गले मिलकर इस पवित्र त्यौहार की खुशियों को साझा किया और एकता व भाईचारे का संदेश दिया। राजेश तिवारी ने कहा कि ईद के इस शुभ अवसर पर मुसलमान भाई नमाजों में मुल्क की सलामती की दुआ मांगते हैं। यही है भारत की खूबसूरती, जहां विविधता में भी एकता कायम है। उन्होंने यह भी बताया कि यह त्यौहार न सिर्फ रमजान के अंत का प्रतीक है, बल्कि समाज के सभी वर्गों के बीच भाईचारे और सद्भावना का प्रतीक भी है। तिवारी ने आगे कहा कि भारत की ताकत इसकी विविधता और सभी धर्मों के लोगों के बीच आपसी सम्मान में है। उन्होंने सभी को ईद की शुभकामनाएं दी और कहा कि इस त्यौहार को हम मिलजुल कर मनाएं ताकि समाज में शांति और सौहार्द बना रहे। इस मौके पर कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। इस जश्न ने भाईचारे और एकता के रंगों को और भी गहरा किया।

## होमगार्ड सतीश सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली।** विगत माह की भांति इस माह भी एक अप्रैल को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पीसी इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड सतीश प्रताप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्लाटून कमांडर इंद्रमणी सिंह चैहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि महीने के एक तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज एक अप्रैल को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड सतीश प्रताप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसआई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहर्रिर रविकांत पाण्डे ,दीवान अजय चैधरी, हिमांशु ,कुंदन, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, बी ओ राजेश कुमार राय ,पी.सी रमेश मौर्य, रमापति बाजपेयी ,राजेश कुमार सिंह , राम प्रताप यादव, जगदीश गुप्ता, रामदास यादव, राम प्रकाश, कमलाकान्त आदि मौजूद रहे।

# अभिभावक बच्चों को प्रतिदिन भेजें स्कूल : दिनेश प्रताप सिंह

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



**रायबरेली।** जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, दिनेश प्रताप सिंह, एवं राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, मयंकेश्वर शरण सिंह ने राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित विशेष संचारी रोग नियंत्रण तथा स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, डीएम हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, निदेशक, संचारी रोग नियंत्रण अभियान मधु गहरोला सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद में शत प्रतिशत बच्चों का विद्यालय में नामांकन एवं उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर यह कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश में आज से ह्यह्यस्कूल चलो अभियानह्लह्ल की शुरूआत हो रही है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करना और शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। मुख्यमंत्री द्वारा बरेली से इन दोनों अभियानों का शुभारंभ किया गया है। ह्यह्यस्कूल चलो अभियानह्लह्ल का उद्देश्य यह अभियान बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करने का काम करेगा, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यूपी सरकार ने यह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है कि हर बच्चे को शिक्षा मिले और स्कूल जाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही प्रदेशभर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी शुरू किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में संचारी रोगों के फैलाव को रोकना है। यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों में चलेगा और लोगों को मच्छर जनित रोगों, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इसका त्वरित एवं सही उपचार प्रदेष सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। संचारी रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु साल में माह अप्रैल, जुलाई तथा अक्टूबर में व्यापक अभियान चलाया जाता है। जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य, पंचायत राज, नगर विकास, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, शिक्षा, कृषि तथा सिंचाई विभागों के पारस्परिक समन्वय के साथ व्यापक कार्ययोजना बनाकर संयुक्त प्रयास करते है। संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियानों से बहुत से सुपरिणाम मिले है, दस्तक अभियान के माध्यम से सभी संचारी रोगों के लक्षणों एवं उसके समुचित निदान के प्रति जागरूकता का प्रसार हुआ है जिससे संक्रमित व्यक्तियों का उचित एवं शीघ्रता से निदान संभव हो पा रहा है।

## नशे में धुत बाइक सवार और पत्नी गिरकर घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के इन्हौना रोड पर नशे में धुत तेज गति से चला रहा एक बाइक सवार और उसकी पत्नी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की मदद से पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां पति की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव की है। सोमवार की देर शाम इन्हौना रोड पर स्थित बड़े बाबा के पास महराजगंज की ओर से आ रहे नशे में धुत एक तेज रफ्तार बाइक सवार दद्दू रैदास (40) पुत्र ईश्वर दीन हादसे का शिकार हो गया। बताते हैं कि, घटना से पहले बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी इससे पीछे डेपार मऊ चैराहे पर ही बाईक से नीचे गिरकर घायल हो गई, और मोटरसाइकिल चला रहे उसके पति को इस बात की भनक ही नहीं लगी कि, उसकी पत्नी गिर गई है। जब वह बड़े बाबा के पास पहुंचा तो उसकी बाइक भी अनियंत्रित हो गई जिससे वह रोड हादसे का शिकार हो गया। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के लोग दौड़े, सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस पर लाद कर घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर पति की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## शिक्षकों व कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया कार्य, नई पेंशन पर जताया विरोध

**रायबरेली।** मंगलवार को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आवाह्न एवं अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच के प्रान्तीय आवाह्न पर अटेवा रायबरेली की ओर से नेशनल पेंशन स्कीम, यूनिफाइड पेंशन स्कीम एवं निजीकरण के विरोध में काला दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत सभी विभागों एवं सभी संगठनों के समस्त शिक्षक, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपने अपने कार्यस्थल पर काली पट्टी बाँधकर कार्य किया एवं कार्यालय समयोपरान्त प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष इरफान अहमद, जिला संयोजिका सरला वर्मा, महामंत्री राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्या, संजय मधेशिया एवं संरक्षक सुरेन्द्र वर्मा ने कहा नेशनल पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम न तो शिक्षक कर्मचारियों के ही हित में है और न ही देश व प्रदेश के हित में है। अब तो एनपीएस के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं जिसके अंतर्गत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 800, 1200, 1500 व 2800 पेन्शन के रूप में प्राप्त हो रहे हैं। जिससे वे अपने खर्च भी पूरे करने में अक्षम हैं परिवार का भरण पोषण तो दूर की बात है। इसी वजह से देश के करोड़ों शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली के लिए लम्बे समय से संघर्षरत हैं। मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम, प्रवक्ता मयंक वर्मा, शशिबाला सिंह, मंत्री अनिल यादव व सुनील मिश्रा ने कहा आगामी एक मई 2025 को मजदूर दिवस के अवसर पर पूरे देश के शिक्षक कर्मचारी पुरानी पेन्शन की बहाली के लिए एनएमओपीएस एवं अटेवा के बैनर तले जन्तर मन्तर दिल्ली में एकत्रित होकर अपने अधिकार की आवाज को पुनः बुलन्द करेंगे। इससे बड़ा अन्याय और क्या होगा कि जो अर्द्धसैनिक बल अपना सर्वश्रेष्ठ अपने देश के लिए न्योछावर कर देता है और शिक्षक-कर्मचारी अपने जीवन के स्वर्णिम काल के 30-35 साल देश व प्रदेश की सेवा में व्यतीत कर देता है उन्हें वृद्धावस्था में सरकार द्वारा निजी कंपनियों के रहमो करम पर छोड़ दिया जाए। अविनाश यादव, शीतांशु सोनकर, विक्रम सिंह, आशुतोष यादव, योगेन्द्र यादव ने कहा यूपीएस व्यवस्था लाकर सरकार ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि एनपीएस एक दोषपूर्ण व्यवस्था थी।

# डॉ. शशिकांत ने गले मिलकर दी ईद की बधाई



**रायबरेली।** भाईचारा, प्रेम और सौहार्द के प्रतीक त्योहार ईद-उल-फित्र पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने ईदगाह पहुँचकर सभी को गले मिलकर बधाई दी।

बताते चले कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने सपा जिला अध्यक्ष इ. वीरेंद्र यादव के साथ शहर के डबल फाटक स्थित ईदगाह पर कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ शर्मा ने नमाज के बाद पंडाल में पंहुच रहे सभी नमजियों का इत्र लगाकर स्वागत किया और ईद की बधाई दी। डॉ शर्मा ने कहा कि हम समाजवादी हैं और पार्टी की विचारधारा सर्व समाज को एक साथ लेकर चलने की है, देश में आपसी भाईचारा बना रहे और अमन चैन स्थापित हो इसी दुआ के साथ हम ईद की खुशियों में शामिल हैं।

इस अवसर पर बलराज राणा, कमरुद्दीन, आसिफ, संजय सिंह, जसवंत प्रधान, राजीव यादव, राजीव सिंह, फैजान खान, शिवकरन पाल, नितिन सिंह, संजय, गिरीश श्रीवास्तव, कमरान, मो. जैद सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अदा की ईद की नमाज

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद क्षेत्र की मस्जिदों में पुलिस की सुरक्षा के बीच ईद की नमाज सकुशल संपन्न हुई। नगर पंचायत के ईदगाह में हजरत मौलाना अब्दुल रशीद उर्फ फखरी, मोमिनपुरा की बिलाली मस्जिद पर मुफ्ती मोहम्मद नसीम, बस स्टाफ पर एकमिनारा मस्जिद में हजरत मौलाना मोहम्मद फारूक, अन्सारी मोहल्ला की उमर मस्जिद में हाफिज मोहम्मद रईस ,मोहल्ला नाका में बासिद मस्जिद पर हजरत मौलाना नूरुल हुदा, अमीन नगर रूकैया मस्जिद पर हाफिज मोहम्मद अल्लायार ने नमाज अदा कराई।, व्यापार मंडल अध्यक्ष मोहम्मद सुल्तान, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मो हारुन ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। प्रधान जान मोहम्मद, मोहम्मद मोबीन आदि लोग मौजूद थे। नगर पंचायत द्वारा क्षेत्र की मस्जिदों के रास्तों पर विशेष साफ-सफाई व चूने का छिड़काव कराया गया। थाना प्रभारी कमलेश कुमार राजभर पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर ।** कर्मचारियों ने मंगलवार को यूपीएस (नई पेंशन स्कीम) का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध जताया और सरकार से पुरानी पेंशन योजना को दोबारा लागू करने की अपील की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नई पेंशन स्कीम उनके भविष्य के लिए अनिश्चितता पैदा करती है, जबकि पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों के आर्थिक सुरक्षा की गारंटी देती थी। उन्होंने नारेबाजी करते हुए कहा, ष्हमें किसी भी कीमत पर पुरानी पेंशन चाहिए, सरकार से हमारी यही मांग है।

कर्मचारियों ने सरकार से जल्द से जल्द इस मुद्दे पर विचार करने की अपील की और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। विरोध प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एकजुट होकर भाग लिया और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को दोहराया।प्रदर्शन के अंत में कर्मचारियों ने सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए ज्ञापन सौंपने की घोषणा की।एडीओ पंचायत राम जी लाल ने कहा एडीओ आईएसबी श्री विश्वकर्मा ने कहा इस मौके पर सचिव दिलीप पाठक ,सफाई कर्मचारी जेपी वर्मा शेष नरायन वर्मा,माया पाण्डेय, अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 30 अप्रैल तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**अमेठी।** मंगलवार को 1 से 30 अप्रैल 25 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल 25 के मध्य दस्तक अभियान का शुभारंभ जनपद में भव्य तरीके से हुआ, जिसके क्रम में मंगलवार को जिला चिकित्सालय गौरीगंज से आशा, एएनएम व स्टाफ नर्स द्वारा निकाली गई जन जागरूकता रैली को मा. जिला पंचायत अध्यक्ष श्री राजेश अग्रहरि व जिलाधिकारी निशा अनंत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी लोग गांव में जाकर लोगों को संचारी रोगों से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा संचारी रोग विशेष कर डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया मच्छरों के माध्यम से फैलता है सभी आशाएं इन सभी चीजों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें तथा किसी को भी बुखार आदि की समस्या होने पर तत्काल उसे इलाज की सुविधा मुहैया कराएं। उन्होंने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत सभी ग्रामों, मोहल्लों तथा वार्डों में नियमित सफाई, छिड़कावों व सैनिटाइजेशन का कार्य कराया जाए तथा आशाओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर दिमागी बुखार की रोकथाम तथा उससे बचाव के संबंध में जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मौजूद आशा व एएनएम से संचारी रोगों से बचाव व जनमानस को कैसे जागरूक करें इसके संबंध में भी जानकारी ली जिस पर आशाओं द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग गांव में जाकर संचारी रोगों से बचाव के साथ ही गर्मी के दृष्टिगत हीट वेव (लू) से बचाव के संबंध में भी जागरूक करें।

## राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल में परीक्षा फल वितरित



**अमेठी।** स्थानीय ब्लॉक के रामनगर में स्थित राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण संपन्न हुआ। अभिभावक वार्षिक प्रगति रिपोर्ट देखकर प्रफुल्लित दिखे। अभिभावकों ने कक्षाध्यापक एवं प्रधानाचार्य से बच्चों की शैक्षिक प्रगति पर चर्चा- परिचर्चा की। साथ ही अभिभावकों को सूचित किया गया कि नया शैक्षिक -सत्र 5 अप्रैल से शुरू होगा। प्रधानाचार्य ललित नारायण शर्मा ने बच्चों को परीक्षा फल की शुभकामनाएं दी तथा आगे की कक्षा में प्रवेश की बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे की शैक्षिक प्रगति में विद्यालय के साथ-साथ अभिभावक का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। दोनों मिलकर बच्चे का उत्कृष्ट भविष्य बना सकते हैं।

## ईदुल फितर का त्योहार हर्षोल्लास से संपन्न

**जगदीशपुर, अमेठी ।** ईदुल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां गले मिलकर लोगो ने एक दूसरे को बधाई दी। विकास खंड के अंतर्गत कमरौली, आनन्दनगर, वारिसगंज, रानीगंज सहित विभिन्न गांवों मे चांद देखने के उपरांत अगली सुबह ईदुल फितर की नमाज अदा की गई। जहां पूर्व संध्या पर चांद देखने के लिए बडी संख्या मे लोग उत्सुक रहे इस दौरान लोग अपने अपने घरों की छत पर चढ़कर चांद का दीदार करने के पश्चात खुशी से झूम उठे वहीं नन्हे मुन्ने बच्चे व बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे और ईद की तैयारी मे जुट गए। सुबह बडी संख्या मे मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपडे पहनकर आसपास की ईदगाहों में पहुंचकर नमाज अदा की। जगदीशपुर स्थित ईदगाह पर सुबह तय समय के मुताबिक नमाज अदा की गई जहां मरकजी ईदगाह के इमाम हाफिज इसरार ने नमाज अदा कराई और मुल्क के अमन चैन व खुशहाली के लिए दुआए की। इस दौरान मदरसा गरीब नवाज के प्रिंसिपल मौलाना आलम मिस्बाही ने भी लोगो को खिताब किया इस दौरान उन्होने कुरान और अहादीस की रौशनी मे ईदुल फितर के मुतअल्लिक बयान फरमाकर अल्लाह के फरमान के मुताबिक नेक और सही रास्ते पर चलने की नसीहत की ईदुल फितर की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, सींओ समेत जगदीशपुर कोतवाल धीरेन्द्र यादव, कमरौली एस ओ अभिनेष कुमार, शहीद स्मारक थानाध्यक्ष तनुज पाल समेत भारी संख्या मे पुलिस बल तैनात रहा ।

## राजकीय गेहूं खरीद केंद्र पर किसान और फसल का इंतजार , तैयारी पूरी

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ज्यादातर खेतों में गेहूं की फसलें अभी तैयार नहीं हुई हैं। कम-से-कम एक पखवाड़े बाद ही फसलों की कटाई-मड़ाई शुरू हो सकेगी। लिहाजा, जयसिंहपुर क्षेत्र के राजकीय गेंहू खरीद क्रय केंद्रों पर मंगलवार को न तो कोई किसान ही दिखा और न ही गेहूं की उपज। अफसर व कर्मी अपनी दुकान सजा दिन भर ऊंघते नजर आए। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी हो गई हैं। सरकार द्वारा गेहूं खरीद के लिए 17 से 15 जून 2025 तय की गई है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए सरकार ने 2425 रुपये प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य तय किया है. सहकारिता विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। राजकीय गेहूं केंद्र प्रभारी ने बताया, कि किसानों की सुविधा के लिए सभी जरूरी कदम उठाये गये हैं। अभी तक जयसिंहपुर प्रथम और द्वितीय को मिलाकर लगभग 550 ऑनलाइन पंजीकरण हो चुका है और गेहूं खरीद के लिए दोनों केंद्रों को मिलाकर 10 हजार बोरी की व्यवस्था है किसानों से अपील है अपने नजदीकी केंद्र पर गेहूं बेचें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाये। बिचैलियों से बचने और उचित मूल्य प्राप्त करने का मौका मिलेगा और किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और उनकी मेहनत का सही दाम मिल सकेगा।

## कूरेभार में गेहूं क्रय केंद्र का हुआ शुभारम्भ



**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को कूरेभार कस्बे के धनपतगंज मार्ग पर राजकीय गेंहू क्रय केंद्र का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश कसौधन केंद्र प्रभारी मानवेन्द्र चैधरी पूजा अर्चना करते हुए गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान किसान रेखा सिंह व कुलदीप के लगभग 51 कुंतल गेहूं की खरीद हुई। प्रभारी मानवेन्द्र चैधरी ने बताया कि 2425 रुपये कुंतल से खरीद की जा रही है। प्रति कुंतल 20 रुपये की पल्लेदारी किसानों के खाते में सीधे भेजी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा किसान अपनी उपज को लेकर क्रय केंद्र पर आए, तौल में किसी भी तरह की समस्या नहीं होगी।

## शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



**सुलतानपुर (वीओएल)।** राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर मंगलवार तिकोनिया पार्क में शिक्षकों, कर्मचारियों ने एनपी एस और यूपीएस के विरोध में काली पट्टी बांधकर सरकार की नीति के विरोध में काला दिवस मनाया। अटेवा सुलतानपुर से जुड़े शिक्षक कर्मचारी दोपहर में हजारों की संख्या में तिकोनिया पार्क में इक्कठा होकर सभा आयोजित की सभा में जिले के कई संगठनों के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए अटेवा अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा ने सभी पेंशन विहीन कर्मचारियों से एक मई को जंतर मंतर दिल्ली चलने का आह्वान किया। सभा को अटेवा मीडिया प्रभारी मनोज प्रभाकर सिंह, मो हसीब, सुरेन्द्र मौर्य, मनोज दुबे, गरिमा चैरसिया ने भी संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राज बहादुर पाठक ने कहा कि अगर सरकार पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं करती तो अगले चुनाव सरकार के विरुद्ध मतदान करके हम सभी सरकार को ही बदलने का काम करेंगे। सभा समापन के बाद अटेवा पदाधिकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह के माध्यम से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंप प्रधानमन्त्री कार्यालय तक पहुंचाने का अनुरोध किया। इस मौके पर विवेकानंद मिश्र, देशराज, चंद्रपाल राजभर, हरि श्याम मौर्य, राम जीत, अनिल श्रीवास्तव, संजय सिंह, सौरभ, मंजू सिंह, कांति सिंह, भानुमती, शनिभान सिंह, उपेन्द्र सिंह, विवेक सिंह, मनोज मौर्य आदि मौजूद रहे।

## स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव और प्रतिभा अलंकरण समारोह




**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर में सोमवार की शाम आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने भारत माता, पर्यावरण एवं दहेज गीत प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। एक भाई द्वारा बहन की विदाई में एक लाख दहेज न दे पाने के कारण उसके समक्ष हुई बहन के मौत का बच्चों ने मार्मिक दृश्य प्रस्तुत कर लोगों की आंखें नम कर दी। इस अवसर पर विद्यालय के वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विधायक राजेश गौतम ने कहा कि शिक्षा से ही बच्चों के अंदर संस्कार पैदा होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने की। मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष केशव, प्रबंधक गजेंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष संदीप अग्रहरि, महेंद्र पांडेय, डॉ. इंदुशेखर उपाध्याय, अवधेश कुमार मिश्र, डॉ. सुशील कुमार पांडेय, मथुरा प्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक के निधन पर दी गयी श्रद्धांजलि




**लालगंज, रायबरेली।** पूर्व विधायक और न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडे के निधन पर लालगंज नगर के शांति उत्सव लान में शोकसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रायबरेली एवं फतेहपुर जनपद से आए हुए महानुभावों ने दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। श्री श्री 1008 भास्कर स्वरूप जी महाराज, पंडित झिलमिल जी महराज, आरएसएस के विभाग प्रचारक राहुल, निवर्तमान विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिलपांडे, पूर्व प्रमुख राजेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत लालगंज अध्यक्ष सरिता गुप्ता ,नगर पंचायत डलमऊ अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़,पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, कांग्रेस नेत्री सुधा द्विवेदी, शिव प्रकाश पांडे ,राम प्रताप सिंह, दीप प्रकाश शुक्ला, सुशील शुक्ला, चंद्र प्रकाश पांडे, जेपी सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, आशुतोष पांडे, खुशी पांडे, अक्षत पांडे, उदय बाजपेई, हरिनाम सिंह, विहिप नेता रामगोपाल त्रिपाठी, बीएमपीएस प्रबंधक सुनील सिंह अशोक दुबे , रविनंदन सिंह चैहान आदि ने दिवंगत नेता को पुष्प सुमन अर्पित करते हुए कहा कि गिरीश नारायण पांडे एक वरिष्ठ नेता थे जिन्होंने अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया था। वह दो बार सरेनी विधानसभा से विधायक चुने गए। वह पूर्व विधायक के साथ विधि व न्याय मंत्री भी थे, और उनका लोगों के बीच बहुत सम्मान था। उन्होंने लालगंज में शिक्षा की अलख जगाते हुए विद्या मंदिर, बालिका विद्या मंदिर ,शिशु मंदिर की भी स्थापना की थी। इंदिरा गांधी के खिलाफ गवाही देने के चलते कांग्रेस सरकार ने उन्हें जेल में भी डाल दियाथा।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लोगों ने गिरीश नारायण पांडे एवं उनकी धर्मपत्नी वीणा पांडे की विरासत को याद किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर कई अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। 2 मिनट के मौन और शांति पाठ के साथ श्रद्धांजलि सभा का समापन हुआ। अंत में उनके पुत्र अनूप पांडे के द्वारा भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए आभार प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर सतीश त्रिवेदी, संघ के जिला कार्यवाह अनंत बाजपेई,राजेश सोनी, जिला संघ चालक रामचरन, मनोज अवस्थी, विजय वाजपेई, विनय बाजपेई ,मंटू वाजपेई, यतिन सिंह, गोविंद मिश्रा, रमाशंकर बाजपेई, कामता प्रसाद गौड़, बबलू तिवारी, आकर्षक द्विवेदी, रामशरण अग्निहोत्री, नीरज बाजपेई, आशीष प्रताप सिंह सेंगर, सुरेश सिंह आचार्य ,राजेश सिंह फौजी, सुरेश पाठक, हरिकिशन पासी आदि हजारों लोगों ने दिवंगत नेता श्री पांडे और उनकी धर्मपत्नी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

संक्षेप

## आईपीएल में सट्टा लगाते 3 गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा सट्टा लगाते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में जुआ सट्टा की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण ईलू राठौर पुत्र विमल कुमार राठौर.चन्दन गुप्ता पुत्र कृष्ण मुरारी लाल गुप्ता,माधव यादव पुत्र जगमोहन सिंह यादव को अवैध रुप से आईपीएल मैच पर सट्टा लगाकर आर्थिक व अनैतिक लाभ कमाते समय अभियुक्त माधव यादव के घर सेक्टर न0 2 सुहाग नगर से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 03 मोबाइल व एक हाथ की घडी व पर्स व मालफड व जामातलाशी के 20200 रुपए बरामद किए गए।

## पत्नी के मायके जाने के कारण की आत्महत्या

**आगरा।** शादी के 11 माह के अंदर ही आपसी विवाद के बाद पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध मैरिज होम संचालक पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना एत्मादुद्दौला क्षेत्र के मोहन नगर, प्रकाश नगर निवासी 20 वर्षीय गुरुदयाल कुशवाह पुत्र कन्हैया लाल कुशवाह की शादी एक 11 माह पूर्व खेरिया मोड़ निवासी युवती से हुई थी। बताया जाता है शनिवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया और मारपीट भी हो गई थी। विवाद के बाद पत्नी ने अपने परिवार वालों को बुला लिया। वे लोग अपनी बेटी को साथ लेकर वहां से चले गए।पत्नी के मायके जाने से नाराज गुरुदयाल ने खुद को कमरे में बंद कर गले में फंदा लगाकर पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सुबह काफी समय तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर कोई हलचल न देख परिजनों ने खिड़की से झांकने पर गुरुदयाल को पंखे से लटका देखा। कमरे के अंदर के हालत देख परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को पंखे से उतारा और नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फर्जी असिस्टेंट कमांडेंट गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना हाईवे पुलिस ने विभिन्न अर्ध सैनिक बलों में सरकारी नौकरी दिलवाने और शादी के नाम पर महिलाओं के साथ ठगी करने वाले जालसाज फर्जी असिस्टेंट कमांडेंट को सौख रोड चैराहा से गिरफ्तार किया है। शादी का झांसा देकर उनका शोषण करने वाले युवक का को एक महिला की शिकायत पर गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से फर्जी आईडी, कार जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा है आदि सामान बरामद हुआ है। हाइवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि अभियुक्त हरीश कुमार उर्फ सौरभ श्रीवास्तव पुत्र अशोक श्रीवास्तव निवासी लोवा कोना थाना कुरौवा जिला प्रयागराज एक प्राइवेट इंश्योरेंस कंपनी में एजेंट का काम करता है। वह इस समय थाना हाईवे के गिर्राज नगर नवादा में रह रहा है। वह कंपनी में एजेंट का काम करने के दौरान बीमा करने के लिए पुलिस व अर्धसैनिक बल के विभिन्न कैंपों की विजिट करता है। उसने कहां के फोटो ग्राफ और वीडियो ग्राफ बनाकर सीआरपी की वंदी में फोटो और गेल बनाकर फजी रूप से असिस्टेंट कमांडेंट बनकर आम लोगों की विभिन्न अर्धसैनिक बलों व अन्य विभागों में सरकारी नौकरी लगाने का लालच देकर उनके साथ ठगी करता था।

# शहर में निकली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा

## आयोलाल झूलेलाल से जयकारों से श्रीकृष्ण नगरी बनी सिंधीमय



**मथुरा।** वरूणावतार भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के अंतर्गत सिंधी जनरल पंचायत ने मथुरा में 75 वर्ष पूर्व की परम्परा को कायम रखते हुए शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी आयोलाल झूलेलाल से जयकारों से गूंज उठी। ब्रज में सारा दिन चेटीचण्ड पर्व की धूम रही, जिसकी रौनक में शहर रंगा रहा। चहुंओर सिंधीयत नजर आयी।

मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिंधी एकता की प्रतीक सिंधी जनरल पंचायत ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीतमय प्रस्तुतियों के साथ मंगलवार को भगवान झूलेलाल का 1075 वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर प्रतिभाशाली बच्चों व युवाओं का सम्मानित भी किया गया।

चेटीचण्ड पर्व का मुख्य आकर्षण भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा रही, जो सेठ बाडे.तिलक नगर से शुरू हुई। शोभायात्रा में सिंधी समुदाय की प्रसिद्व डंडेशाही का आकर्षक खास था, जिसमें संगीत की मधुर ध्वनि के साथ नाचते नौजवानों की लय कदम ताल तथा डण्डों की खनक का रोमांचकारी प्रदर्शन दर्शनीय था। झूलेलाल जन्मोत्सव पर सिंधी जनरल पंचायत द्वारा 24 रक्तदाता युवक-युवतियों सहित 17 सजातीय प्रतिभाशाली मेधावी छात्र-छात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री, प्रदीप उकरानी, सुदामा खत्री ने सुरक्षा यातायात व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन तथा शोभायात्रा के मार्ग की सफाई हेतु मथुरा वृन्दावन नगर निगम प्रशासन के साथ ही सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसमें शामिल तुलसीदास गंगवानी, कंहैयालाल भाईजी, बसंत मंगलानी, गुरूमुखदास गंगवानी, जितेंद्र भाटिया, पीतांबर रोहेरा, झामनदास नाथानी, सुंदरलाल खत्री, किशोर इसरानी, चंदनलाल आडवानी, गिरधारी नाथानी, हरिश चावला, अशोक अंदानी, सुरेश मनसुखानी, रमेश नाथानी, तरूण लखवानी, अमित आसवानी, विष्णु हेमानी, मिर्चुमल, महेश घावरी आदि ने चेटीचंड पर्व की बधाइयां दी।

## पुलिस और एसओजी के साथ हुई बदमाशों की मुठभेड़, छह गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस और एसओजी टीम ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 6 बदमाशों को गिरफ्तार किया। एसपी सिटी अरविंद कुमार के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम यमुना एक्सप्रेसवे के वृंदावन कट से आगे गांव अल्लेपुर अंडरपास के पास पहुंची। वहां तीन बाइकों पर सवार 6 व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं। बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए और पकड़े गए। पूछताछ में बदमाशों ने कई वारदातों को कबूल किया। इनमें चार माह पूर्व यमुना एक्सप्रेसवे पर लूट, 7 दिन पहले महावन रोड स्थित धनगर पेट्रोल पंप पर लूट और औरंगाबाद थाना सदर में एक व्यापारी से लूट शामिल है। पुलिस ने इनके पास से 3 लाख 13,000 रुपये नकद, 6 तमंचे, कारतूस और लूट में प्रयुक्त तीन बाइक बरामद की हैं। पकड़े गए बदमाशों में धर्मेन्द्र यादव उर्फ देवा (25 वर्ष), वीपेश यादव उर्फ वी.पी. (23 वर्ष), मोनू नट (21 वर्ष), धर्मेन्द्र यादव उर्फ रसिया (22 वर्ष), देव ठाकुर (19 वर्ष) और पंकज यादव (19 वर्ष) शामिल हैं। पुलिस इन सभी के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

## बंद मकानों में घुसकर चोरी, लोगों से लूट करने वाला बदमाश मुठभेड़ में अरेस्ट

**मथुरा।** थाना महावन पुलिस ने बीतीरात चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले बदमाश के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में बदमाश को पैर में गोली लगी। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि सीओ महावन धर्मेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार महावन थानाध्यक्ष डेजी पवाँर, उनि मनोज कुमार उनि. योगेश कुमार टीम के साथ जगदीशपुर रोड पर बरेली-जयपुर हाईवे अंडरपास के पास चैकिंग कर रहे थे कि इस दौरान एक बदमाश दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी। बदमाश ने महावन थाना क्षेत्र के गांव हबीबपुर में हुई चोरी की घटना को कबूल किया। पुलिस ने बदमाश के पास से 2700 रुपए नगद, एक जोड़ी सफेद धातु की पायल, दो धातु के बिछुए, एक लूट का मोबाइल और चोरी की बाइक बरामद की।

# एक करोड़ के अवैध गांजे के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार




**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम व ए0एन0टी0एफ0 ऑपरेशनल यूनिट आगरा की टीम द्वारा अंतर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन सक्रिय तस्कर गिरफ्तार किए। सोमवार से क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद एवं पुलिस उपाधीक्षक ए0एन0टी0एफ0, ऑपरेशनल यूनिट आगरा के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद एवं एएनटीएफ यूनिट आगरा की टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तीन सक्रिय तस्करों जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र जलबीर सिंह निवासी बराखुर चिकसाना भरतपुर राजस्थान,अर्जुन पत्र सुरेश सिंह निवासी- लधौली थाना इगलास अलीगढ,धर्मेन्द्र पुत्र शंकर सिंह निवासी सैदपुर कासिमपुर थाना बल्देव मथुरा को आरोंज मोड़ हाइवे एनएच 19 थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया,जिनके कब्जे से 175 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसकी अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ रुपए है व 04 मोबाइल फोन, एक टाटा ट्रक व 3300 रुपये नगद बरामद किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि गरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों का एक ग्रुप है जिसका लीडर नरेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी लोहरा अवैरनी थाना बल्देव है,नरेन्द्र का परिचित व्यक्ति जो अंगुल अडीसा का रहने वाला है,उसके माध्यम से ये लोग काफी समय से उड़ीसा से गांजा लाकर आगरा मथुरा आदि क्षेत्र में बेचने का काम कर रहे हैं। आज यह लोग अवैध गांजे को कैंटर में छिपाकर अवैध तस्करी हेतु ले जा रहे थे,जिसकी सूचना मिलने पर थाना शिकोहाबाद एवं एएनटीएफ यूनिट आगरा की टीम ने इनको पकड़ लिया।पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना शिकोहाबाद पर एन0डी0पी0एस0 एक्ट 1985 पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

## कीमत में सस्ता और स्वास्थ्य के लिए बहुत महंगा है प्लास्टिक का प्रयोग : डॉ. मीता कुलश्रेष्ठ

**आगरा।** प्लास्टिक प्रदूषण पर काम कर रहीं जनरल सर्जन डॉ. मीता कुलश्रेष्ठ ने कहा कि प्लास्टिक की खूबियां आज हमारे लिए अभिशाप बन गए हैं। कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों के लिए जिम्मेदार प्लास्टिक को आज हम खा रहे हैं, पी रहे हैं। माइक्रो और नैनो प्लास्टिक के रूप में किसी न किसी तरह हर रोज प्लास्टिक अपने अंदर ले रहे हैं। आगरा में आयोजित 36वीं यूपीकान 2025 के दौरान डॉ. मीता कुलश्रेष्ठ ने बताया कि प्लास्टिक हमारे फेफड़ों, रक्त, त्वचा और शरीर के हर हिस्से में पहुंच चुका है। फीटस, मदर मिल्क में भी प्लास्टिक घुल गया है। लोगों में हार्मोन संतुलन और बच्चे के डीएनए तक को बदल रहा है फीटस में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक। 30-35 की उम्र में मीनोपॉज होने का भी मुख्य कारण हार्मोनल असंतुलन है, जिसकी मुख्य वजह माइक्रो प्लास्टिक है। डॉ. मीता ने बताया कि जिस फीटस में माइक्रो प्लास्टिक होगी, उनमें अस्थमा या बच्चे का मानसिक विकास प्रभावित होता है। सावधानी के तौर पर सब्जियां अधिक खाएं। बाजार जाते समय अपना थैला और पीने का पानी साथ लेकर चलें। प्लास्टिक बोतल में पानी और चाय का प्रयोग न करें। समुद्री नमक के बजाय डेले वाला नमक प्रयोग करें। सिन्थैटिक कपड़ों के बजाय कॉटन, सिल्क और लेनिन के कपड़ों का प्रयोग करें। नॉनस्टिक कुकवेयर के प्रयोग से बचें। घर में खाने का सामान विशेषकर खट्टी व ऑयली चीजें प्लास्टिक के बर्तन में न रखें।

## पूजा यादव एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**मथुरा।** देश की राजधानी नई दिल्ली के कांस्टीटयूशनल क्लब ने भारतीय जन सेवा मिशन के अन्तर्गत अपने पांचवें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में देश के अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले 40 लोगों को उनके सराहनीय कार्य के लिए एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया। मथुरा से ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जन जागरूकता समिति रजि उत्तर प्रदेश की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष व बाइक राइडर पूजा यादव को उनके द्वारा यातायात के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए अनेकों सराहनीय कार्यों के लिए सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर लख्मीचंद यादव प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डीपी यादव पूर्व मंत्री डीपी यादव के द्वारा प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देते हुए दुपट्टा पहन कर किया सम्मानित। पूजा यादव को पर्यावरण जनजागरूकता समिति के संरक्षक विधायक पूरन प्रकाश ,संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित, महिला प्रदेश अध्यक्ष श्वेता शर्मा ,कुलदीप शास्त्री, मनीष दयाल, मनीष शर्मा, रेखा शर्मा, आदि ने दी बधाई।

# सदर विधायक व डीएम ने की स्कूल चलो अभियान की शुरुआत

**फिरोजाबाद।** जनपद में स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग अभियान की शुरुआत मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा और डीएम रमेश रंजन ने हरी झंडी दिखाकर की,स्कूल चलो अभियान कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है, सबका अधिकार के सूत्रधार के साथ आरम्भ हुआ,तो वहीं स्वस्थ्य व्यवहार को आजमाना है,संचारी रोग को हराना है,के स्लोगन के साथ संचारी रोग अभियान की शुरुआत की गई, किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिये शिक्षा और स्वास्थ्य दो अहम चीजें है, इसलिए शासन ओर प्रशासन ने इन दोनों को विशेष अभियान के तहत संचालन कर जन-जन तक पहुचाने का बीड़ा उठाया है।

इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने कहा कि हमें हर बच्चे को स्कूल से जोड़ना है,मुझे इस बात की बेहद खुशी है,कि प्रशासन ने स्कूलों में बच्चों के लिए फर्नीचर,बिजली के साथ साथ बच्चों के पढ़ने के लिए लाइब्रेरी और खेलने के लिए खेल के मैदान भी उपलब्ध कराए है, जिससे बच्चों की प्रतिभा को




एक मंच उपलब्ध हो सके, साथ ही साथ बच्चो की पढ़ाई के लिए स्कूलों में डिजिटल संशाधनों की उपलब्धता भी कराई जा रही है, शिक्षा के साथ साथ हम स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रहे है, संचारी रोग अभियान आज से शुरू हो रहा है, लगातार हम संचारी रोगों की रोकथाम के लिए निवारक उपाय अपना रहे हैं। डीएम के नेतृत्व में एक सकारात्मक माहौल बना हुआ है और हम सभी का दायित्व है कि हम सब इन दोनों अभियानों में आपसी समन्वय बनाकर इसको सफल बनाएं। इस मौके पर बोलते हुए डीएम ने कहा कि समय के साथ-साथ परिस्थितियां बदल रहीं है, बेसिक शिक्षा की आधारभूत संरचना में भी परिवर्तन हुआ है,अब लोग अपने बच्चों को सरकारी विद्यालय में पढ़ाना चाहते हैं,उन्होंने बेसिक शिक्षा के अधिकारी से अपील भी कि बिना अनुमति के चल रहे स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद कराये,और उचित कार्यवाही भी करें, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे का कार्य सही हो,नियमित कक्षाएं संचालित हो,साथ ही साथ संपूर्ण विद्यार्थी स्कूल में उपस्थित हो, इस नए सीजन में सभी इस कार्य को दृढ़ संकल्पित होकर करें,संचारी रोग अभियान के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी मुख्य विभाग इस अभियान हेतु सक्रिय हो जाएं,मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य पर लगातार ध्यान दिया जा रहा है। एंबुलेंस की संख्या बढ़ाई जा रही है,जिससे रिस्पांस टाइम भी बड़ा है,आने वाले तीन-चार महीने संचारी रोग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य सुशासन के महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए हम सबको इस अभियान को सफल बनाना है, इस मौके पर बोलते हुए सीडीओ शत्रोहन वैश्य ने कहा कि डीएम के योगदान से अब बच्चों को स्कूल में कुर्सियां और टेबल उपलब्ध हो गए हैं, साथ ही साथ हर गांव में पुस्तकालय का निर्माण हो रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बाहर जाना नहीं पड़ रहा है, इस अवसर पर कक्षा 1 के विद्यार्थी सानिध्य और कक्षा 6 के विद्यार्थी आस्था को मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा और डीएम के हाथों नव प्रवेश दिलाया गया, इससे पूर्व इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया।

# संतों ने की वक्फ बोर्ड को समाप्त करने की मांग




**वृन्दावन।** धर्म रक्षा संघ की एक संगोष्ठी भागवत मंदिरम वृन्दावन में आचार्य बद्रीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संगोष्ठी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई है कि वक्फ बोर्ड को पूरी तरीके से समाप्त कर सनातन बोर्ड का गठन किया जाय। धर्म रक्षा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सौरभ गौड़ ने कहा कि वक्फ बोर्ड 1954 में असंवैधानिक रूप से लागू किया गया जिसे कांग्रेस सरकार और मजबूत करती रही। धर्म रक्षा संघ के मार्गदर्शक महंत मोहिनी बिहारी शरण ने कहा कि जमीन जिहाद का पर्याय बन चुके वक्फ बोर्ड को पूरी तरीके से समाप्त कर देना चाहिए। महामंडलेश्वर स्वामी कृष्णानंद महाराज ने कहा कि जब से वक्फ बोर्ड बना है तब से आज तक किसी गरीब मुस्लिम का कोई भला नहीं हुआ है। वक्फ बोर्ड केवल कुछ गिने-चुने मौलवियों और मुस्लिम नेताओं की जागीर बनकर रह गया है। महंत अतुल कृष्ण दास महाराज ने कहा कि दुनिया के किसी भी मुस्लिम देश में वक्फ बोर्ड नामक संस्था नहीं है केवल भारत में वक्फ बोर्ड बनाकर कुछ निहित स्वार्थी तत्व अपना निजी फायदा उठा रहे हैं। संगोष्ठी में महंत दशरथ दास महाराज, ज्ञानेश महाराज, श्रीदास प्रजापति, संगम द्विवेदी, धर्मेंद्र गिरधर महाराज, सच्चिदानंद, महाराज, ध्रुव नारायण, देशराज उपाध्याय, भास्कर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भूमि के मुआवजे के लिए किसानों का प्रदर्शन

**आगरा।** इनर रिंग रोड के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि के उचित मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। एत्मादपुर तहसील के मौजा रहनकलां, रायपुर सहित 14 गांवों के किसानों ने पंचायत कर प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे अनिश्चितकालीन धरना देंगे। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2014 में आगरा विकास प्राधिकरण ने उनकी भूमि बिना सहमति के अधिग्रहीत कर ली थी। मुआवजे का निर्धारण भी उचित सर्किल रेट के आधार पर नहीं किया गया। किसानों का कहना है कि उन्हें 2014 में दिए गए 24 से 44 लाख रुपये प्रति बीघा की तुलना में अब और भी कम मुआवजा दिया जा रहा है, जो अन्यायपूर्ण है।

पिछले साल 23 जुलाई 2023 को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की अगुवाई में आयोजित किसान महापंचायत के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वासन दिया था कि या तो किसानों को उनकी भूमि वापस की जाएगी या चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन किसानों का कहना है कि अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पंचायत में मांग की गई कि 2014 के मुआवजे पर बैंक का ब्याज जोड़कर भुगतान किया जाए। कृषि हेतु भूमि खरीदने वाले किसानों को स्टांप ड्यूटी से मुक्त किया जाए। मुआवजा राशि एकमुश्त दी जाए।

**अधिकारियों की अनुपस्थिति पर किसानों का आक्रोश**

भाकियूके जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया ने पंचायत में किसी अधिकारी के आने पर चेतावनी दे डाली कि किसान इनर रिंग रोड को जाम करने जा रहे हैं। इसके कुछ देर बाद ही एसीपी पीयूष राय एवं एसडीएम एत्मादपुर मौके पर पहुंच गये। इन अधिकारियों ने आगरा विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव सुरेंद्र बहादुर सिंह को भी मौके पर बुलाया, जिसके बाद जाकर आक्रोशित किसान शांत हुए।

**लेखपाल को हटाने का भरोसा :** किसानों ने अधिकारियों को घेरते हुए आरोप लगाया कि जो टीम किसानों के बीच जा रही है, वह रिश्वत लेकर काम कर रही है। भारतीय किसान यूनियन ने लेखपाल राहुल आजाद को तत्काल हटाने और किसी दूसरे लेखपाल की नियुक्ति की मांग की। इस पर एसडीएम एत्मादपुर ने आश्वासन दिया कि संबंधित लेखपाल की जांच कर उसे तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाएगा।

प्रशासन की ओर से किसानों को आश्वासन दिया गया कि 15 अप्रैल तक उनकी भूमि का मूल्यांकन किया जाएगा और तब तक कोई भी कार्य नहीं होगा। किसानों ने प्रशासन को साफ चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे। पंचायत का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राजवीर लवानिया एवं युवा मंडल अध्यक्ष विपिन यादव ने संयुक्त रूप से किया, जबकि संचालन सौरभ यादव ने किया।

## डीएम ने लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा, ईद की नमाज सकुशल संपन्न

**फरोजाबाद।** डीएम व एसएसपी ने जनपद के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं मुस्लिम धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों एवं नमाजी बंधुओं को ईद-उल-फितर के त्यौहार की बधाई दी और सकुशल ईद की नमाज को संपन्न कराया। वहीं एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा ईद-उल-फितर त्यौहार के दृष्टिगत जनपद के समस्त ईदगाहों मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नमाज सकुशल सम्पन्न करायी गई। सकुशल नमाज सम्पन्न होने के उपरान्त मुस्लिम धर्मगुरुओं व सम्भ्रान्त व्यक्तियों खासकर छोटे-छोटे बच्चों को ईद-उल-फितर त्यौहार की शुभकामनाएं दी गईं तथा त्यौहार को शान्तिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया गया तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया। प्रत्येक थाना क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले धार्मिक स्थलों मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु दंगा नियन्त्रण उपकरणों सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है,साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप,ट्विटर, फेसबुक इन्स्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि पर सोशल मीडिया एक्सपर्ट टीम द्वारा 24*7 घंटे सतत निगरानी की गई। पुलिस प्रशासन की भ्रमणशील रहकर की गई सतत निगरानी से जनपद में ईद उल फितर की नमाज हर्षोउल्लास के साथ सकुशल संपन्न हुई,जनपद में ईद के मौके पर 244 स्थानों पर ईद की नमाज शांतिपूर्वक अता की गई.शहर के गांधी पार्क स्थित ईदगाह पर हजारों की तादाद में मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे और नमाज अता की इस दौरान उन्होंने एक दूसरे को गले लगाकर नमाज अता की गई।

# 2 करोड़ का गबन करने वाले पांच गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस व सर्विलांस पुलिस टीम ने इंडियन बैंक कस्बा जसराना में धोखाधड़ी कर एक करोड़ 85 लाख सतानवै हजार नौ सौ रु.का गबन करने वाले बैंक कर्मचारी तत्कालीन कैशियर सहित 5 अभियुक्त गिरफ्तार किये। तरूण कुमार विश्नोई अंचल प्रमुख इंडियन बैंक जसराना अंचल कार्यालय आगरा ने 27-3-2025 को थाना जसराना पर तहरीर दी कि तत्कालीन शाखा प्रबन्धक इंडियन बैंक जसराना राघवेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम नगला गिरधारी पोस्ट मोटा तहसील भौगाँव जनपद मैनपुरी व तत्कालीन कैशियर शाखा इंडियन बैंक जसराना जयप्रकाश सिंह पुत्र अमर सिंह शक्ति नगर पुरानी तहसील के पास टूंडला के इंडियन बैंक कस्बा जसराना ने अपने पद पर रहते हुए धोखाधड़ी करते हुए विभिन्न ग्राहकों के खातों से एक करोड़ 85 लाख सतानवै हजार नौ सौ रुपए का गबन कर लिया। तहरीर के




आधार पर थाना जसराना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने प्रकरण की गहनता से जाँचकर खुलासे हेतु एएसपी ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में थाना जसराना पर दो पुलिस टीमों का गठन किया। गठित पुलिस टीम ने 31-03-2025 को विवेचना में ठोस साक्ष्य के आधार पर जयप्रकाश सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी शक्ति नगर पुरानी तहसील के पास कस्बा व थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद तत्कालीन कैशियर शाखा इण्डियन बैंक जसराना व विवेचना से प्रकाश में आए अन्य अभियुक्त, आकाश मिश्रा पुत्र सहेन्द्र मिश्रा निवासी इण्डियन बैंक के ठीक सामने घिरोर रोड कस्वा व थाना जसराना जिला फिरोजाबाद, वीरबहादुर पुत्र ओमप्रकाश निवासी शिवनगर थाना कोतवाली नगर जनपद मैनपुरी, ठेकेदार प्रवीन कुमार पुत्र कुंवरपाल सिंह निवासी भैंडी थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद कुवरपाल सिंह पुत्र नवाब सिंह निवासी ग्राम भैडी थाना जसराना फिरोजाबाद को नगला रामा तिराह के पास से गिरफ्तार किया है। एएसपी ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया अभियुक्तगण द्वारा संगठित रूप से गैंग बनाकर अपने पद का दुरूपयोग कर इण्डियन बैंक कस्बा जसराना में प्रचलित खाताधारकों शिकायतकताओं पीडितों के 91 खातों से करीब 2 करोड़ की धोखाधडी कर गबन किया गया है। बैंक कर्मचारीगण द्वारा खाता धारकों के रूपयों को गिरोह में शामिल आकाश मिश्रा, सौमिल, सुखदेव, नीलेश व वीरबहादुर के खातों जो इण्डियन बैंक शाखा कस्बा जसराना में प्रचलित हैं,में जमा कर दिया जाता था और उसके बाद उन रुपयों को गिरोह के कुछ ठेकेदार व कान्ट्रेक्टरों के खातों में ट्रासंफर कर उन रुपयों के एवज में तत्कालीन शाखा प्रबन्धक राघवेन्द्र व अन्य साथियों द्वारा ब्याज वसूल करके आर्थिक लाभ प्राप्त कर जनता के रूपयों का गबन किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अन्य विधिक कार्यवाही की है।

## अवैध ई-रिक्शा के विरुद्ध अभियान शुरू

**मथुरा।** मुख्यमंत्री, उप्र शासन के निदेर्शों के क्रम में परिवहन आयुक्त द्वारा माह अप्रैल 2025 में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। मंगलवार को मनोज कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में राजेश राजपूत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-प्रथम), मनोज प्रसाद वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-द्वितीय), अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी (यातायात), संदीप चैधरी, यात्रीकर अधिकार, शौर्य कुमार, (यातायात निरीक्षक) तथा अन्य यातायात निरीक्षकों के साथ, संयुक्त टीम द्वारा वृन्दावन-मथुरा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा एवं अन्य वाहनों के विरूद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया तथा 39 ई-रिक्शा के चालान तथा 27 निरुद्ध किये गये।

# जिपं अध्यक्ष ने रैली को दिखायी हरी झंडी

● विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान शुरू



**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में मंगलवार से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान शुरू हो गया। यह अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें अन्तर्विभागीय कई विभागों को जोड़ा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर से जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी ने विशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ- साथ आशा कार्यकत्री, ए एन एम के साथ साथ बाल विकास सेवा विभाग की आंगनवाडी कार्यकत्रियों, नगर निगम मथुरा वृन्दावन के कर्मचारियों द्वारा बडे पैमाने पर बढ चढ कर भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के साथ साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार, प्रभारी जिला पंचायतीराज अधिकारी अरुण कुमार उपाध्याय, जिला कार्यक्रम अधिकारी; आई सी डी एस श्रीमती बुद्धी मिश्रा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल गर्ग, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आलोक कुमार, डॉ अनुज चैधरी ,पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉ रोहिताश तेवतिया एनोडल एन यू एच एम डॉ पीयूष सोनी, जिला मलेरिया अधिकारी आर0के0 सिंह, नगरीय मलेरिया अधिकारी डॉ भूदेव सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहिताश मीना एवं शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अधिकारीगण एवं वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक संतोष तिवारी, मलेरिया निरीक्षक राहुल सिंह सिसौदिया,अनिल कुमार वर्मा, नितिन रस्तोगी, श्रीमती आश्रिता सिंह एवं मलेरिया कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। रैली ने समापन के वाद एक सभा का रूप ले लिया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से वचाव एवं हीट रिलेटिड ईलनेस से बचाव हेतु विस्त्रित दिशा निर्देश दिये गये तथा जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा संचारी रोगों से बचाव हेतु शपथ दिलायी गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीबीडी डॉ अनुज चैधरी द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत रोगों से बचाव हेतु निम्न उपाय बताये।

संक्षेप

## पूनम शर्मा ने एफएलओ की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला

नई दिल्ली। पूनम शर्मा ने 31 मार्च, 2025 को 41वें वार्षिक सत्र में फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला, जो फिक्की की महिला व्यवसायी शाखा और दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला-नेतृत्व वाला और महिला-केंद्रित व्यापार चैंबर है। एफएलओ की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पूनम शर्मा 2025-26 तक एक साल के कार्यकाल के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जिससे उद्यमिता, उद्योग में भागीदारी और महिलाओं के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाला सक्षम वातावरण तैयार होगा।

## पेटीएम ट्रेवल पास लॉन्च

नई दिल्ली। पेटीएम ने पेटीएम ट्रेवल पास लॉन्च किया है, जो एक सब्सक्रिप्शन-आधारित पेशकश है जो अक्सर यात्रा करने वालों और व्यावसायिक यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण बचत और सुविधा प्रदान करता है। रुपये 1,299 में उपलब्ध, इस पास में मुफ्त रद्दीकरण, यात्रा बीमा, और रुपये 15,200 तक की सीट बुकिंग छूट शामिल है, जो इसे यात्रा करने वालों के लिए एक किफायती विकल्प बनाता है। पेटीएम ट्रेवल पास चार बार लागू होने वाले मुफ्त लाभ प्रदान करता है, जिससे यह उन लोगों के लिए आदर्श है जो अक्सर यात्रा करते हैं।

## किटकैट प्रोफेशनल स्प्रेड लॉन्च

नई दिल्ली। नेस्ले प्रोफेशनल ने कोकोआ-बेस्ड स्प्रेड्स कैटेगरी में कदम रखते हुए किटकैट प्रोफेशनल स्प्रेड लॉन्च किया है। यह स्प्रेड खासतौर पर होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग सेक्टर के लिए तैयार किया गया है, ताकि किटकैट के अनोखे स्वाद और क्रंची टेक्सचर को प्रोफेशनल किचन में शामिल किया जा सके। आज के बदलते उपभोक्ता माहौल में, शेफ लगातार नए प्रयोग कर रहे हैं ताकि वे अनोखे और लाजवाब डेजर्ट बना सकें।

## कलर्स रिश्ते अब डीडी फ्री डिश पर उपलब्ध

नई दिल्ली। कलर्स रिश्ते भारत के लाखों टीवी दर्शकों के लिए अपने लोकप्रिय शोज भारत के सबसे बड़े फ्री-टू-एयर प्लेटफॉर्म डीडी फ्रीडिश पर पेश कर रहा है। ये प्रोग्राम 1 अप्रैल से चैनल नंबर 50 पर मुफ़्त में देखे जा सकेंगे। ये लोकप्रिय शोज तीन साल के अंतराल के बाद फिर से टीवी पर प्रसारित हो रहे हैं, जो एक बार फिर पूरे देश के दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। सुपरनैचुरल, फैंटेसी, फैमिली ड्रामा, माइथोलॉजी, और रियलिटी की शैलियों में कलर्स रिश्ते के विविध प्रोग्राम एक बार फिर घर-घर में लोकप्रिय हो जाएंगे।

## बदलते मौसम में सेहत का ध्यान रखना जरूरी

नई दिल्ली। जब सर्दी का मौसम खत्म होता है और गर्मियां शुरू होती हैं, तो आयुर्वेद के हिसाब से हमें इस संधि कला (स्प्रिंग) के दौरान अपने खान-पान का खास ध्यान रखना चाहिए। इस समय हमारे शरीर के तीन दोष (वात, पित्त और कफ) बिगड़ जाते हैं, जिससे हम बीमार पड़ सकते हैं। गर्म और सूखा मौसम वात को बढ़ाता है, जिससे शरीर में सूखापन, बेचैनी और सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। वहीं, तापमान के बदलने से हमारा पाचन भी कमजोर हो जाता है और हमारी इम्युनिटी कम हो जाती है। डॉ. मधुमिता कृष्णन ने बताया कि इस चरण के दौरान अपनी सेहत को दुरुस्त बनाए रखने के लिए, हमें गर्म, अच्छी तरह से पके हुए भोजन के साथ शरीर को पोषण देना आवश्यक है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल में एसईटी और एसआईटीईईई का रजिस्ट्रेशन 12 तक

नई दिल्ली। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) 12 अप्रैल 2025 को सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट 2025 और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्जाम के रजिस्ट्रेशन बंद करने जा रही है।एसईटी और एसआईटीईईई दोनों एप्टीट्यूड आधारित, कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट हैं, जिनका संचालन सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) द्वारा सिम्बायोसिस संस्थानों में फुल टाईम यूजी प्रोग्रामों जैसे बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी और बीटेक में प्रवेश के लिए किया जाता है। उम्मीदवार दो बार तक टेस्ट दे सकते हैं, जिसमें से ज्यादा स्कोर के आधार पर परसेंटाइल की गणना की जाती है। वे छात्र जो इन कोर्सेज में प्रवेश लेना चाहते हैं वे अंतिम दिनांक से पहले ऑफिशियल पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडाटएसईटी-टेस्टडाटओआरजी के माध्यम से अपने ऐप्लीकेशन पूरे कर सकते हैं।

# सेंसेक्स में 1390 अंकों की गिरावट



मुंबई। शेयर बाजार में नये वित्त वर्ष के पहले दिन बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1390 अंक का गोता लगा गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 354 अंक टूटा। अमेरिका के दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाये जाने से पहले जारी अनिश्चितता के बीच सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) तथा निजी बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,390.41 अंक यानी 1.80 प्रतिशत लुढ़क कर 76,024.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 1502.74 अंक तक का गोता लगा गया था।

सेंसेक्स के तीस शेयरों में 28 नुकसान में रहे। केवल दो में लाभ रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 353.65 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,165.70 अंक पर बंद हुआ। दोनों मानक सूचकांकों में यह एक महीने में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दो अप्रैल से जवाबी शुल्क लगाने की योजना है। उन्होंने इसे अमेरिका के लिए मुक्ति दिवस करार दिया है। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, टाइटन, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इंडसइंड बैंक पांच प्रतिशत से अधिक चढ़ा, जबकि जोमैटो मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। अमेरिकी जवाबी शुल्क की घोषणा से पहले वैश्विक अस्थिरता के बीच, घरेलू बाजार में आज भारी बिकवाली देखी गई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार में कारोबार अधिक होने से आईटी क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। महाराष्ट्र में रेडी रेकनर दरों (सर्किल रेट) में वृद्धि के बाद रियल एस्टेट कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई...। दो अप्रैल की समयसीमा से पहले अमेरिका के जवाबी शुल्क की दरों को लेकर अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार पर इसके संभावित प्रभाव के कारण बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। बाद में यह नुकसान और बढ़ गया। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 1.04 प्रतिशत टूटा, जबकि छोटी कंपनियों से संबंधित स्मॉलकैप मामूली 0.07 प्रतिशत चढ़ा। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए नवोन्मेषी लचीले वित्तीय परिवेश तंत्र की आवश्यकता: मुर्मू



मुंबई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पिछले 90 वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा की मंगलवार को सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि एक नवीन, लचीले तथा सभी के वास्ते सुलभ वित्तीय परिवेश तंत्र विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के स्थापना दिवस के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 90 वर्ष से आरबीआई की उल्लेखनीय यात्रा सरकार के दृष्टिकोण तथा नीतियों के साथ मेल खाती है। उन्होंने कहा कि यह स्थायी साझेदारी जटिल आर्थिक बदलावों से निपटने, महत्वपूर्ण वित्तीय सुधारों को लागू करने तथा व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में आवश्यक रही है। भारत के अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए एक ऐसे वित्तीय परिवेश तंत्र की जरूरत है जो नवीन, लचीले और सभी के लिए सुलभ हो। राष्ट्रपति ने कहा कि आगे का रास्ता नई जटिलताएं तथा चुनौतियां पेश करेगा, फिर भी स्थिरता, नवाचार व समावेशिता के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ आरबीआई मजबूती का स्तंभ बना रहेगा... विश्वास को मजबूत करेगा और भारत को समृद्धि एवं वैश्विक नेतृत्व के भविष्य की ओर ले जाएगा। मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के संरक्षक के रूप में आरबीआई इस यात्रा में एक निर्णायक भूमिका निभाएगा तथा एक सुदृढ़ बैंकिंग प्रणाली सुनिश्चित करेगा जो वित्तीय नवाचार को बढ़ावा देगी तथा हमारे वित्तीय परिवेश तंत्र में विश्वास की रक्षा करेगी। इस अवसर पर आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि अगला दशक भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण होगा। मुर्मू ने कहा कि हम वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम ग्राहक सेवाओं में निरंतर सुधार और उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास वित्तीय स्थिरता तथा दक्षता के हितों को संतुलित करके अपने विनियामक ढांचे को अनुकूलतम बनाना होगा। हम प्रौद्योगिकी व नवाचार का समर्थन करना जारी रखेंगे।

## भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मण्डल ने की नये वित्तीय वर्ष की शुरूआत

लखनऊ। सामुदायिक विकास पर ध्यान केन्द्रित करके नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत करते हुए आज स्थानीय प्रधान कार्यालय, लखनऊ में भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मण्डल के मुख्य महाप्रबन्धक दीपक कुमार दे द्वारा बधिर महिला कल्याण फाउंडेशन, लखनऊ को बधिर महिलाओं के कौशल प्रशिक्षण के लिए रुपये 5,00,000 का भेंट किया गया। बधिर महिला कल्याण फाउंडेशन, लखनऊ की महासचिव मिनी गोयल ने स्टेट बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त परिसर में वृक्षारोपण और बैंक कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर महाप्रबंधक गण, उप महाप्रबंधक गण, वरिष्ठ अधिकारी गण स्टाफ सदस्य एवं संस्थान के सदस्य उपस्थित रहे।

## नयी निसान मैग्नाइट से निसान के विकास को मिली गति

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भारत में लगातार एवं सतत विकास हासिल कर रही है। पिछले सात साल में कंपनी के लिए वित्त वर्ष 2024-25 सबसे शानदार प्रदर्शन वाला साल रहा है। घरेलू वाहन उद्योग में कई तरह की चुनौतियों के बावजूद कंपनी ने यह विकास दर्ज करने में सफलता पाई है। वित्त वर्ष 2024-25 में नई निसान मैग्नाइट ने कंपनी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह मॉडल निसान के घरेलू बिजनेस प्लान का मुख्य स्तंभ और निर्यात परिचालन का अहम हिस्सा रहा है।

# जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.96 लाख करोड़ पर



नयी दिल्ली। सकल जीएसटी संग्रह मार्च में 9.9 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो अब तक का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह है। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

घरेलू लेनदेन से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 8.8 प्रतिशत बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयातित वस्तुओं से राजस्व 13.56 प्रतिशत बढ़कर 46,919 करोड़ रुपये रहा। सकल संग्रह में 38,145 करोड़ रुपये का केंद्रीय जीएसटी संग्रह, 49,891 करोड़ रुपये का राज्य जीएसटी संग्रह और 95,853 करोड़ रुपये का एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) शामिल है। मार्च के दौरान उपकर संग्रह 12,253 करोड़ रुपये रहा। मार्च में कुल रिफंड 41 प्रतिशत बढ़कर 19,615 करोड़ रुपये हो गया। रिफंड समायोजित करने के बाद, मार्च 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जो सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत की वृद्धि है। अप्रैल, 2024 में जीएसटी संग्रह 2.10 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। कहा कि मार्च के लिए सकल जीएसटी संग्रह में 9.9 प्रतिशत की वृद्धि व्यवसायों द्वारा साल के अंत में बिक्री को बढ़ावा देने के प्रभाव को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह देखना बहुत उत्साहजनक है कि यह कोई एकमात्र मामला नहीं है, क्योंकि जीएसटी संग्रह में हर महीने लगातार वृद्धि देखी गई है, जो वार्षिक सकल जीएसटी संग्रह में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि से परिलक्षित होती है। अप्रैल-मार्च के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 22.08 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। मुख्य विनिर्माण और उपभोक्ता राज्यों में जीएसटी संग्रह की वृद्धि दर में व्यापक भिन्नता बनी हुई है।

## कोल इंडिया का कोयला उत्पादन 78.1 करोड़ टन रहा, लक्ष्य से चूकी

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 78.11 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया। यह कंपनी के वित्त वर्ष को लेकर तय किए गए लक्ष्य से लगभग सात प्रतिशत कम रहा।

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईएल का कोयला उत्पादन लक्ष्य 83.8 करोड़ टन था। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि हालांकि समीक्षाधीन अवधि में उसका कोयला उत्पादन सालाना आधार पर एक प्रतिशत बढ़ा है। वहीं सीआईएल का कोयला उत्पादन मार्च में एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 3.1 प्रतिशत घटकर 8.58 करोड़ टन रह गया।

## केनस्टार ने लॉन्च किया बीएलडीसी मैक्स

बंगलुरू। केनस्टार ने अपने नये और उन्नत बीएलडीसी मैक्स कूलिंग समाधान को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह आधुनिक तकनीक से लैस है और इसे केनस्टार के हाल ही में लॉन्च हुए एयर कूलर रेंज में शामिल किया गया है। इस नई तकनीक की खासियत इसकी बेहतरीन फंक्शनलिटी, लंबी उम्र और भारतीय परिवारों के लिए अधिक भरोसेमंद प्रदर्शन है। इस लॉन्च के साथ, केनस्टार एक प्रभावशाली कैंपेन लेकर आ रहा है।

# बिजली की खपत बढ़कर 14.84 अरब यूनिट पर

नयी दिल्ली। तापमान में बढ़ोतरी होने के साथ ही मार्च के महीने में बिजली की खपत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 148.48 अरब यूनिट हो गई।

पिछले साल मार्च में बिजली की खपत 138.95 अरब यूनिट रही थी। पिछले महीने एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति भी बढ़कर 235.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च, 2024 में 221.68 गीगावाट थी। पिछले साल मई में अधिकतम बिजली मांग अब तक के उच्चतम स्तर 250 गीगावाट पर रही थी। इसके पहले अधिकतम मांग सितंबर, 2023 में 243.27 गीगावाट दर्ज की गई थी। बिजली मंत्रालय ने पिछले साल की गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग के 260 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान जताया था। सरकार ने इस वर्ष की गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग बढ़कर 277 गीगावाट हो जाने का अनुमान जताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अप्रैल से बिजली की मांग और खपत में वृद्धि का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस साल सामान्य से अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि भारत में अप्रैल से जून के दौरान सामान्य से अधिक तापमान रहने और मध्य, पूर्वी भारत एवं उत्तर-पश्चिमी मैदानी इलाकों में लू के दिनों की संख्या बढ़ने का अनुमान है। अप्रैल में भारत के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। हालांकि सुदूर दक्षिणी और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के कुछ इलाकों में सामान्य तापमान रह सकता है। उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्व में कुछ स्थानों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा, जहां तापमान सामान्य या सामान्य से थोड़ा कम रह सकता है।

## नेस्प्रेसो ने दिल्ली में खोला अपना पहला बुटीक

नई दिल्ली। नेस्प्रेसो ने नई दिल्ली के साकेत स्थित सिलेक्ट सिटीवॉक मॉल में अपने पहले बुटीक के उद्घाटन की घोषणा की है। यह लॉन्च भारत में नेस्प्रेसो के विस्तार में एक अहम पड़ाव है और 2024 के अंत में देश में अपनी शुरूआत के बाद इसका अगला बड़ा कदम है। इस नए बुटीक में कॉफी प्रेमियों को एक अनोखा अनुभव मिलेगा, जहां वे नेस्प्रेसो की बेहतरीन गुणवत्ता वाली कॉफी और अत्याधुनिक मशीनों की पूरी रेंज देख और आजमा सकेंगे। ग्राहक विभिन्न कॉफी ब्लेंड्स का स्वाद चख सकते हैं, प्रशिक्षित कॉफी विशेषज्ञों से व्यक्तिगत सलाह प्राप्त कर सकते हैं।

## सोशल का नवरात्रि के लिए विशेष मेन्यू लॉन्च

नई दिल्ली। नवरात्रि प्रियजनों के साथ चिंतन, भक्ति और उत्सव मनाने का समय है। त्यौहार के अवसर को चिह्नित करने के लिए, सोशल सीमित समय के लिए नवरात्रि मेन्यू पेश कर रहा है, जो 30 मार्च से 7 अप्रैल तक उपलब्ध होगा। यह विशेष मेन्यू सोशल के सिग्नेचर ट्विस्ट के साथ पारंपरिक व्रत के स्वादों को एक साथ लाता है, जो त्यौहार मनाने वालों के साथ-साथ अनोखे त्यौहारी स्वादों को तलाशने और उनका आनंद लेने के इच्छुक मेहमानों के लिए एक स्वादिष्ट और संतोषजनक अनुभव प्रदान करता है। मेन्यू के केंद्र में नवरात्रि थाली है, जो आलू जीरा-जीरे के साथ मसालेदार आलू, टमाटर की ग्रेवी में पनीर, कुरकुरे मखाने, व्रत-विशेष समक चावल, कुरकुरी फलाहारी पूरी, मलाईदार साबूदाना खीर और कुरकुरे साबूदाना वड़ा से युक्त एक पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे पापड़ के साथ परोसा जाता है।

# एनएचएआई ने टोल चार से पांच प्रतिशत बढ़ाया




नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर मंगलवार से यात्रा करना महंगा हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने देशभर के राजमार्ग खंडों पर टोल शुल्क में औसतन चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि की है।

राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन चालकों के लिए संशोधित टोल शुल्क मंगलवार से लागू हो गए हैं। एनएचएआई ने सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के लिए टोल दरों में बढ़ोतरी को अलग से अधिसूचित किया है। अधिकारी के अनुसार, टोल शुल्क को संशोधित करना वार्षिक कवायद का हिस्सा है। यह थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में बदलाव से जुड़ा है। हर साल इसे एक अप्रैल से लागू किया जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क पर लगभग 855 उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा हैं, जिन पर राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 के अनुसार शुल्क लगाया जाता है। इनमें से लगभग 675 सार्वजनिक वित्तपोषित शुल्क प्लाजा हैं और 180 राजमार्ग विकसित करने वाली कंपनियों द्वारा संचालित टोल प्लाजा हैं। संशोधित दरें देश भर के प्रमुख मार्गों पर यात्रियों को प्रभावित करेंगी, जिनमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-जयपुर हाईवे शामिल हैं।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स ने क्लैश ऑफ क्लैंस पर किया कब्जा

नई दिल्ली। डब्ल्यूडब्ल्यूई और क्लैश ऑफ क्लैंस का हिस्सा, जिसके दो बिलियन से ज्यादा लाइफटाइम डाउनलोड हैं, ने आज एक नई पार्टनरशिप की घोषणा की है. इस पार्टनरशिप में डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स का एक रोस्टर अप्रैल के पूरे महीने में एक रोमांचक इन और आउट-गेम इवेंट का मुख्य आकर्षण होगा। नई पार्टनरशिप के तहत, निर्विवाद डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन कोडी रोड्स, रिया रिप्ले, द अंडरटेकर, बियांका बेलेयर और दूसरे डब्ल्यूडब्ल्यूई सुपरस्टार्स को क्लैश ऑफ क्लैंस की दुनिया के अंदर आइकॉनिक कैरेक्टर्स के रूप में फिर से तैयार किया जायेगा।

पेज एक का शेष

## आरबीआई

के वित्तीय ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। आरबीआई वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हम ग्राहक सेवाओं में निरंतर सुधार तथा उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। हमारा प्रयास वित्तीय स्थिरता व दक्षता के हितों को संतुलित कर हमारे नियामक ढांचे को लचीला बनाना होगा। हम प्रौद्योगिकी व नवाचार का समर्थन करना जारी रखेंगे। हम सतर्क, लचीले और दूरदर्शी बने रहेंगे। मल्होत्रा ने इस बात पर जोर दिया कि आरबीआई सभी हितधारकों, सरकारों और वित्तीय क्षेत्र के नियामकों के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करेगा। इसके लिए इसकी पहुंच का विस्तार करेगा, इसकी दक्षता बढ़ाएगा और उभरते आर्थिक परिदृश्य में इसके लचीलेपन को बढ़ाएगा। गवर्नर ने कहा कि भले ही हम नई प्रौद्योगिकियों और आधुनिक विनियामक दृष्टिकोणों को अपना रहे हों, लेकिन ईमानदारी, पारदर्शिता व सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता हमारा मार्गदर्शन करती रहेंगी। भारत के लोगों का केंद्रीय बैंक पर जो भरोसा है, वह हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। हम इसे बनाए रखने तथा आने वाले वर्षों में इसे और मजबूत बनाने का दृढ़ संकल्प रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्था राष्ट्र की है और आरबीआई लोगों, वित्तीय प्रणाली तथा अर्थव्यवस्था के हितों की पूर्ति करने के लिए संकल्प से प्रेरित होकर प्रत्येक निर्णय लेता रहेगा। मल्होत्रा ने कहा कि हम वर्ष भर चले इस समारोह का समापन कर रहे हैं और अपने शताब्दी दशक में प्रवेश कर रहे हैं... हम आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प तथा स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आगे की यात्रा में निरंतर अनुकूलन, नयी सोच व नवाचार, सहयोग व समन्वय तथा उत्कृष्टता और पूर्णता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी।

## भारत और

प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी विचार किया। हम भारत और चिली के बीच छात्रों के आदान-प्रदान को बढ़ाने के लिए भी प्रयास जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि चिली के राष्ट्रपति की भारत यात्रा ने संबंधों में नयी ऊर्जा और उत्साह पैदा किया है। उन्होंने कहा कि यह ऊर्जा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पूरे लातिन अमेरिका क्षेत्र में हमारे सहयोग को नयी गति और दिशा देगी।

## वाणिज्यिक

हो गई है। दिल्ली हवाई अड्डा देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है। इससे पहले, फरवरी से एटीएफ के दाम में वृद्धि की गयी थी। इस कटौती के बाद मुंबई में एटीएफ की कीमत 83,575.42 रुपये हो गई, जबकि चेन्नई और कोलकाता में इनकी कीमत क्रमशः 92,503.80 रुपये और 91,921 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। पेट्रोलियम कंपनियों ने राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत भी 41 रुपये घटाकर 1,762 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर कर दी। यह कटौती एक मार्च को प्रति सिलेंडर छह रुपये की बढ़ोतरी के बाद की गई है। मुंबई में अब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 19 किलोग्राम सिलेंडर के लिए 1,713.50 रुपये, कोलकाता में 1,868.50 रुपये और चेन्नई में 1,921.50 रुपये है। मूल्य वर्धित कर सहित स्थानीय करों के आधार पर एटीएफ और एलपीजी की कीमतें अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न होती हैं। हालांकि, घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह 803 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर अपरिवर्तित है। सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. (एचपीसीएल) हर महीने की पहली तारीख को अंतरराष्ट्रीय ईंधन की औसत मानक कीमत और विदेशी विनिमय दर के औसत मूल्य के आधार पर एटीएफ और रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। आम चुनावों से पहले पिछले साल मार्च के मध्य में कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई थी। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत 87.62 रुपये है।

## देश की

की थीं, उन्हें राज्य में लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अंततः 2017 में उत्तर प्रदेश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर ध्यान दिया और पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनाई, नतीजे सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में हमने उन कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया है जो पिछली सरकारें 70 वर्षों में नहीं कर पाईं। साल 1947 से लेकर 2017 तक के 70 वर्षों में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 12-12.5 लाख करोड़ रुपये के दायरे में थी और देश में सातवें या आठवें स्थान पर थी।

## राजनीति मेरे

करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि हम धर्म के पक्ष को सीमित दायरे में कैद करके रखते हैं और राजनीति को भी हम चंद मुट्ठीभर लोगों की कैद में रखते हैं। सारी समस्या वहीं से खड़ी होती है। उन्होंने कहा कि राजनीति अगर स्वार्थ के लिए है तो वह समस्या पैदा करेगी। राजनीति अगर परमार्थ के लिए है तो वह समाधान देगी। हमें तय करना होगा कि हमें समाधान का रास्ता अपनाना है या समस्या का रास्ता अपनाना है और मुझे लगता है कि धर्म भी यही (सिखाता) है। आदित्यनाथ ने कहा कि धर्म जब स्वार्थ के लिए होता है, आत्मकल्याण के लिए होता है तो वह नयी-नयी चुनौतियां देगा, नयी-नयी समस्याएं देगा और जब व्यक्ति परमार्थ के लिए अपने आप को होम करता है, अपने आप को समर्पित करता है तो वह नए-नए रास्ते दिखाएगा, प्रगति के नए-नए रास्ते सुझाएगा। आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय परंपरा धर्म को स्वार्थ से नहीं जोड़ती। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरा में भारतीय मनीषा ने धर्म को स्वार्थ के साथ नहीं जोड़ा है। उसके दो हित बताए गए हैं कि सांसारिक जीवन में उत्कर्ष का मार्ग प्रशस्त करना, विकास के मार्ग को प्राथमिकता देना और इस लौकिक जीवन में एवं पारलौकिक जीवन के लिए मोक्ष की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ना। तो यहां दोनों का उद्देश्य ही सेवा है। मुझे लगता है कि राजनीति मात्र एक मंच है और इस सेवा भाव को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में इसका उपयोग किया जा रहा है। यह पूछे जाने पर कि वह खुद को धार्मिक व्यक्ति मानते है या राजनेता, आदित्यनाथ ने कहा, मैं एक नागरिक के रूप में काम करता हूं और अपने को विशेष नहीं मानता। एक नागरिक के रूप में अपने संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए मेरे लिए देश सर्वोपरि है और देश अगर सुरक्षित है तो मेरा धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो कल्याण का मार्ग अपने आप प्रशस्त होता है। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि वह 100 साल बाद के लिए अपनी कोई विरासत छोड़ कर जाएंगे आदित्यनाथ ने कहा, ...नाम नहीं, हमारे काम आने वाली पीढ़ी के लिए स्मरणीय होंगे। किसी की पहचान उसके काम से होनी चाहिए, नाम से नहीं।

## पटाखा गोदाम

के साथ में मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस दुर्घटना में राहत, बचाव और उपचार कार्य के संबंध में प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में हूं। मैंने प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि घायलों को जल्द से जल्द उचित उपचार मिले। राज्य सरकार मृतकों के परिवारों को चार लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता प्रदान करेगी। पटेल ने पोस्ट में कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर मृत कर्मचारियों की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा घायलों को शीघ्र स्वस्थ करे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी इस घटना में मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार गुजरात के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने कहा कि घटना से प्रभावित कर्मचारियों को पूरी सहायता दी जाएगी। यादव ने कहा कि कर्मचारियों और उनके परिवारों की सहायता के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

## इजराइल ने

पहला हमला था। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि सोमवार देर रात किए हमले में हिज्बुल्ला के एक सदस्य को निशाना बनाया गया जो इजराइल के खिलाफ हमलों में गाजा पट्टी में फलस्तीनी हमास समूह की मदद कर रहा था। इजराइली सेना ने कहा कि यह हमला इजराइल की घरेलू खुफिया एजेंसी शिन बेट के निर्देशन में किया गया था। हिज्बुल्ला ने हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा की गई तस्वीरों एवं वीडियो में एक इमारत की ऊपरी तीन मंजिल क्षतिग्रस्त दिखाई दे रही हैं। इमारत के नीचे कई कार पर मलबे के ढेर देखे जा सकते हैं।

## डॉ. अखिलेश

तमाम निःशुल्क सेवाएं आज संजीवनी बन गयी हैं। वहीं, धार्मिक विरासत की पहचान ऐतिहासिक गणेश महोत्सव बन चुका है। बीबीडी ग्रुप अपने समाज सेवा के संकल्प के तहत सर्दियों में शहर के प्रत्येक चौराहों पर अलाव जलवाने, गरीबों को कम्बल वितरण करने, तपती गर्मियों में प्याऊ लगवाकर ठंडे पानी से लोगों की प्यास बुझाने और समय-समय पर भण्डारे का आयोजन कर भोजन वितरण के कार्यक्रमों के जरिए समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि समाजसेवा ही बीबीडी ग्रुप का एकमात्र ध्येय है। इस मौके पर अरूण गुप्ता, राजू बाजपेयी, कैलाश पाण्डेय, बंदना राज अवस्थी, राजू दीक्षित पार्षद, अमित चौधरी पार्षद, पूर्व पार्षद पीएस जायसवाल, शान बख्शी, आशा मौर्या, प्रिया गुप्ता, उमा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, ऋषभ गुप्ता, अनूप कनौजिया, महेश राठौर, सुबोध श्रीवास्तव, सुशील दुबे, विजय दीक्षित, एके अंकुर, चन्द्रा रावत, ऊषा बाल्मीकि, डॉ. वैशाली कुशवाहा, सुनील गुप्ता, डॉ. धनंजय गुप्ता, विवेक यादव एवं अशोक सिंह आदि सैंकड़ों की संख्या में लोगों द्वारा शहर में जगह-जगह डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को याद किया गया।

इसी क्रम में बीबीडी यूनिवर्सिटी के डॉ अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम में स्टार नाइट का आयोजन किया गया, जिसमे युवा दिलों की धड़कन सचिन, जिगर एवं दिव्य कुमार, श्रद्धा मिश्रा की जोड़ी ने अपने मधुर आवाज से बीबीडियंस को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बीबीडियंस का स्वागत करते हुए हाउ इज द जोश बोलकर उपस्थित लोगों में जोश भरा और कहा कि डॉ अखिलेश दास के सपनों को पूरा करते हुए इसी शैक्षिक सत्र से एआई से सुसज्जित अखिलेश दास गुप्ता स्कूल का शुभारंभ हो रहा है।

इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप की प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास, वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास, मुख्य अधिशाषी निदेशक आरके अग्रवाल, बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर डॉ एससी शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ एसएमके रिजवी, सभी डायरेक्टर, डीन ,फैकल्टी आदि उपस्थित रहे। मंच पर सचिन जिगर ने अपना बना ले, तेरे वास्ते, शाम गुलाबी, चार बज गए,पिया ओ रे पिया, जीना जीना एवं जीने लगा हूं पहले से ज्यादा आदि गानों के जरिए अपनी जोशीली आवाज में जादू बिखेरा, जिससे पूरा स्टेडियम मस्ती से भर गया। कार्यक्रम के समापन पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप की प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास, वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास ने कलाकारों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया।




## संक्षेप

### मुकम्मिल प्रदर्शन, मुंबई इंडियंस की जीत पर बोले विलियमसन

मुंबई। आईपीएल में जहां टीमें रनों का अंबार लगा रहीं हैं, ऐसे में मुंबई इंडियंस ने गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले मैच में 116 रन पर आउट कर दिया और न्यूजीलैंड के स्टार क्रिकेटर केन विलियमसन ने इसकी तारीफ की है। मुंबई ने इस सत्र में पहली जीत दर्ज करते हुए केकेआर को आठ विकेट से हराया। विलियमसन ने जियो हॉटस्टार पर कहा यह संपूर्ण प्रदर्शन था। टॉस जीतना, गेंदबाजी चुनना और रणनीति पर खूबसूरती से अमल करना। एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार को लाना जिसने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने लगातार विकेट चटकाये जो देखकर अच्छा लगा। उन्होंने कहा आजकल इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से अब टीमें बड़े स्कोर बना रही हैं लेकिन मुंबई ने पूरे मैच में दबाव बनाये रखा। पंजाब के 23 वर्ष के अश्वनी ने तीन ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिये। वह आईपीएल पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने। पंजाब के पूर्व स्पिनर पीयूष चावला ने कहा कि केकेआर सही रणनीति बनाने में नाकाम रही। मैच हालात और मैदान के हालात के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं की। उन्होंने कहा कई बार हालात को ध्यान में रखना सबसे जरूरी होता है। यह पारंपरिक बल्लेबाजी वाला विकेट नहीं था, खासकर नयी गेंद से। ऐसे में शुरूआत में एहतियात बरतनी जरूरी थी। गेंद के पुरानी और नरम होने के बाद शॉट खेलने चाहिये थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### गेंदबाजी एक्शन को क्लीन चिट मिलने के बाद कुहनेमन को क्रिकेट आस्ट्रेलिया का अनुबंध

मेलबर्न। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 16 विकेट लेने के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन की शिकायत झेलने वाले मैट कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को हरी झंडी मिलने के बाद अब क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने 2025 . 26 के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल किया है। कुहनेमन को श्रीलंका में फरवरी में श्रृंखला में प्लेयर आफ द सीरिज चुना गया था। उन्होंने पांच टेस्ट में 25 विकेट लिये हैं जिसमें दो बार पारी के पांच विकेट शामिल है। उन्हें श्रीलंका दौरे के बाद गेंदबाजी एक्शन की जांच से गुजरना पड़ा और आईसीसी की जांच में उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि कुहनेमन ने श्रीलंका में शानदार प्रदर्शन किया और आगे भी वह इसे बरकरार रख सकते हैं। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में पदार्पण करने वाले सैम कोंस्टास को भी अनुबंध दिया गया है। कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में 60 रन बनाकर आस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

### अश्वनी ने आईपीएल में यादगार पदार्पण का श्रेय मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक को दिया

मुंबई। मुंबई इंडियंस के नये खिलाड़ी अश्वनी कुमार ने मंगलवार को कहा कि कप्तान हार्दिक पंड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पदार्पण से पहले उन्हें यह याद दिलाकर उनकी घबराहट दूर कर दी कि पंजाबी निडर हैं और उन्हें बस मैदान पर जाकर प्रतिद्वंद्वी टीम में खौफ पैदा करना चाहिए। पंजाब के झंजेरी के इस 23 वर्षीय वामहस्त तेज गेंदबाज ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ सोमवार को 24 रन देकर चार विकेट झटककर टीम को आसान जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। वह इसके साथ ही आईपीएल में अपने पहले मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन गए। अश्वनी ने मैच के पहले घबराहट के कारण दोपहर का खाना नहीं खाया था और सिर्फ केला खाकर मैदान पर उतरे थे। उन्होंने खुद को सहज कराने का श्रेय अपने कप्तान को दिया। अश्वनी ने आईपीएलटी20डॉट कॉम से कहा, यह बहुत अच्छा अहसास है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना अच्छा प्रदर्शन करूंगा। हार्दिक भाई ने मुझसे कहा, तुम पंजाब से हो और पंजाबी निडर होते हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को डराओ और इसका मजा लो। वह पिछले 10 साल में आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए।

# पंजाब की लगातार दूसरी जीत

## आईपीएल : प्रभसिमरन-श्रेयस की फिफ्टी, अर्शदीप सिंह को 3 विकेट, पंजाब किंग्स को 172 रन का दिया था लक्ष्य

एजेंसी



**लखनऊ ।** कप्तान श्रेयस अय्यर ने लगातार दूसरे मैच में फिफ्टी लगाई है। पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हराया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में पंजाब ने 172 रन का टारगेट 16.2 ओवर में 2 विकेट पर हासिल कर लिया। श्रेयस अय्यर 52 और नेहल वधेरा 43 रन बनाकर नाबाद रहे। प्रभसिमरन सिंह ने 34 बॉल पर 69 रनों की पारी खेली। लखनऊ से दिग्वेश राठी को 2 विकेट मिले। लखनऊ से निकोलस पूरन ने 44, आयुष बडोनी ने 41 रन की पारियां खेलीं। ऐडन मार्करम ने 28 और अब्दुल समद ने 27 रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने 3 विकेट झटके। लॉकी फर्ग्यूसन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्को यानसन, और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिल।

निकोलस पूरन और आयुष बडोनी की उपयोगी पारियों से लखनऊसुपर जाइंट्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 171 रन बनाए। पूरन ने 44 जबकि बडोनी ने 41 रन की पारी खेली। बडोनी ने डेथ ओवरों में अब्दुल समद (27) के साथ छठे विकेट के लिए सिर्फ 21 गेंद में 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 43 रन देकर तीन विकेट चटकाए। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और अर्शदीप सिंह ने पहले ही ओवर में मिचेल मार्श (00) को मार्को यानसेन के हाथों कैच करा दिया। सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम (28) ने अर्शदीप के अगले ओवर में तीन चौके मारे लेकिन वह इस दौरान भाग्यशाली भी रहे जब इस तेज गेंदबाज ने उनका कैच टपका दिया। मारक्रम ने लॉकी फर्ग्युसन (26 रन पर एक विकेट) की लगातार गेंदों पर भी चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए।

उन्होंने 18 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का मारा। कप्तान ऋषभ पंत (02) एक बार फिर नाकाम रहे और ग्लेन मैक्सवेल (22 रन पर एक विकेट) की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर युजवेंद्र चहल को कैच दे बैठे जिससे पांचवें ओवर में टीम का स्कोर तीन विकेट पर 35 रन हो गया। सुपर जाइंट्स ने पावर प्ले में तीन विकेट पर 39 रन बनाए। पूरन और बडोनी ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। पूरन ने मैक्सवेल पर लगातार दो चौके मारे जबकि बडोनी ने मार्को यानसेन (28 रन पर एक विकेट) की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया।

पूरन ने 10वें ओवर में चहल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो चौके और एक छक्का मारा और फिर मार्कस स्टोइनिस की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका जड़ा। पूरन हालांकि चहल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑफ पर मैक्सवेल को कैच दे बैठे जिससे बडोनी के साथ उनकी 54 रन की साझेदारी का अंत हुआ। उन्होंने 30 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और दो छक्के मारे। बडोनी ने फर्ग्युसन पर छक्के के साथ 13वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। डेविड मिलर (19) ने भी मैक्सवेल पर लगातार दो चौकों के साथ तेवर दिखाए लेकिन यानसेन की गेंद पर विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह को कैच दे बैठे। अब्दुल समद (27) ने आते ही चहल पर छक्का जड़ा और फिर अर्शदीप की लगातार गेंदों पर छक्के और दो चौकों के साथ 18वें ओवर में टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया। अर्शदीप ने अंतिम ओवर में बडोनी और समद दोनों को आउट किया। बडोनी ने 33 गेंद का सामना करते हुए एक चौका और तीन छक्के मारे।

### 2022 से 2025 तक खेल काफी बदल गया है, मैं इसका आदी हो रहा हूं : प्रसिद्ध कृष्णा

बेंगलुरू। चोटों के कारण 2022 से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से दूर रहने के लिए मजबूर होने के बाद गुजरात टाइटन्स (जीटी) के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा धीरे धीरे खेल की गति के अभ्यस्त हो रहे हैं। जीटी के साथ अनुबंध के जरिए लीग में लौटे प्रसिद्ध ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 41 रन लुटाए जो तीन साल बाद टूर्नामेंट में उनका पहला मैच था। हालांकि, कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट का स्पैल डाला। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर प्रसिद्ध ने कहा, जितना मैं खुद को यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि यह सिर्फ एक और टूर्नामेंट है, सिर्फ एक और मैच है, उतना ही मुझे लग रहा है कि मैं कुछ साल के बाद आ रहा हूं।

विशेषकर पिछले दो साल में मैंने बहुत अधिक टी20 मैच नहीं खेले हैं और 2022 से 2025 तक खेल की गति बदल गई है। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि यह थोड़ा समय लेने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा इसमें कुछ समय लगेगा। खेल आगे बढ़ता रहता है और आपको खेल के अनुसार बने रहना होता है। शारीरिक रूप से मेरे लिए बहुत कुछ नहीं बदला है क्योंकि शुक्र है कि मैं अब कुछ क्रिकेट खेल रहा हूं और शरीर मुझे खेलने दे रहा है जो मैं करना चाहता हूं।

## वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला टीम की दिग्गज खिलाड़ी वंदना कटारिया ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कह दिया और कहा कि अपने 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर के शिखर पर वह विदा ले रही हैं। भारत के लिये 320 मैच खेल चुकी 32 वर्ष की स्ट्राइकर कटारिया ने भारतीय महिला हॉकी के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच खेले हैं। उनके नाम 158 गोल भी दर्ज हैं। उन्होंने कहा आज भारी लेकिन कृतज्ञ मन से मैं अंतरराष्ट्रीय हॉकी से विदा ले रही हूं। यह फैसला सशक्त करने वाला और दुखी करने वाला दोनों है। मैं इसलिए नहीं हट रही हूँ क्योंकि मेरे अंदर की आग मंद पड़ गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने कैरियर के शिखर पर संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।

उन्होंने कहा यह विदाई थकान की वजह से नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक विकल्प है, मेरा सिर उंचा रहेगा और मेरी स्टिक अभी भी आग उगल रही होगी। भीड़ की गर्जना, हर गोल का रोमांच और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में गूंजता रहेगा। 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसमें उन्होंने हैट्रिक भी लगाई। ऐसा करने वाली वह पहली और इकलौती भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा तोक्यो के बारे में सोचकर अभी भी मेरे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। वह ओलंपिक खास था और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच मेरे कैरियर का सबसे जज्बाती मैच था। वह हैट्रिक खास थी और उससे भी महत्वपूर्ण यह था कि हमने साबित किया था कि हम वहां तक पहुंच सकते हैं। कटारिया ने कहा अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया। मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपनी सूझबूझ और मुझ पर भरोसे के सहारे मेरे कैरियर को तराशा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कटारिया के बारे में कहा वह गोल ही नहीं करती थी बल्कि भारतीय आक्रमण की धड़कन थी। अथक परिश्रम करने वाली और मोर्चे से अगुवाई करने वाली। उन्होंने कहा उसकी मौजूदगी ने भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति को धार दी , खासकर भारी दबाव वाले मैचों में। वैश्विक स्तर पर भारतीय टीम की कामयाबी में उसका अहम योगदान रहा। उसने भावी पीढी के लिये नये मानदंड कायम किये हैं।

### अर्जुन मैनी नये डीटीएम सत्र में फोर्ड की टीम के लिए रेसिंग करेंगे

माईपाथ (जर्मनी)। भारतीय ड्राइवर अर्जुन मैनी जर्मन टूरिंग कार रेसिंग सीरीज में अपने पांचवें साल में एचआरटी फोर्ड परफॉर्मेंस टीम के लिए रेसिंग करेंगे।

पिछले साल मैनी ने ड्राइवरों की तालिका में सातवां स्थान हासिल किया था जो डीटीएम (ड्यूश टूरेनवेगन मास्टर्स) करियर का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा था।

पिछले तीन सत्र (2021 से 2023 तक) में बेंगलुरु का यह 27 वर्षीय ड्राइवर क्रमशः 12वें, 19वें और 20वें स्थान पर रहा था। नए डीटीएम सत्र के लिए परीक्षण का आधिकारिक दिन बुधवार को मोटरस्पोर्ट एरिना ओशर्सलेबेन में होगा।

हॉप्ट रेसिंग टीम (एचआरटी) इस साल पहली बार शीर्ष श्रेणी की स्प्रिंट श्रृंखला में दो फोर्ड मुस्टैंग जीटी थ्री में प्रवेश करेगी।

शुरूआती रेस 25-27 अप्रैल को निर्धारित है। मैनी 2022 से विभिन्न रेसिंग श्रृंखला में एचआरटी के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और पिछले सत्र में टीम के साथ डीटीएम में तीन पोडियम स्थान और एक पोल स्थान हासिल किया था।

इस भारतीय ड्राइवर ने अब तक प्रतिष्ठित स्प्रिंट सीरीज में कुल 64 बार शिरकत की है।

## मुक्केबाजी कप में भारत की निराशाजनक शुरूआत



नयी दिल्ली। पहले विश्व मुक्केबाजी कप में भारत के अभियान की शुरूआत निराशाजनक रही जब लक्ष्य चाहर 80 किलोवर्ग के पहले मुकाबले में मेजबान ब्राजील के वांडरले परेरा से हार गए। मौजूदा राष्ट्रीय लाइट हैवीवेट चैम्पियन चाहर को प्री क्वार्टर फाइनल में पेरिस ओलंपियन और विश्व चैम्पियनशिप 2023 रजत पदक विजेता परेरा ने सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में 5 . 0 से हराया। चाहर के लिये यह कठिन मुकाबला था और एक को छोड़कर सभी निर्णायकों ने ब्राजील के मुक्केबाज को 30 अंक दिये। उन्होंने 150 में से 149 अंक बनाये जबकि चाहर के 135 अंक रहे। भारत के जादूमणि सिंह एम (50 किलो), निखिल दुबे (75 किलो) और जुगनू (85 किलो) दूसरे दिन चुनौती पेश करेंगे। जादूमणि का सामना पिछले साल विश्व मुक्केबाजी कप के उपविजेता ब्रिटेन के एलिस ट्राउब्रिज से होगा। निखिल की टक्कर ब्राजील के काउ बेलिनी से होगी जबकि जुगनू फ्रांस के अब्दुलाये टी से खेलेंगे। विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित यह पहला टूर्नामेंट है। विश्व मुक्केबाजी को फरवरी में ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से मान्यता मिली है। पेरिस ओलंपिक के बाद भारत के एलीट मुक्केबाज भी पहली बार प्रतियोगिता में उतरे हैं। इसमें पहली बार के विश्व मुक्केबाजी द्वारा शुरू किये गए नये भारवर्गों में खेलेंगे।

### सप्तक और थंगराज अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप में शीर्ष पर

ग्रेटर नोएडा। श्रीलंका के एन थंगराजा और अपने घरेलू कोर्स पर खेल रहे स्थानीय खिलाड़ी सप्तक तलवार ने मंगलवार को यहां अदानी आमंत्रण गोल्फ चैंपियनशिप के शुरुआती दौर के बाद पांच अंडर 67 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। डेढ़ करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामें में महू के ओम प्रकाश चौहान, दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई और बांग्लादेश के मोहम्मद सोमरत सिकदर जेपी ग्रीन्स गोल्फ एंड स्पा रिसॉर्ट में चार अंडर 68 के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर है। मौजूदा सत्र के दोनों विजेता युवराज संधू और शौर्य भट्टाचार्य 70 के स्कोर के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। सप्तक एक बोगी के मुकाबले एक ईगल और चार बर्डी लगाने में सफल रहे, जबकि थंगराज ने बोगी रहित खेलते हुए पांच बर्डी जड़े।

## अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत सुधार करना चाहता हूं : अर्शदीप

एजेंसी

लखनऊ । बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय रचनात्मक आत्म-आलेचना को देते हुए कहा कि वह हर मैच में अपने प्रदर्शन में एक से डेढ़ प्रतिशत का सुधार करने की कोशिश करते हैं। आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ के तौर पर तेजी से उभर रहे इस 26 साल के गेंदबाज ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ साई सुदर्शन और शेरफेन रदरफोर्ड के महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर टीम को पहले मैच में 11 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

पिछले कुछ वर्षों में अपनी गेंदबाजी की विकास के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने जियोहॉटस्टार से कहा मेरा प्रदर्शन अच्छा हो या खराब मेरे लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं हर मैच में अपने खेल में एक से डेढ़ प्रतिशत तक का सुधार करूं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया में सबसे बड़ी गुंजाइश सुधार की है। श्रेयस अय्यर इस सत्र में पंजाब किंग्स की कमान संभाल रहे है और अर्शदीप को उम्मीद है कि टीम इस सत्र में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने में सफल होगी। श्रेयस के साथ अपने रिश्ते और नये कप्तान के दृष्टिकोण के बारे में पूछे जाने पर अर्शदीप ने कहा, मैंने दलीप ट्रॉफी में पहले भी अय्यर की कप्तानी में खेला है। मैंने इसका वास्तव में इसका लुत्फ उठाया है। उन्होंने हमेशा अपने खिलाड़ियों का समर्थन किया और उन्हें अपने मुताबिक खेलने की छूट दी है। उन्होंने कहा उनका दृष्टिकोण ऐसा ही रहता है।

वह खिलाड़ी को सख्त निर्देश देने की जगह अपने कौशल पर भरोसा करने और टीम के लिए खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अर्शदीप ने कहा वह निस्वार्थ दृष्टिकोण के साथ खिलाड़ियों को पूरा समर्थन देते हैं। मैं वास्तव में इस मानसिकता की प्रशंसा करता हूं और खिलाड़ियों के तौर पर लगातार दो आईपीएल खिताब जीतने में हम उनकी पूरी मदद करेंगे। अर्शदीप ने अब तक आईपीएल में 66 मैचों में 78 विकेट लिए हैं और भारत के लिए 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 99 विकेट ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब हालात कठिन होते हैं तो वह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा जब टीम दबाव में होती है तब मैं रन लेकर या विकेट चटकाकर अपने खेल के स्तर को उंचा करने की कोशिश करता हूं। जब महत्वपूर्ण क्षणों में मुझे गेंद दी जाती हैं तो यह जानकर अच्छा लगता है कि वे मुझ पर भरोसा करते हैं। मैं अतिरिक्त जिम्मेदारी का लुत्फ उठाता हूं।

## जीत की हैट्रिक लगाने टाइटंस के खिलाफ उतरेगी आरसीबी

एजेंसी



बेंगलुरू। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की है।

चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच हालांकि बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है। छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है लेकिन रॉयल चैलेंजर्स का मानना है कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड ने इस आईपीएल में छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर ने प्रति ओवर सिर्फ 6.6 की औसत से रन दिये। गुजरात टाइटंस के पास काफी सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान शुभमन गिल और बी साइ सुदर्शन अच्छी सलामी जोड़ी बना चुके हैं। आरसीबी की कोशिश होगी कि उन्हें अच्छी शुरूआत नहीं करने दे। नयी गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के फन में माहिर हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं। बायें हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल भी उपयोगी साबित हुए हैं। स्पिन विभाग में कृणाल पंड्या और सुयांश शर्मा कमजोर लग रहे हैं जबकि गुजरात के पास राशिद खान और आर साइ किशोर जैसे खतरनाक स्पिनर हैं। ऐसे में विराट कोहली, फिल साल्ट, कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पड्डिकल की असल परीक्षा स्पिनरों के सामने होगी। गुजरात के पास कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज जैसे तेज गेंदबाज हैं। आरसीबी के लिये खेलने वाले सिराज को नीलामी में गुजरात ने खरीदा था। कोहली और साल्ट पिछले दो मैचों में 95 और 45 रन की साझेदारी कर चुके हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दोनों और खतरनाक हो सकते हैं। रबाडा अब तक 14 पारियों में से चार बार कोहली को आउट कर चुके हैं। इ साला कप नमदे का नारा लगाने वाले आरसीबी के प्रशंसकों को हालांकि उम्मीद होगी कि पिछले 18 साल का इंतजार खत्म करने के लिये उनकी टीम जीत की लय कायम रखे।

समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

**अश्वनी की गेंद लोग जितना समझते है उससे काफी तेज आती है: रिकेलटन**

मुंबई। मुंबई इंडियंस के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रियान रिकेलटन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पदार्पण मैच में चार विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने टीम के साथी अश्वनी कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी गेंद लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज गति से आती है। पंजाब के वामहस्त तेज गेंदबाज ने सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ तीन ओवर में 24 रन पर चार विकेट लेकर स्वप्निल पदार्पण किया।

उनकी शानदार गेंदबाजी से मुंबई ने केकेआर को 16.2 ओवर में 116 रन पर आउट करने के बाद आठ विकेट से आसान जीत दर्ज की। सत्र की पहली जीत के साथ ही मुंबई की टीम तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी। रिकेल्टन ने वानखेड़े स्टेडियम में मैच के बाद मीडिया से कहा, उसकी गेंदबाजी लोग जितना समझते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं। यह उनकी एक बड़ी खूबी है। वह नयी गेंद को स्विंग करने में सक्षम है। दक्षिण अफ्रीका के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, आप जितना सोचते हैं, उससे कहीं ज्यादा तेज हैं और उसकी गेंद थोड़ी नीचे भी रहती है। वह निश्चित रूप से इस टीम में बेहतरीन खिलाड़ी हैं और यहां की पिच उसके अनुकूल है। रिकेल्टन ने कहा मैं उसे नयी गेंद से गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं ताकि वह अपने अन्य कौशल दिखा सके। वह मुंबई इंडियंस के लिए एक अच्छी खोज हैं और मैं वास्तव में यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि वह कैसा प्रदर्शन करता है। केकेआर के रमनदीप सिंह ने भी अश्वनी को प्रतिभाशाली क्रिकेटर करार दिया। पंजाब के रमनदीप और अश्विनी एक ही अकादमी में प्रशिक्षण लेते हैं।

# नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की संख्या छह रह गई

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण अपनाकर और सर्वांगीण विकास के जरिए सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है जो नक्सलमुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार नक्सलवाद के प्रति निर्मम दृष्टिकोण अपनाकर और सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास करके सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है।

शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, नक्सलमुक्त भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए आज हमारे देश ने वामपंथी उग्रवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों की संख्या को 12 से घटाकर मात्र छह करके एक नयी उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिले वे हैं जहां नक्सली गतिविधियां एवं हिंसा अब भी जारी है। एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों को सबसे अधिक प्रभावित जिले के रूप में उप-वर्गीकृत किया गया है। यह 2015 में लायी गई शब्दावली है। इसके अलावा एक उप वर्ग डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न (ऐसे जिले हैं जहां



चिंता) है। यह उप श्रेणी 2021 में बनायी गई थी। पिछली समीक्षा के अनुसार सर्वाधिक प्रभावित जिले 12 थे। गृह मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि देश में नक्सलवाद से प्रभावित जिलों की कुल संख्या 38 है। इनमें से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटकर छह रह गई है। इसके अलावा डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न की संख्या नौ थी जो घटकर छह रह गई है। वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित अन्य जिलों की संख्या 17 थी और यह भी घटकर छह रह गयी है। नक्सलवाद से सर्वाधिक प्रभावित जिलों में छत्तीसगढ़ के चार (बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा), झारखंड का एक (पश्चिमी सिंहभूम) और महाराष्ट्र का भी एक जिला (गढ़चिरौली) शामिल है।

इसी प्रकार, कुल 38 प्रभावित जिलों में से डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न की संख्या नौ से घटकर छह रह गई है। बयान के अनुसार, ये छह जिले हैं- आंध्र प्रदेश (अल्लूरी सीताराम राजू), मध्य प्रदेश (बालाघाट), ओडिशा (कालाहांडी, कंधमाल और मल्कानगिरी) और तेलंगाना (भद्राद्रि-कोठागुडेम)। इसमें कहा गया कि नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाई के कारण वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित अन्य जिलों की संख्या भी 17 से घटकर छह रह गई है जिनमें छत्तीसगढ़ (दंतेवाड़ा, गरियाबंद और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी), झारखंड (लातेहार), ओडिशा (नुआपाड़ा) और तेलंगाना (मुलुगु) शामिल हैं। सर्वाधिक प्रभावित जिलों एवं डिस्ट्रिक्ट ऑफ कन्सर्न जिलों को भारत सरकार की एक विशेष योजना विशेष केन्द्रीय सहायता के तहत सार्वजनिक बुनियादी ढांचों में व्याप्त अंतर को भरने के लिए क्रमश: 30 करोड़ एवं 10 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है और इसके अलावा इन जिलों के लिए आवश्यकतानुसार विशेष परियोजनाओं का भी प्रावधान है। बयान में कहा गया कि पिछले एक साल में वामपंथ उग्रवाद परिदृश्य में तीव्र गति से हुए उल्लेखनीय सुधार का प्रमुख कारण उग्रवाद प्रभावित कोर क्षेत्रों में नए सुरक्षा शिविरों की स्थापना एवं विकासोन्मुखी कार्य करना है।

# सुविधा स्टोर को 24 घंटे खुले रहने से नहीं रोकता कानून : अदालत



मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चौबीस घंटे खुली रहने वाली किराना दुकानें ग्राहकों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के लिए भी फायदेमंद हैं और कानून के तहत उन पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अदालत ने पुणे पुलिस को निर्देश दिया कि वह किसी दुकान को रात 11 बजे तक बंद करने के लिए बाध्य न करे। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की खंडपीठ ने कहा कि 24 घंटे एवं सातों दिन सुविधा स्टोर की अवधारणा दुनिया भर में लोकप्रिय है। फैसले में कहा गया इससे उपभोक्ताओं को खरीदारी करने में सुविधा, आसानी और लचीलापन मिलेगा, विशेषकर उन लोगों को जिनके काम के घंटे असामान्य होते हैं।

अदालत ने कहा ऐसा माना जाता है कि इससे उपभोक्ता खर्च में वृद्धि के साथ-साथ अतिरिक्त रोजगार के अवसर पैदा होने से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जो हमारे जैसे बड़े देश के लिए महत्वपूर्ण है, जहां बेरोजगारी एक बड़ी चुनौती है। पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि इन लाभों को स्वीकार करते हुए तथा वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रगति हासिल करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा ऐसे स्टोर के संचालन के समय पर कोई पाबंदी नहीं लगा ई गई है। यह आदेश एक्सेलरेट प्रोडक्ट्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर याचिका पर आया, जो पुणे के हडपसर क्षेत्र में द न्यू शॉप चलाती है। याचिका में दावा किया गया कि स्थानीय पुलिस अवैधानिक और मनमाने तरीके से कंपनी को रात 11 बजे तक दुकान बंद करने के लिए कह रही है, जबकि ऐसा कोई कानून नहीं है कि कोई सुविधा स्टोर रात में संचालित नहीं हो सकता। न्यायाधीशों ने कहा कि महाराष्ट्र दुकान एवं प्रतिष्ठान (सेवा विनियमन एवं सेवा शर्तें) अधिनियम के तहत सुविधा स्टोर के 24 घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालित होने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि ये प्रतिबंध केवल हुक्का बार, परमिट रूम, डांस बार औराया शराब परोसने वाले रेस्तरां जैसे प्रतिष्ठानों के लिए हैं।

संक्षेप

## नोएडा में पुलिस मुठभेड़ शातिर बदमाश गिरफ्तार

नोएडा (उप्र)। नोएडा में सोमवार देर रात को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन, नकदी, देसी तमंचा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि 31 मार्च की देर रात को सेक्टर 24 थाने की पुलिस सेक्टर 11 के टी-पॉइंट के पास अवरोधक लगाकर जांच कर रही थी, तभी उन्हें बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। अधिकारी ने बताया कि शक होने पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह भागने लगा और जब पुलिस ने उसका पीछा किया तो उसने बचने के लिए पुलिस पर गोली चलाई। जवाबी कार्वाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। उन्होंने बताया कि पुलिस की गोली लगने से बदमाश घायल हो गया है। शुक्ला ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी 36 वर्षीय सोहन सिंह उर्फ सोनू पुत्र अवतार सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि बदमाश के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चोरी की एक मोटरसाइकिल, एक देसी तमंचा, कारतूस, विभिन्न जगहों से लूटे हुए पांच मोबाइल फोन तथा 8,500 रुपये नकद बरामद किए हैं।

# भाजपा भटकाने के लिए बदल रही जगहों का नाम : हरीश रावत

देहरादून। उत्तराखंड में एक दर्जन से अधिक स्थानों का नाम बदलने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के फैसले का मजाक उड़ाते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश सरकार अपनी विफलताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए यह नाटक कर रही है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं जबकि भाजपा आठ वर्ष से अधिक समय से सत्ता में है लेकिन उनके पास बताने के लिए आठ उपलब्धियां भी नहीं हैं। रावत ने कहा यह अवधि विफलताओं से भरी हुई है। स्थानों के नाम बदलना अब भाजपा का एकमात्र एजेंडा बन गया है। यह सरकार की विफलताओं से लोगों का ध्यान हटाने के लिए किया गया नाटक है। वहीं दूसरी ओर भारती जनता पार्टी (भाजपा) ने इस निर्णय को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि इससे न केवल लोगों को भारतीय संस्कृति और उसे संरक्षित करने में अपना योगदान देने वाले महापुरूषों से प्रेरणा लेने में मदद मिलेगी बल्कि वे विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए अत्याचारों से भी अवगत होंगे।

# वित्त मंत्री ने पूंजीगत व्यय में कटौती से किया इनकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। पूंजीगत व्यय में कटौती किए जाने के विपक्ष के दावे को खारिज करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि इसमें कोई कमी नहीं की गई है, बल्कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह बढ़कर 11.21 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रही थीं। उन्होंने ने कहा कि 2024-25 में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्री ने कहा वास्तव में, इस वर्ष बजट में यह बढ़कर 11.21 लाख करोड़ रुपये हो



गया है। इसलिए, पूंजीगत व्यय में कोई कटौती नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज मुक्त विशेष सहायता योजना के तहत राज्यों को दिए जाने वाले ज्ण में भी आनुपातिक वृद्धि हुई है। सीतारमण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम के एक सवाल का जवाब दे रही थीं।

चिदंबरम ने सवाल किया था कि वित्त वर्ष 2025 के लिए संशोधित बजट अनुमान में पूंजीगत व्यय को 11.11 लाख करोड़ रुपये से घटाकर 10,18,429 करोड़ रुपये कर दिया गया। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि पूंजीगत व्यय के लिए राज्यों को ब्याज मुक्त 50-वर्षीय विशेष सहायता की योजना 2020-21 में शुरू होने के बाद से राज्यों को जारी ज्ण में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि 2020-21 के लिए राज्यों को 9,912 करोड़ रुपये की विशेष सहायता मंजूर की गई थी, लेकिन वास्तविक आवंटन 11,830 करोड़ रुपये था।

# मलेशिया में गैस पाइप फटने से लगी भीषण आग में 100 से अधिक झुलसे, 49 मकान क्षतिग्रस्त

एजेंसी



कुआलालंपुर। मलेशिया में कुआलालंपुर के बाहरी इलाके में गैस पाइपलाइन फटने से मंगलवार को लगी भीषण आग में 100 से अधिक लोग घायल हो गए और कई मकानों में भारी नुकसान हुआ। कुआलालंपुर के बाहर पुत्रा हाइट्स में एक गैस स्टेशन के पास लगी आग की लपटें कई किलोमीटर ऊपर तक दिखाई दे रही थीं और कई घंटों तक धधकती रही।

यह घटना सार्वजनिक अवकाश के दिन हुई क्योंकि मलेशिया में बहुसंख्यक मुस्लिम ईद के दूसरे दिन जश्न मनाते हैं। राष्ट्रीय तेल कंपनी पेट्रोनास ने एक बयान में कहा कि उसकी एक गैस पाइपलाइन में सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर आग लगी और प्रभावित पाइपलाइन को बाद में बाकी लाइनों से काट दिया गया।

आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने कहा कि वाल्व बंद करने से आग बुझ जाएगी। मध्य सेलंगोर राज्य के अग्निशमन विभाग ने स्टार अखबार को बताया कि 20 मंजिल जितनी ऊंची लपटों वाली आग पर अपराह्न पौने तीन बजे काबू पा लिया गया। बरनामा न्यूज एजेंसी ने सेलंगोर के डिप्टी पुलिस चीफ मोहम्मद जैनी अबू हसन के हवाले से बताया कि कम से कम 49 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 112 लोग घायल हुए हैं जिनमें से 63 को झुलसने और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि अन्य चोटिल हैं।

सेलंगोर के मुख्यमंत्री अमीरुद्दीन शारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग ने सुरक्षा उपाय के तौर पर आस-पास के मकानों से निवासियों को तुरंत बाहर निकाल लिया। उन्होंने कहा कि स्थिति के नियंत्रण में आने तक उन्हें अस्थायी रूप से पास की एक मस्जिद में रखा जाएगा। आग लगने की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं।

# शाह के दौरे का आतंकवाद रोधी अभियान से कोई संबंध नहीं

एजेंसी

श्रीनगर। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जम्मू-कश्मीर दौरे का कठुआ में आतंकवाद रोधी अभियान से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके कार्यक्रम को अभियान चलाए जाने से पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया था।

शेर-ए-कश्मीर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एसकेआईसीसी) में महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा शुरू करने के बाद मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, कठुआ (अभियान) से केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे को न जोड़ें। कठुआ मुठभेड़ से पहले ही उनका



कार्यक्रम तय हो गया था। यह संयोग है कि उनका दौरा कठुआ में अभियान के समय हो रहा है। सूत्रों ने सोमवार को बताया था कि शाह केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति और आतंकवाद निरोधक अभियानों की समीक्षा के लिए सात-आठ अप्रैल को जम्मू-कश्मीर का दौरा कर सकते हैं। अब्दुल्ला ने कहा कि गृह मंत्री का दौरा केवल सुरक्षा एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा, सुरक्षा (स्थिति) की समीक्षा की जाएगी, लेकिन उन्होंने (शाह) जम्मू में एक सार्वजनिक बैठक की भी योजना बनाई है। फिर, श्रीनगर में वह (शाह) विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। सुरक्षा बलों के साथ सोमवार देर रात एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद भाग निकले तीन आतंकवादियों को पकड़ने के लिए जम्मू के कठुआ जिले में खोजबीन अभियान जारी है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी), सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का संयुक्त अभियान मंगलवार को 10वें दिन भी जारी रहा।

# आइसलैंड में ज्वालामुखी में विस्फोट शुरू, शहर व स्पा को खाली कराया गया

एजेंसी

लंदन। दक्षिण-पश्चिम आइसलैंड में ज्वालामुखी में विस्फोट शुरू हो गया है और लावा निकलने लगा है।

देश के मौसम विभाग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह घोषणा उस समय की गई जब अधिकारियों ने आज दिन में ही पास के एक कस्बे और ब्लू लैगून स्पा को खाली करा लिया था।

राष्ट्रीय प्रसारक आरयूवी ने बताया कि ग्रिंडविक शहर के निकट ज्वालामुखी से लावा बहना शुरू हो गया है, जहां लगभग 40 घरों को खाली कराया गया है।

रेक्जेनेस प्रायद्वीप को करीब एक वर्ष पहले बड़े पैमाने पर खाली करा लिया गया था, जब ज्वालामुखी सक्रिय हो गया था।

यह ज्वालामुखी पिछले आठ सौ साल से निष्क्रिय था। आइसलैंड के मौसम विभाग ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े छह बजे ज्वालामुखी से लावे का बहाव शुरू हो गया। इसके साथ ही वहां भूकंपीय तूफान भी आया।

इंटरटेनमेंट...

# 'एल 2' एम्पुरान को बैन करने की मांग खारिज



मुंबई। मलयालम एक्टर मोहन लाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'एल2 एम्पुरान' विवादों में घिर गई है। केरल हाईकोर्ट में बीजेपी नेता वीवी विजेश ने एक रिट याचिका दायर कर फिल्म को बैन करने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए इसे पब्लिसिटी स्टंट बताया। वीवी विजेश बीजेपी त्रिशूर जिला समिति के सदस्य हैं। उन्होंने फिल्म में गोधरा कांड के बाद हुए सांप्रदायिक दंगों के दिखाने आपत्ति जताई थी। याचिका में कहा कि इससे सांप्रदायिक हिंसा भड़कने का खतरा है। फिल्म ने 5 दिन के अंदर 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। बता दें कि 27 मार्च को फिल्म के रिलीज हुई थी। उसी दिन संघ परिवार ने सोशल मीडिया पर फिल्म की कड़ी आलोचना की थी। इसके बाद मोहनलाल ने फेसबुक पोस्ट के जरिए खेद जताया और कहा कि आपत्तिजनक हिस्से हटा दिए जाएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स ने फिल्म को फिर से एडिट किया है। हालांकि बीजेपी नेता वीवी विजेश ने मोहनलाल के बयान को जनता को फिल्म देखने के लिए मजबूर करने का एक मार्केटिंग एजेंडा करार दिया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म में रक्षा मंत्रालय के बारे में ऐसी टिप्पणियां की गई हैं, जो इसकी विश्वसनीयता और अखंडता को नुकसान पहुंचाएंगी।

# 'आशिकी 3' की शूटिंग का वीडियो वायरल



मुंबई। कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म 'आशिकी 3' की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में गंगटोक, सिक्किम से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें फिल्म की शूटिंग की झलक देखी जा सकती है। इस वीडियो में दो सीन नजर आ रहे हैं - एक फाइट सीन और दूसरा स्टेज पर फॉर्मेंस। वीडियो के पहले हिस्से में कार्तिक एक फाइट सीन की शूटिंग करते दिख रहे हैं।

सिक्किम की वादियों में हो रही इस शूटिंग को लेकर दर्शकों में दिलचस्पी बढ़ गई है। वहीं, वीडियो के दूसरे हिस्से में स्टेज परफॉर्मेंस की शूटिंग हो रही है। 'आशिकी' सीरीज अपनी म्यूजिक के लिए जानी जाती है, इसलिए इस सीन को लेकर भी चर्चा हो रही है। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और संगीत प्रीतम का है। फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आएंगी, जो इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। इस बीच, कार्तिक और श्रीलीला को लेकर अफवाहें भी सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि दोनों के बीच दोस्ती बढ़ रही है, और कुछ रिपोर्ट्स में तो यह तक दावा किया गया कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले पर अब तक कार्तिक या श्रीलीला की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं।

## कुणाल कामरा को अग्रिम जमानत मिली

मुंबई। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा मंगलवार को मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है। इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। कामरा के दावे पर जस्टिस सुंदर मोहन ने उन्हें वनूर कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। जहां से कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिली गई। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। ट्रांजिट अग्रिम जमानत किसी आरोपी को उसके वर्तमान अधिकार क्षेत्र में गिरफ्तारी से बचाती है यानी अंतरिम सुरक्षा देती है। चाहे उसके खिलाफ ऋकफ उसके गृह राज्य के बाहर दर्ज की गई हो।

# 'हेरा फेरी 3' को लेकर डायरेक्टर प्रियदर्शन ने दिया अपडेट

मुंबई। फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हर किसी के मन में सवाल है कि आखिर यह फिल्म कब आएगी। इसी बीच अब डायरेक्टर प्रियदर्शन ने एक बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि साल 2026 में हेरा फेरी 3 की स्क्रिप्ट पर काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह कोई चुनौती से कम नहीं होगा।

ईटीबी भारत से बातचीत में प्रियदर्शन ने कहा, 'मैं अगले साल हेरा फेरी 3 पर काम शुरू करूंगा। इस फिल्म के तीसरे पार्ट को बनाना बहुत मुश्किल होगा, क्योंकि लोगों को इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि दर्शकों को रुलाना या डराना आसान है, लेकिन लोगों को हंसाना उतना ही, बल्कि कहीं ज्यादा मुश्किल



है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि समय के साथ हंसी का तरीका बदलता है और लोगों की पसंद भी बदलती रहती है। इसलिए हमें इसके हिसाब से ढलना जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि फिल्म के किरदार भी बढ़ गए हैं, तो सबसे बड़ा टास्क यह है कि उनकी कहानी को इस तरह से दिखाया जाए ताकि वह असलियत लगे। प्रियदर्शन ने कहा कि हेरा-फेरी 3 में कुछ घटनाएं बढ़ा-चढ़ा कर दिखाई जाएंगी, लेकिन दर्शकों को उन्हें देखकर ऐसा लगेगा कि यह भी हो सकता है। फिलहाल, जब मैं स्क्रिप्ट पर काम करूंगा, तभी यह क्लियर हो पाएगा कि क्या करना है। हालांकि, इस पर काम करना ही बहुत बड़ी चुनौती है। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा कि मोहनलाल के बाद अक्षय कुमार ही ऐसे अभिनेता हैं, जिनके साथ उन्होंने सबसे ज्यादा काम किया है। डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अपने जन्मदिन पर फिल्म हेरा फेरी 3 का ऐलान किया था।

अपने एक पोस्ट में उन्होंने परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी को टैग किया था। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई भी ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है। फिल्म हेरा फेरी 3 में तब्बू भी नजर आ सकती हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि उनके बिना तो कास्ट अधूरी है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com